■ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित
www.navbihartime.com
■ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

वर्ष : 35, अंक : 324
पृष्ठ : 12
औरंगाबाद, सोमवार
28 अप्रैल 2025
मूल्य : 3.00 रुपये
रजि. नंबर : 52290/90

**देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं**

**1941:** द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान जर्मनी की सेना ने एथेंस में प्रवेश किया।
**1960:** नेशनल डिफेंस कॉलेज की नई दिल्ली में स्थापना।
**1961:** सिएरा लियोन ने ब्रिटेन से स्वाधीनता की घोषणा की।
**1967:** अमेरिका ने नेवादा परीक्षण स्थल पर परमाणु परीक्षण किया।
**1989:** बांग्लादेश में आये तूफान से 500 लोगों की मौत।


**शेर हमेशा पीछे होकर छलांग लगाता है, वैसे ही जिंदगी भी हमें पीछे करती है ताकि हम और आगे बढ़ सकें।**

## पहलगाम पीड़ितों को मिलेगा न्याय : मोदी

### हमले के बाद देश का खून खौल रहा, साजिश करने वालों को दिया जाएगा कठोर जवाब

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** पहलगाम हमले से देश के लोगों का खून खौल रहा है। पीड़ित परिजनों को न्याय जरूर मिलेगा। यह बात पीएम नरेंद्र मोदी ने रविवार को रेडियो शो 'मन की बात' के 121वें एपिसोड की शुरुआत पहलगाम में मारे गए लोगों को याद करते हुए कही। उन्होंने कहा कि इस आतंकी हमले के बाद पूरा देश एक स्वर में बोल रहा है। पूरे विश्व ने संवेदना प्रकट की है। श्री मोदी ने कहा कि कश्मीर में शांति लौट रही थी, स्कूल-कॉलेज अच्छे से चल रहे थे, निर्माण कार्यों में अभूतपूर्व गति आई थी, लोकतंत्र मजबूत हो रहा था, पर्यटकों की संख्या में रिकॉर्ड बढ़ोतरी हो रही थी, लोगों की कमाई बढ़ रही थी, युवाओं के लिए नए अवसर तैयार हो रहे थे, लेकिन जम्मू-कश्मीर के दुश्मनों को ये रास नहीं आया। पीएम ने पीड़ित परिवारों को न्याय का भरोसा दिया। कहा कि इस हमले के दोषियों और साजिश रचने वालों को कठोर जवाब दिया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने भारत के ग्लोबल स्पेस पावर बनने की भी बात की। कहा कि हमने एक साथ 104 सैटेलाइट्स लॉन्च करके रिकॉर्ड बनाया है। हम चंद्रमा के साउथ पोल पर पहुंचने वाले पहले देश बने हैं। श्री मोदी ने भारत के युवाओं की प्रतिभा की बात करते हुए कहा कि भारत के युवाओं ने भारत के प्रति दुनिया का नजरिया बदल दिया है। भारत का युवा, साइंस और इनोवेशन की ओर बढ़ रहा है। ऐसे इलाके, जिनकी पहचान पहले पिछड़ेपन और दूसरे कारणों से होती थी, वहां भी युवाओं ने ऐसे उदाहरण प्रस्तुत किये हैं, जो हमें, नया विश्वास देते हैं। एक पेड़ मां के नाम अभियान पर बोलते हुए श्री मोदी ने कहा कि 5 जून को 'विश्व पर्यावरण दिवस' पर इस अभियान के एक साल पूरे हो रहे हैं। इस अभियान के तहत देश-भर में मां के नाम पर 140 करोड़ से ज्यादा पेड़ लगाए गए हैं। उन्होंने लोगों से इस अभियान का हिस्सा बनने की बात कही। चंपारण सत्याग्रह पर श्री मोदी ने कहा कि यह बापू का भारत में पहला बड़ा प्रयोग था। बापू के सत्याग्रह से पूरी अंग्रेज हुकूमत हिल गई थी। उन्होंने इस सत्याग्रह में अहम भूमिका निभाने वाले डॉ राजेन्द्र प्रसाद को भी याद किया। श्री मोदी ने युवाओं को डॉ राजेन्द्र प्रसाद की किताब 'सत्याग्रह इन चंपारण' पढ़ने की सलाह दी। दांडी यात्रा और जलियांवाला बाग नरसंहार की भी बात की।




## स्वच्छता सर्वेक्षण समाप्त रिजल्ट जून माह में

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** स्वच्छता सर्वे-2024 की परीक्षा समाप्त हो गई। केन्द्रीय टीम दो दिनों पहले वापस चली गई। अब रिजल्ट की बारी है। जून में अपने शहर पटना का रिजल्ट आएगा। नगर निगम ने चकाचक पटना के स्लोगन के साथ स्वच्छता सर्वे के सभी मापदंडों पर खुद को साबित करने की दावेदारी पेश कर चुका है। अब देश भर के 10 लाख से अधिक की आबादी वाले 47 शहरों के बीच पटना की लड़ाई है। हालांकि, निगम इस बार शीर्ष 20 शहरों में स्थान बनाने का दावा किया है, क्योंकि वर्ष स्वच्छता सर्वे-2023 में पटना का 25वां रैंक था। पटना की रैंकिंग में बढ़ोतरी के साथ 5 स्टार रेटिंग का दर्ज़ा प्राप्त करनेके लिए भी नगर निगम इस बार दावा किया है। जल प्रबंधन के तहत वाटर प्लस के लिए भी आवेदन दिया है। कागजी दावेदारी के बाद केन्द्रीय टीम अलग-अलग समय पर पटना आकर स्वच्छता सर्वे से जुड़े मापदंडों पर जमीनी धरातल पर पड़ताल की। राजधानी के लोगों से भी नगर निगम की ओर से किए जा रहे दावों के बारे में जानकारी ली। हालांकि, इस बार पटना स्वच्छता फीडबैक रैंकिंग में देश भर में चौथा स्थान बनाने में सफल रहा, जो पहली बार हुआ था। पिछले वर्ष पटना नगर निगम को कचरा मुक्त शहर के लिए एक स्टार सिटी में पहला राष्ट्रीय पुरस्कार मिल चुका है। स्वच्छता सर्वे में देश भर के शहरों को पांच श्रेणियों में बांटा गया है। पटना शहर 10 लाख से अधिक की आबादी वाले शहरों की श्रेणी में शामिल है। कुल 47 शहरों में देश की शहरी आबादी का 35 फीसदी लोग रहते हैं। स्वच्छता सर्वे-2024 की परीक्षा का अंक 10000 है। इस बार तीन प्रमुख क्षेत्र पर ज्यादा अंक है, जिसमें स्वच्छ दिखता हुआ शहर के लिए 1500 अंक, ठोस कचरा प्रबंधन के लिए 1500 और स्वच्छता में भागीदारी के लिए 1500 अंक है।

**संक्षिप्त समाचार**

### मॉर्निंग वॉक पर निकले दंपति की मौत

**खगड़िया(नबिटा ब्यूरो)।** चौथम थाना क्षेत्र में एनएच-107 पर डुमरी पुल और सोनवर्षा घाट के बीच रविवार सुबह दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार ट्रक ने दंपति को टक्कर मार दी। इसमें दंपति की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान सोनवर्षा घाट निवासी रामोतार मुनि और उनकी पत्नी सरोजनी देवी के रूप में हुई है। हादसे के बाद पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### साले ने की जीजा की हत्या

**मधुबनी(नबिटा ब्यूरो)।** बेनीपट्टी थाना क्षेत्र के विशनपुर गांव के धोबीघाट पुल के पास रविवार सुबह एक युवक का खून से लथपथ शव मिला है। मृतक की पहचान साहरघाट थाना क्षेत्र के त्रिमुहान गांव निवासी नुधो यादव के रूप में हुई है। पुलिस को मौके से मृतक की बाइक, घड़ी और मोबाइल बरामद हुआ है। मृतक के परिजनों ने बताया कि नुधो जयपुर में काम करता था और हाल ही में गांव लौटा था। उसकी शादी सीतामढ़ी जिला के चोरौत थाना क्षेत्र के बलसा गांव में हुई थी।

### ससुर ने बहू को काट डाला

**पूर्णिया(नबिटा ब्यूरो)।** भवानीपुर प्रखंड क्षेत्र के सुरैती पंचायत के भिठ्ठा गांव में ससुर ने अपनी बहू की दबिया से काटकर निर्मम हत्या कर दी। मृत महिला मनोज साह की 45 वर्षीय पत्नी कृष्णा देवी थी। वो रविवार को अपने खेत में मक्का छील रही थी। इसी दौरान उसके ससुर जगन्नाथ साह पीछे से आकर उसके सिर पर तेज धारदार दबिया से लगातार प्रहार कर उसकी हत्या कर दी। बहू की हत्या करने के बाद जगन्नाथ साह मौके से भाग निकला।

## चालू वित्तीय वर्ष में एक लाख से अधिक नए विद्यार्थियों को ऋण देने का लक्ष्य

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** राज्य में स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के क्रियान्वयन की गति और तेज होगी। साथ ही, हर जिले में इस योजना की निगरानी जिलाधिकारी के स्तर से करायी जाएगी। आवेदकों को योजना के तहत शिक्षा ऋण मिलने में अनावश्यक विलंब नहीं हो, इसके लिए शिक्षा विभाग की ओर से सभी जिलों को दिशा-निर्देश दिया गया है। इस चालू वित्तीय वर्ष में सरकार ने एक लाख पांच हजार 456 विद्यार्थियों को स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना का लाभ देने का लक्ष्य रखा है। इसके लिए शिक्षा विभाग ने बजट में 1023 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। इस योजना के अंतर्गत 12वीं कक्षा उत्तीर्ण छात्र या छात्रा को चार प्रतिशत ब्याज दर पर चार लाख रुपये तक शिक्षा ऋण उपलब्ध कराया जाता है जबकि महिला, ट्रांसजेंडर और दिव्यांग के लिए ब्याज की दर एक प्रतिशत तय है। शिक्षा विभाग के एक उच्च पदस्थ अधिकारी ने बताया कि राज्य सरकार ने सात निश्चय कार्यक्रम के तहत उच्च शिक्षा में जरूरतमंद विद्यार्थियों को शिक्षा ऋण के क्रियान्वयन में तेजी लाने का निर्देश दिया है।अभी तक 3 लाख 69 हजार 162 विद्यार्थियों के लिए 10,920 करोड़ रुपये की ऋण स्वीकृति दी जा चुकी है। पिछले वित्तीय वर्ष-2024-25 में इस योजना में 85 हजार विद्यार्थियों को लाभ दिया जा चुका है। इस बार एक लाख पांच हजार 456 विद्यार्थियों को योजना का लाभ देने का प्रस्ताव है। शिक्षा विभाग का कहना है कि उच्च शिक्षा पाने के इच्छुक छात्र-छात्राओं के भविष्य को संवारने के लिए स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना बेहतर विकल्प साबित हो रही है। इस योजना से शिक्षा ऋण लेकर छात्र हो या छात्रा मनचाहा पाठ्यक्रम में पढ़ाई कर सकते हैं। इसके जरिए आइआइटी और बीएड की पढ़ाई भी कर रहे हैं।

## सड़क हादसे में चार लोगों की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**भभुआ।** कैमूर जिले के भभुआ-मोहनिया मार्ग पर परसिया गांव के पास स्कॉर्पियो और बाइक की टक्कर में चार लोगों की मौत हो गई। वहीं एक की हालत गंभीर है। बताया जा रहा है कि चारों युवक एक ही बाइक पर सवार होकर भभुआ से अपने गांव की ओर लौट रहे थे। इसी दौरान मोहनिया की ओर से आ रही तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने इनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। इधर, हादसे के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायल हुए दोनों युवकों को अस्पताल में भर्ती करवाया लेकिन इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गयी। मृतकों की पहचान भभुआ थाना क्षेत्र के बारे गांव निवासी मंटू पटेल के पुत्र आदर्श पटेल, पप्पू तिवारी के पुत्र आदित्य तिवारी और जितेंद्र यादव के पुत्र भोलू यादव एवं प्रभु गोंड के पुत्र विकास गोंड के रूप में हुई है। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि चारों युवक एक ही बाइक पर सवार होकर लौट रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार स्कॉर्पियो की चपेट में आ गए। हादसे के बाद स्कॉर्पियो चालक गाड़ी लेकर फरार हो गया। पुलिस से अपील की कि वह इस मामले को गंभीरता से ले और चालक की गिरफ्तारी करे। इधर, घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में मातम पसरा हुआ है। लोगों का कहना है कि एक ही पल में चार लोगों की जिंदगी छिन गई।

## ससुराल में युवक ने की खुदकुशी

**भागलपुर(नबिटा ब्यूरो)।** नारायणपुर थाना क्षेत्र के मधुरापुर गांव में एक युवक ने ससुराल में जहर खाकर खुदकुशी कर ली। पत्नी के अफ़ेयर के चलते काफी दिनों से वह परेशान था। साली की शादी में शामिल होने के लिए ससुराल पहुंचा था। मृतक मुकेश पोद्दार(35) बांका के राजनगर गांव के रहने वाले थे। बेंगलुरु में बिजली वायरिंग का काम करता था। 10 साल पहले शादी हुई थी। मुकेश की पत्नी का अफ़ेयर मायके में एक युवक से चल रहा था। गुरुवार को बिना किसी को बताए प्रेमी के साथ कहीं चली गई थी। इस बात से मुकेश सदमे में था। ग्रामीणों के मुताबिक शादी से पहले भी महिला 2 बार प्रेमी के साथ भाग चुकी है। शादी के बाद भी प्रेमी से बात करती थी। पहले भी मुकेश ने ट्रेन से कटकर जाने देने की कोशिश की थी। मृतक के भाई ने थाने में लिखित शिकायत दी है। आवेदन में दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## सोन नदी में नहाने गए पांच बच्चे डूबे, दो की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम।** नौहट्टा थाना क्षेत्र के बांदू गांव के पास शनिवार शाम सोन नदी की तेज धार में नहाने के दौरान पांच बच्चे डूब गए। ग्रामीणों ने डूबते बच्चों में से दो को किसी तरह बचाकर निकाला। तीन बच्चों में दो केशव मिल गये हैं। एक अब भी लापता है। उसकी खोज जारी है। बचाये गए बच्चों की पहचान दिव्या कुमारी और मोहित कुमार के रूप में हुई है। वहीं मृत बच्चों की पहचान मनीषा कुमारी पिता अरविंद कहार (कुसुआ जपला पलामू) एवं रुचि कुमारी पिता मोहन चंद्रवंशी के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही सैकड़ों ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। बताया जा रहा है कि सभी बच्चे नरेश कहार के गृह प्रवेश समारोह में शामिल होने आए थे। 25 अप्रैल को कार्यक्रम समाप्त होने के बाद शनिवार शाम बच्चे सोन नदी में नहाने चले गए थे। नहाने के दौरान अचानक पैर फिसलने से वे नदी की तेज धार में बह गए। शोर सुनकर ग्रामीण पहुंचे और किसी तरह दो बच्चों को बचाया। घटना की सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष चंद्रशेखर शर्मा, अवर निरीक्षक रामनरेश सिंह समेत पुलिस बल ने डेरा डाल दिया है। सीओ हिंदुजा भारती भी घटनास्थल पर कैंप कर रही हैं। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### गंगा में डूबने से पिता व दो बेटों की मौत

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के बाढ़ स्थित धोबिया घाट पर पिता और दो बेटों की गंगा नदी में डूबने से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि पिता अपने दोनों बेटों के साथ नहाने गए थे। इस दौरान दोनों को तैरना सीखा रहे थे। इस दौरान एनटीपीसी कर्मी राजा पांडेय (38), उनके दो बेटे अम्बर (09) और युवराज (07) डूब गए। तीनों का शव बरामद कर लिया गया है। वहीं, दानापुर में रविवार को गंगा नदी में बालू लदी नाव डूब गई। नाव पर सात लोग सवार थे, जिनमें 5 लोगों ने तैरकर अपनी जान बचा ली। हालांकि, दो लोग अब भी लापता है, जिनकी तलाश की जा रही है। लापता व्यक्ति कासिमचक निवासी राजा साव और हरसामचक निवासी भोला राय है।

## लू लगने से मौत

**गया(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के नक्सल प्रभावित डुमरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चपरासी के पद पर कार्यरत विनोद मांझी की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि स्वास्थ्य केंद्र के किसी स्टाफ ने ही गला दबाकर उनकी हत्या की है। मृतक के गले पर दबाव के निशान भी पाए गए हैं। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। शव का गया मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल में पोस्टमॉर्टम कराया जा रहा है। डुमरिया स्वास्थ्य क्रेंद के प्रबंधक विजय ठाकुर का कहना है कि विनोद की मौत लू लगने से हुई है। मृतक विनोद मांझी डेल्हा थाना क्षेत्र के डेल्हा मोहल्ले के निवासी थे। मामले की सूचना पर भवानीपुर थानाध्यक्ष महेश कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि आवेदन के आधार पर छानबीन की जा रही है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

## अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट में जल्द तब्दील होगा दरभंगा हवाई अड्डा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**दरभंगा।** दरभंगा एयरपोर्ट को इंटरनेशनल हवाई अड्डे का दर्ज़ा देने के लिए तेजी से काम शुरू कर दिया है। दरअसल रनवे के विस्तार के लिए एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया द्वारा मांगी गई 90 एकड़ भूमि के अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसके तहत राज्य सरकार द्वारा स्वीकृत 245 करोड़ रुपये की राशि जिला प्रशासन दरभंगा को हस्तांतरित कर दी गई है। राज्यसभा सांसद और जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने इस संबंध में अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर जानकारी साझा की है, जिसमें उन्होंने लिखा कि बिहार सरकार द्वारा पूरी प्रतिबद्धता के साथ दरभंगा एयरपोर्ट को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपग्रेड करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। बिहार के मुख्य सचिव ने विभागीय सचिव को कल फिर पत्र लिख कर यह जानकारी दी है। साथ ही दरभंगा एयरपोर्ट को अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के रूप में अपग्रेड करने की प्रक्रिया तेज करने का अनुरोध किया है। पत्र में स्पष्ट किया गया है कि इस प्रक्रिया में बिहार सरकार हर जरूरी सहयोग के लिए प्रतिबद्ध है। इससे पहले सितंबर 2024 में भी दरभंगा एयरपोर्ट को अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट बनाने के लिए केंद्र को पत्र लिखा गया था। पत्र में आगे लिखा कि हमें विश्वास है कि दरभंगा एयरपोर्ट को अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट बनने पर उत्तर बिहार में व्यापार और पर्यटन बढ़ेगा। बड़े पैमाने पर रोजगार के नये अवसर पैदा होंगे और विकास को नई गति मिलेगी। डीएम राजीव रौशन ने बताया कि राज्य सरकार से प्राप्त निर्देश के तहत भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है।

## 16 बुलेटप्रूफ गाड़ियों की जल्द खरीद करेगी बिहार सरकार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** एके 47 की गोलियां हों या रॉकेट लॉन्चर, बिहार सीएम की नई कार का कोई कुछ नहीं बिगाड़ पाएगा। सीएम नीतीश कुमार और राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान के काफिले में नई बुलेटप्रूफ गाड़ी शामिल होगी। इसके लिए सरकार के बजट जारी कर दिया है। एक गाड़ी की कीमत एक करोड़ रुपए होगी। हालांकि, कौन सी गाड़ी खरीदी जाएगी, यह अभी तय नहीं हुआ है। बताया जा रहा है कि ऐसी गाड़ी खरीदी जाएगी, जिस पर एके-47 की गोलियां और धमाके भी बेअसर हो जाएंगे। गैस अटैक भी फ़ेल हो जाएगा। राज्य परिवहन विभाग 16 बुलेटप्रूफ गाड़ियों की खरीदारी जल्द करेगा। बुलेटप्रूफ गाड़ियों की सवारी सिर्फ सीएम तक सीमित नहीं है। इसका इस्तेमाल राज्यपाल, उप मुख्यमंत्री और पुलिस विभाग भी करेगा। सरकार कुछ गाड़ियों को रिजर्व भी रखेगी। मुख्यमंत्री और राज्यपाल को दो-दो नई बुलेटप्रूफ गाड़ी दी जाएगी। नई गाड़ी आने के बाद पुराने वाले का मेंटेनेंस होगा। डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा को भी नई गाड़ियां दी जाएगी। फिलहाल, बिहार सरकार के पास 6 बुलेट प्रूफ गाड़ियां हैं। इनमें से दो पुरानी हो चुकी हैं। चार नई गाड़ियां हैं, जो चार साल पहले खरीदी गई थीं। नई बुलेट प्रूफ गाड़ियों का प्रयोग बिहार के वीवीआइपी अतिथि भी करेंगे। बिहार दौरे पर आए राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री भी इन गाड़ियों का इस्तेमाल करेंगे। एनएसजी सुरक्षा प्राप्त व्यक्तियों और नक्सलियों के निशाने पर रहने वालों को भी ये गाड़ियां दी जाएगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार राजधानी यानी पटना के अंदर हुंडई की आयोनिक 5 गाड़ी से चलते हैं। यह बुलेटप्रूफ नहीं है। इसकी कीमत करीब 50 लाख रुपए हैं। वहीं, पटना से बाहर जाने के दौरान वह टाटा सफारी गाड़ी का इस्तेमाल करते हैं, जो बुलेटप्रूफ है। सीएम सचिवालय सूत्र की मानें तो सीएम आवास के लिए 35 से ज्यादा गाड़ियां है। सूत्रों के अनुसार, बदलती परिस्थितियों में राज्य के वीवीआइपी के लिए गाड़ियां कम पड़ गई हैं। यही कारण हैं कि 16 नई बुलेटप्रूफ गाड़ी खरीदने का निर्णय लिया गया है। सरकार के प्रावधान के मुताबिक, हर मंत्री और विभागीय अध्यक्ष को दो-दो गाड़ियां दी गई है।

RAM DEI RAM CHANDRA MEMORIAL SHIKSHAN SANSTHAN
(A UNIT OF PADMAPANI SANSTHAN)
Recognised by NCTE- New Delhi
Affiliated by Patliputra University
Course- B.Ed
Admission- 2025-2026
Affiliated by Central Sanskrit University, New Delhi

Course
M.A (Hindu Studies)
Diploma Courses
Certificate Courses

Shiv Kumar. (Principal)
Email ID-rdrc2011@gmail.com
Contact No.-7564901702, 9508483405, 8292926444

# मुख्यमंत्री ने 'खेलो इंडिया यूथ गेम्स की तैयारियों का किया निरीक्षण, अधिकारियों को दिये दिशा-निर्देश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पाटलिपुत्र खेल परिसर जाकर वहां चल रही 'खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 की तैयारियों का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस दौरान उन्होंने सेंट्रल कंट्रोल एण्ड कमांड सेंटर, कॉफ्रेंस हॉल, स्टेडियम, इंडोर स्टेडियम सहित अन्य भागों का जायजा लिया। साथ ही उद्घाटन समारोह में होनेवाले कार्यक्रम के लिए खिलाड़ियों और कलाकारों द्वारा किए जा रहे अभ्यास का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने 4 मई को उद्घाटन समारोह में प्रदर्शित की जानेवाली विश्व की सबसे बड़ी मधुबनी पेंटिंग के निर्माण का भी अवलोकन किया। विश्व की सबसे बड़ी बनायी गयी मधुबनी पेंटिंग के लिये गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड का सर्टिफिकेट मुख्यमंत्री को सौंपा गया। मिथिला चित्रकला संस्थान, सौराठ, मधुबनी के 50 कलाकारों ने लगातार 50 घंटे तक काम कर इस पेंटिंग को तैयार किया है। विश्व की सबसे बड़ी मधुबनी पेंटिंग तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभानेवाली पद्मश्री बाऊआ देवी को मुख्यमंत्री ने सम्मानित किया। साथ ही 375 बाल लामाओं द्वारा सिंगिंग बॉल के साथ प्रदर्शन का गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड का सर्टिफिकेट भी मुख्यमंत्री को सौंपा गया। ज्ञातव्य है कि बिहार में पहली बार खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 का आयोजन 4 मई 15 मई तक हो रहा है। इसका उद्घाटन 4 मई को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी करेंगे। खेलो इंडिया यूथ गेम्स में 28 खेलों के लिये 28 राज्यों और 8 केंद्र शासित प्रदेशों से 8500 खिलाड़ी तथा 1500 प्रशिक्षक और तकनीकी अधिकारी शामिल हो रहे हैं। बिहार के पांच शहरों पटना, गया, राजगीर, भागलपुर, बेगूसराय में इस खेल का आयोजन होगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक सह मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवीन्द्रण शंकरण सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।



# भारत के मास्टरस्ट्रोक से बिलबिला रहा पाकिस्तान : मंगल पाण्डेय

## कश्मीर को फिर से तबाह करने के लिए रची गई थी हमले की साजिश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** स्वास्थ्य व विधि मंत्री मंगल पाण्डेय ने कहा है कि आतंकियों को पालने-पोषने व संरक्षण देने में माहिर आंतकवाद का सरगना पाकिस्तान अब जमींदोज होने के कगार पर है। भारत में पहलगाम जैसी आतंकी घटना को अंजाम देने वाले पाकिस्तान की अब खैर नहीं। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कूटनीति के आगे पड़ोसी मुल्क घुटने टेकने लगा है। पीएम मोदी ने बिहार की धरती से खुला ऐलान कर दिया है कि आतंकी और आतंकियों के सरपरस्तों की बची हुई जमीं भी अब छीनने वाली है। उसी क्रम में भारत के द्वारा सिंधु जल संधि रद्द करने की घोषणा से ही पाकिस्तान हुक्मरा बिलबिलाने लगा है। श्री पाण्डेय ने कहा कि भारत ने जैसे ही जल संधि स्थगित किया है। पाकिस्तान के कमोबेश सारे नेता हकलाने लगे हैं। असल में ऐसे ही निर्णय कुशल राजनीति का हिस्सा होता है। अब पाकिस्तानी मीडिया भारत द्वारा झेलम में ज्यादा पानी छोड़े जाने की भ्रामक खबर भी फैला रहा है। इस वजह से पाकिस्तान में डर के कारण बाढ़ का अलर्ट जारी हो चुका है। बावजूद इसके पाकिस्तान का हलक अब भी सूख रहा है। श्री पांडेय ने आगे कहा कि दरअसल भारत के लोगों में जो आक्रोश है, वो आक्रोश पूरी दुनिया में है। पहलगाम की बैसरन घाटी में हुए आतंकी हमले के बाद भारत को लगातार दुनिया भर का समर्थन मिल रहा है। श्री पाण्डेय ने कहा है कि आतंकी और आतंक के आका चाहते हैं, कश्मीर फिर से तबाह हो जाए और इसलिए इतनी बड़ी साजिश को अंजाम दिया। आतंकवाद के खिलाफ इस निर्णायक लड़ाई में देश की एकता, 140 करोड़ भारतीयों की एकजुटता, भारत की सबसे बड़ी ताकत है। यही एकता, आतंकवाद के खिलाफ भारत की निर्णायक लड़ाई का आधार होगा।



# गंगा में बालू से लदी नाव डूबी, नाविक व मजदूर लापता

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**दानापुर।** नासरीगंज घाट के पास रविवार को दोपहर में गंगा नदी में उजला बालू से लदी एक नाव तेज आंधी के कारण डूब गई। नाव डूबने से एक नाविक व एक मजदूर लापता हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन की टीम एसडीआरएफ टीम पहुंच कर राहत व बचाव कार्य शुरू कर दिया गया। एसडीआरएफ टीम पहुंच कर लापता मजदूर का शव को खोजबीन में जुट गई। नाव डूबने से लापता नाविक और मजदूर के परिजनों घाट पर पहुंचे और रोते बिलखते परिजनों में चित्कार माहौल गमगीन हो गया। लापता नाविक की पहचान कासीमचक पंचायत के कासीमचक निवासी काशी साव के 30 वर्षीय पुत्र राजा साव और मजदूर हरशामचक निवासी स्व. श्रीनाथ राय के 28 वर्षीय पुत्र भोला राय के रूप में किया गया है जबकि चंदन समेत पांच मजदूरों ने गंगा में तैर कर अपनी जान बचाई। जानकारी के अनुसार फक्कर महतो घाट पर कोल इंडिया लिमिटेड द्वारा फक्कर महतो घाट पर सौंदर्यीकरण कार्य किया जा रहा है जिसको लेकर रविवार को दोपहर में पीपा पुल घाट से उजला बालू लाद कर नाव से गंगा नदी से फक्कर महतो घाट पर लाया जा रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि नाव तेज हवा की चपेट में आने से गंगा नदी के बीच धारा में असंतुलित होकर पलट गई। देखते ही देखते बालू लदे नाव गंगा नदी में डूब गई। नाव पर सवार नाविक समेत सात लोग सवार थे। नाव डूबने से नाविक राजा साव और मजदूर भोला राय गंगा नदी में डूबने से लापता हो गया और पांच मजदूर गंगा नदी में तैर कर अपनी जान बचाई जिसमें चंदन कुमार गुड्डू कुमार समेत पांच मजदूर गंगा नदी में तैर कर निकल गया। नाव पर सवार सभी कासीमचक पंचायत के रहने वाले हैं। घटना की सूचना मिलने के बाद एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीमें मौके पर पहुंचकर तलाशी अभियान में जुट गई है। फिलहाल एसडीआरएफ टीम ने दो बोट के जरिए लापता मजदूरों की खोजबीन जारी है। प्रशासन ने बचाव कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। पंचायत के सरपंच अनिल कुमार ने बताया कि पीपा पुल घाट से उजला बालू लेकर फक्कर महतो घाट पर घाट पर लाया जा रहा था।

# पिछड़ा समाज और युवा कांग्रेस में देख रहे हैं अपना भविष्य : राजेश राम

## सूबे के विश्वकर्मा समाज के अध्यक्ष रवीन्द्र शर्मा सहित युवा नेता शशांत शेखर ने थामा कांग्रेस का हाथ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार प्रदेश कांग्रेस के मुख्यालय सदाकत आश्रम में आज सूबे के विश्वकर्मा समाज बढ़ई परिवार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रवीन्द्र शर्मा, सचिव सुधीर शर्मा सहित विभिन्न जिलों के पदाधिकारियों एवं आईपैक में कार्यरत रहे आईआईटियन युवा नेता शशांत शेखर ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम से कांग्रेस पार्टी की सदस्यता अपने हजारों समर्थकों के साथ ग्रहण की। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने सभी नेताओं को सदस्यता दिलाने के बाद कहा कि कांग्रेस पार्टी के प्रति पिछड़े समाज और युवाओं में नई चेतना आई है और पार्टी के प्रति आकर्षण बढ़ा है। पार्टी के नीतियों और कार्यक्रमों से वंचित शोषित पिछड़ा समाज के साथ युवाओं में भी कांग्रेस से जुड़ने में तेजी आई है। उन्होंने कहा कि विश्वकर्मा समाज बढ़ई परिवार के नेता रविन्द्र शर्मा के आगमन से पार्टी की ओर से उनके समाज के हक की आवाज और तेजी से उठाने में मदद मिलेगी। साथ ही शशान्त शेखर ने जिस तरीके से सैकड़ों युवाओं के साथ कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी और राहुल गांधी सहित प्रदेश कांग्रेस के प्रति समर्पण दिखाया है वो बेहद सार्थक संदेश देने का काम करेगी। सदस्यता ग्रहण करने के बाद रविन्द्र शर्मा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ही एकमात्र ऐसा दल है जिसने पिछड़े समाज को बल दिया है। आजादी के बाद से ही कांग्रेस ने पिछड़े समाज को राजनीति और समाज के मुख्यधारा में लाने का काम किया है और वर्तमान दौर में राहुल गांधी के लगातार पिछड़े वर्ग के लिए संघर्ष से प्रभावित होकर और प्रदेश नेतृत्व में राजेश राम के काम से प्रभावित होकर मैंने अपने पूरे समाज के नेताओं के साथ कांग्रेस पार्टी के प्रति आस्था व्यक्त की है। आईपैक में रहे युवा नेता शशांत शेखर ने सदस्यता ग्रहण करने के उपरांत कहा कि युवा आज कांग्रेस पार्टी की ओर आशा भरी निगाहों से देख रहे हैं क्योंकि भाजपा के शासन काल में युवाओं से वोट लेकर उनको ठगने का काम किया गया जबकि राहुल गांधी ने लगातार युवाओं के हक में संघर्ष किया। सदस्यता ग्रहण करने वालों में प्रमुख रूप से विश्वकर्मा समाज बढ़ई परिवार बिहार संगठन के अध्यक्ष रविन्द्र शर्मा, सचिव सुधीर शर्मा, डा. बी. के. शर्मा, नीरज शर्मा, सुनैना शर्मा, चंदन शर्मा सहित और युवा नेता शशांत शेखर अपने हजारों समर्थकों के साथ शामिल हुए। मिलन समारोह में कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता मोतीलाल शर्मा, राजेश राठौड़, मनजीत आनंद साहू, अजय चौधरी, शशि रंजन, बैद्यनाथ शर्मा, शिशिर कौंडिल्य, निधि पांडेय, राजीव मेहता, सत्येंद्र कुमार सिंह, शरीफ रंगरेज, मो. शाहनवाज सहित अन्य नेता मौजूद रहे।



# कायस्थ एकजुटता समय की मांग : राजीव रंजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जमुई/पटना।** जमुई में ग्लोबल कायस्थ कांफ्रेंस द्वारा आयोजित कायस्थ महाकुंभ का उद्घाटन करते हुए जीकेसी के ग्लोबल अध्यक्ष एवं जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने कहा कि कायस्थ एकजुटता आज समय की मांग है। उन्होंने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस, लोकनायक जयप्रकाश नारायण, डॉ राजेंद्र प्रसाद, स्व. लालबहादुर शास्त्री, स्वामी विवेकानंद, महर्षि अरविंदो, महाराजा ललितादित्य, महाराजा प्रतापादित्य, कृष्णदेव राय, पुलकेशिन द्वितीय, मुंशी प्रेमचंद, महादेवी वर्मा, बालासाहेब ठाकरे आदि जैसी महान विभूतियों की संतानें अस्तित्व संकट के दौर से जूझ रही हैं। प्रशासन, पत्रकारिता, बार जैसे परम्परागत क्षेत्रों में भी चुनौतियां खड़ी हैं। राजनीतिक तौर पर तो सबसे ज्यादा मुश्किलें बढ़ रही हैं। कभी देश की अगुवाई करने वाली जाति आज हाशिये पर है। श्री प्रसाद ने कहा कि आज भी राज्य के 35 से ज्यादा निर्वाचन क्षेत्रों में कायस्थ समाज की भूमिका निर्णायक हो सकती है, लेकिन इसके लिए एकजुटता एवं वोट ट्रांसफर की क्षमता बेहद आवश्यक है। उन्होंने कहा कि बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज एवं पॉलिटेक्निक एवं अन्य तकनीकी संस्थानों का जाल बिछाया गया है। इसका लाभ कायस्थ समाज के छात्रों को उठाना चाहिए वहीं नौकरी एवं रोजगार के पचास लाख अवसर प्रदान किए जा रहे हैं और स्टार्टअप, उद्यमी योजना एवं आर्थिक दृष्टि से पिछड़े कायस्थों को अन्य जातियों के साथ ही छोटे उद्योगों के लिए दो लाख रुपये का प्रोत्साहन दिया जा रहा है। समाज को इन फैसलों का लाभ लेने के लिए सक्रिय होना चाहिए और आवश्यकता के अनुसार जीकेसी से निःशुल्क परामर्श भी लेना चाहिए। इस अवसर पर संबोधित करने वाले पदाधिकारियों में प्रमुख थे प्रबंध न्यासी श्रीमती रागिनी रंजन, प्रदेश अध्यक्ष दीपक अभिषेक, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ नम्रता आनंद, दीप श्रेष्ठ, राहुल मणि, नीलेश रंजन, मुकेश महान, बलिराम श्रीवास्तव, रवि शंकर प्रसाद सिन्हा, अरविंद कुमार सिन्हा, डॉ सरोज कुमार सिन्हा, भाष्कर, मनोरंजन कुमार सिन्हा, आतोष कुमार सिन्हा आदि। सभा की अध्यक्षता राकेश मणि एवं संचालन जिला अध्यक्ष प्रवीण कुमार सिन्हा ने किया। मौके पर गौतम कुमार सिन्हा, संजीव कुमार, अभिषेक कुमार, भूपेंद्र कुमार, डॉ मनोज कुमार सिन्हा, सत्येंद्र सिन्हा, डॉ अमित रंजन, डॉ मनीषा रंजन, विवेक कुमार, नेहा मणि आदि उपस्थित थे।






# कांग्रेस आज बाबा साहेब के नाम पर घड़ियाली आंसू बहा रही : डा.दिलीप जायसवाल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर के सम्मान में पटना के मिलर हाई स्कूल मैदान में रविवार को बिहार रविदास विकास संघ परिवार की ओर से 'दलित महापंचायत' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डॉ. अंबेडकर के सम्मान में आयोजित इस समारोह में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने बाबा साहेब की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पितकर उन्हें नमन किया। इस महापंचायत का डॉ. दिलीप जायसवाल ने दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन किया और उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया। इस मौके पर केंद्रीय कानून एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय, कार्यक्रम के संयोजक डॉ. संजय कुमार दास, लाल बाबू प्रसाद सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे। डॉ. दिलीप जायसवाल ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि एनडीए सरकार दलित समुदाय के उत्थान के लिए लगातार काम कर रही है। उन्होंने जोर देकर कहा कि कांग्रेस ने 65 साल तक इस देश में शासन किया, लेकिन उसने गरीब को गरीब ही बनाकर रखा। गरीब को आगे बढ़ाने का प्रयास नहीं किया। गरीबी हटाओ के नारे के साथ कांग्रेस सत्ता तक पहुंचती रही, लेकिन कभी भी उनकी प्राथमिकता गरीब नहीं रहे। गरीब को गरीब बनाकर रखना ही कांग्रेस की फितरत रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने इस देश को गुमराह करने का काम किया। इतिहास के पन्नों में दर्ज है कि जिस बाबा साहेब ने संविधान के निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाई जिन्होंने गरीबों को आगे बढ़ाने का काम किया, उन बाबा साहेब को कांग्रेस ने कभी सम्मान नहीं किया। कांग्रेस ने बाबा साहेब को बराबर अपमानित करने का काम किया, जिसे देश नहीं भूला है। डॉ. जायसवाल ने कहा कि इतिहास बताता है कि जब बाबा साहेब का निधन हुआ तब भी उनके अंतिम संस्कार के लिए दिल्ली में दो गज जमीन उपलब्ध नहीं कराई गई, यही नहीं शव को ले जाने के लिए उनकी पत्नी से भाड़ा वसूल किया गया।



# हमारी सरकार बनी तो ताड़ी शराबबंदी कानून से अलग होगी : तेजस्वी यादव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने रविवार को कहा कि विधानसभा चुनाव के बाद हमारी सरकार बनी तो ताड़ी को शराबबंदी कानून से अलग किया जाएगा। ताड़ी व्यवसाय पर चल रहे मुकदमों को वापस लिया जाएगा और इसे उद्योग का दर्जा दिया जाएगा। तेजस्वी यादव पटना के श्रीकृष्ण स्मारक भवन सभागार में आयोजित ताड़ी व्यवसायी महाजुटान कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार में रहने के दौरान कई बार लालू प्रसाद और मैंने शराबबंदी कानून से ताड़ी के व्यवसाय को अलग करने की बात की थी, लेकिन मुख्यमंत्री के जिद के कारण यह संभव नहीं हो सका, लेकिन अब हमारी सरकार बनी तो ताड़ी को शराबबंदी कानून से अलग कर दिया जाएगा। तेजस्वी ने कहा कि उद्योग का दर्जा मिलने से इस व्यवसाय में लगे लोगों की आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा। कार्यक्रम में राजद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उदय नारायण चौधरी ने तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री बनाने की अपील की। इस मौके पर राजद के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुल बारी सिद्दीकी, सांसद संजय यादव, पूर्व सांसद भूदेव चौधरी, पूर्व विधायक प्रेमा चौधरी, राजा चौधरी सहित अन्य नेता मौजूद थे।

# आंखों के इलाज के अलावा सामाजिक कार्यों में भूमिका निभाता है नेत्रालय : संजय सरावगी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** मानव शरीर के लिए सबसे बहुमूल्य अंग होता है आंख और इसके बिना जिंदगी अधूरी मानी जाती है क्योंकि आंख ही हमें सुख दुख की सच्ची अनुभूति कराता है। यह कहना है प्रदेश के राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री संजय सरावगी का। संजय सरावगी रविवार को राजधानी के बहादुरपुर स्थित बालाजी नेत्रालय में नए मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर का शुभारंभ कर रहे थे। उन्होंने कहा नेत्रालय आंख के उपचार के साथ-साथ सामाजिक कार्य में भी अपनी भूमिका निभाता है। पहले 50 के ऊपर के लोगों को आंख में समस्या आती थी अब नई तकनीक की वजह से लोगों की आंखें कमजोर होती जा रही है। उन्होंने कहा बिहार एक ऐसा राज्य है जहां सभी राशन कार्ड धारी को आयुष्मान कार्ड के तहत 5 लाख तक का निःशुल्क इलाज करवाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अब प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाएं इतनी बेहतर हो रही है कि यहां नये मेडिकल कॉलेज खोले जा रहे हैं। बड़े-बड़े अस्पतालों की यहां शाखाएं खुल रही है जिसके चलते अब लग रहा है कि आने वाले समय में बिहार से कोई भी मरीज को इलाज के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। इस मौके पर अस्पताल के संस्थापक एवं निदेशक डॉ शशि मोहन ने कहा कि यह अस्पताल लोगों की सेवा के प्रति प्रतिबद्ध है और यहां हर चौथे रविवार को निशुल्क चिकित्सा के साथ-साथ मरीजों के लिए दवाई चश्मे को भंडारे के भी सुविधा उपलब्ध है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि जहां भी कोई भी व्यक्ति नजर आए जिसके पास पैसा नहीं भी हो उसे बालाजी नेत्रालय लाइन हम उनका फ्री में आंख का इलाज करेंगे।




# रोटरी क्लब ऑफ पटना मिलेनियम ने किया भगवत भंडारा का आयोजन



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हाजीपुर।** रोटरी क्लब ऑफ पटना मिलेनियम द्वारा श्रीमद भगवतगीता फाउंडेशन के सौजन्य से हाजीपुर के सदर अस्पताल परिसर में भगवत भंडारा का आयोजन किया गया। इस भंडारे में मरीजों, परिजनों एवं जरूरतमंद लोगों के बीच खिचड़ी प्रसाद का वितरण हुआ। इस भंडारा में सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। रोटरी क्लब ऑफ पटना मिलेनियम की अध्यक्ष सोनल जैन ने कहा कि इस भंडारे का आयोजन हर सप्ताह किया जाता है ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग इसका लाभ उठा सकें। मौके पर रोटरी क्लब ऑफ मिलेनियम के असिस्टेंट गवर्नर आशीष बंका, पूर्व अध्यक्ष चिंतन जैन, सचिव डॉ. अमिताभ बंका, कोषाध्यक्ष सीए अभिषेक लोहिया, निशांत गांधी, दीपक सराफ, अनुराधा सराफ सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# श्री जीण माता सेवा समिति ने किया भजन संध्या का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** श्री जीण माता सेवा समिति द्वारा आज श्री जीण माता मंगलपाठ एवं भजन संध्या का आयोजन दिन में दो बजे से बैंक रोड स्थित अग्रसेन भवन में किया गया। इस आयोजन में सैकड़ों की संख्या में राजस्थानी महिलाओं एवं पुरुषों ने भाग लिया। मौके पर अध्यक्ष श्रवण गोयनका ने बताया कि जीण माता मंगलपाठ का पटना में यह पांचवां वार्षिकोत्सव हो रहा है। मौके पर समिति के सह सचिव सुभाष चौधरी ने बताया कि जीण माता देवी रुप में प्रकट नहीं हुई थी, बल्कि मनुष्य से देवी रुप में परिवर्तित हुई थी। इनकी चमत्कारी शक्ति ऐसी है कि इन्हें शक्तिपीठ की तरह पूजनीय माना जाता है। जीण माता का प्रसिद्ध मंदिर सीकर जिले में रेवासा से लगभग 10 कि.मी. दूर है। मौके पर जीण माता मंगलपाठ में 701 महिलाओं ने राजस्थानी वेश-भूषा पाठ किया। महिलाओं ने जीण माता फूलों एवं गजरा से श्रृंगार किया तथा जीण माता को चुनरी ओढ़ाई। मंगलपाठ के साथ ही मौके पर कोलकाता से पधारे प्रसिद्ध जीण माता भजन गायक केशव मधुकर ने अपने भजनों से सभी भक्तजनों को मंत्रमुग्ध कर दिया।



# बसपा के प्रदेश उपाध्यक्ष के नेतृत्व में कई लोगों ने थामा जदयू का दामन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की नीतियों तथा 'न्याय के साथ विकास' की सोच से प्रभावित होकर रविवार को जदयू के प्रदेश कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष सकलदेव दास के नेतृत्व में कई वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने जदयू का दामन थामा। जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने सभी नए साथियों को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण करवाई। कार्यक्रम के दौरान बिहार सरकार के मंत्री सुमित कुमार सिंह, पार्टी के प्रदेश महासचिव सह मुख्यालय प्रभारी चंदन कुमार सिंह, जमुई जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र महतो तथा मीडिया पैनलिस्ट महेश दास सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद थे। प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने मौके पर विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि जदयू परिवार में शामिल हुए सभी नए साथी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में 'न्याय के साथ विकास' की धारा को और सशक्त रूप से आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे और संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूती प्रदान करेंगे।

# इएनटी कैम्प में सौ से अधिक मरीजों ने जांच कराई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** राजेंद्रनगर रोड न. 7 स्थित मारवाड़ी हेल्थ सोसाइटी में निःशुल्क इएनटी कैम्प आयोजित हुआ। सोसाइटी के अध्यक्ष राधेश्याम बंसल ने बताया कि आज के इस इएनटी जांच शिविर में इएनटी विशेषज्ञ डा. वंदना शर्मा ने करीब सौ मरीजो को देखा। डॉ शर्मा ने बताया कि सबसे अधिक कान के मरीज आये। इसके बाद नाक से संबंधित बीमारी के मरीज आये। डॉ शर्मा ने बताया कि अत्यधिक पर्यावरण प्रदूषण के कारण नाक, कान के मरीजों की संख्या बढ़ रही है। मौके पर सचिव दिनेश अग्रवाल ने बताया कि इसके इएनटी के अतिरिक्त प्रसिद्ध पेट रोग विशेषज्ञ डॉ अमित बंका द्वारा भी करीब 50 से अधिक मरीजों को देखा गया। मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष हनुमान गोयल ने बताया कि सभी मरीजों को सोसाइटी की ओर से निःशुल्क दवा भी दी गई तथा पैथोलॉजी जांच भी की गई। मौके पर पूर्व अध्यक्ष रमेश गुप्ता ने बताया कि सोमवार 28 अप्रैल को सोसाईटी में निःशुल्क फाइब्रो स्कैन कैम्प आयोजित होगा। इसमें पेट रोग विशेषज्ञ डॉ अमित बंका द्वारा मरीजों के संपूर्ण लिवर का स्कैन कर बीमारी का पता लगाया जाएगा।




CMYK

# मंत्री डा. प्रेम कुमार मां मुंडेश्वरी महोत्सव में हुए शामिल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भभुआ।** बिहार भाजपा के वरीय नेता बिहार सरकार के सहकारिता मंत्री सह प्रभारी मंत्री डॉ प्रेम कुमार ने मां मुंडेश्वरी महोत्सव 2025 में शामिल हुए। मां मुंडेश्वरी एक प्राचीन देवी मंदिर है। इस मंदिर की कई विशेषताओं में से एक विशेषता यह है कि यहां बिना रक्त बहाये पशु बकरे की बलि चढ़ाई जाती है। पुजारी अक्षत, चावल को माता देवी से स्पर्श करा कर बकरा पर डालते ही बकरा बेहोश हो जाता है फिर अक्षत को वापस स्पर्श करा कर बकरे को होश में लाया जाता है। इस प्रकार की बलि प्रथा, बिना एक बूंद रक्त बहाये, बिना जीव की हत्या किए हुए विश्व में शायद ही कहीं मिलता है। यह माता की शक्ति का प्रभाव है कि इस तरह का चमत्कार मां मुंडेश्वरी में देखने को हमें मिलता है। विश्व इतिहास की बलि प्रथाओं में बिना रक्त बहाये, बिना हत्या के मां मुंडेश्वरी धाम में पौराणिक काल से चली आ रही प्रथा भक्तों को बड़बस अपनी ओर आकर्षित करती है। यह सनातन की शक्ति ही है कि बिना हिंसा के ही बलि से हमें अहिंसा की शिक्षा मिलती है।



कहते हैं कि यह मंदिर बहुत ही पुराना है जिसे किसने बनवाया यह निर्विवादित नहीं है। पत्थरों से बना यह मंदिर दुनिया का सबसे पुराना मंदिर माना जाता है। कहा जाता है कि देवी मुंडेश्वरी ने मुंड नामक राक्षस का वध किया था इसीलिए उन्हें मुंडेश्वरी कहा जाता है वहीं दूसरी ओर एक और कथा प्रचलित है कि मुंड नामक राजा ने माता मुंडेश्वरी का मंदिर स्थापित कराया था। मंदिर में पंचमुखी शिवलिंग भी इस मंदिर की विशेषता, आकषर्कता, धार्मिकता और पवित्रता के महत्व को दर्शाता है। शिवलिंग दिन के समय सूरज की स्थिति के साथ-साथ अपना रंग बदलता है। मंदिर में स्थापित देवी माता मुंडेश्वरी की प्रतिमा जीवंत, सुंदर, आकर्षक एवं भक्तों की मनोकामना पूर्ण करने वाली और मोहित, प्रतिमा है। मंदिर का अष्टकोणीय आकार में बना होना जो इसके सुंदरता, आकषर्कता के साथ-साथ उत्तर गुप्तकालीन वास्तु कला का उदाहरण को प्रमाणित करता है। माता का मुंडेश्वरी धाम एक प्रसिद्ध शक्तिपीठ में से एक है। यहां देवी के विभिन्न रूपों की पूजा की जाती है। भक्तों की मनोयोग पूर्वक की गई योजनाएं माता जरूर पूरी करती है। मंदिर के द्वार पर आने से ही भक्तों को आत्मिक शांति और भक्ति सुख का अनुभव होता है। मंदिर की ऊंचाई लगभग 608 फीट की है। इसके शिलालेख पुरातत्वविदों के अनुसार 389 ई के बीच का बताते हैं। मूर्तियों एवं मंदिर की नक्काशी उत्तर गुप्तकालीन बताया जाता है। रामनवमी और शिवरात्रि के अवसर पर विशेष पूजा एवं मेला इसकी भव्यता एवं दिव्यता को दर्शाता है। मां दुर्गा का ही एक रूप है माता मुंडेश्वरी। कहा तो यह भी जाता है कि विश्व का सबसे पहले हिंदू मंदिर मां मुंडेश्वरी धाम है। मुझे भी माता के मंदिर में पूजा-अर्चना एवं वंदना करने का कई बार सौभाग्य प्राप्त हुआ है। आज मैं माता से एक बार पुनः विनती करता हूं कि देश के दुश्मनों को चुन-चुन कर खत्म करने की अपार शक्ति हमारे सुरक्षा बलों को दें ताकि मानवता पर परी काली छाया का अंत हो सके और समृद्ध भारत-विकसित भारत का सपना पूरा हो सके। साथ ही उन्होंने इस कार्यक्रम के लिए बिहार सरकार एवं जिला प्रशासन को बधाई भी दी। वहीं मौके पर विधायक भरत बिंद, विधायिका संगीता देवी सहित बड़ी संख्या में पार्टी के नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## डीआईजी आज कैमूर व बक्सर जिलों के कांडों की करेंगे समीक्षा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** शाहाबाद प्रक्षेत्र के डीआईजी सोमवार को कैमूर व बक्सर ने जिलों के पुलिस निरीक्षकों के डेली रिपोर्ट की समीक्षा करेंगे। डीआईजी डॉ सत्यप्रकाश के अनुसार पुलिस उप महानिरीक्षक कार्यालय में सोमवार को कैमूर व बक्सर जिलों के पुलिस निरीक्षकों के डेली रिपोर्ट की समीक्षा की जाएगी। उन्होंने बताया कि समीक्षा बैठक में जिले के एसपी व एसडीपीओ मौजूद रहेंगे। बैठक में लंबित कांडों की समीक्षा की जाएगी। अच्छे कार्य करने वाले अधिकारियों को सम्मानित किया जाएगा। वही कार्य में लापरवाही बरतने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि मंगलवार को भोजपुर जिले के पुलिस निरीक्षकों के डेली रिपोर्ट की समीक्षा की जाएगी। उन्होंने बताया



कि अनुसंधान के लिए कांडों के लंबित होने के कारण पीड़ितों के न्याय मिलने में विलंब होता है। हर हाल में समय सीमा के अंदर कांडों का निष्पादन अति आवश्यक है। इसमें लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रक्षेत्र के चारों जिलों रोहतास, भोजपुर, बक्सर, कैमूर जिला के पुलिस निरीक्षकों के डेली रिपोर्ट की समीक्षा प्रतिमाह की जाएगी।

## बायो फ्यूल उत्पादन प्रोत्साहन नीति में संशोधन का स्वागत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार इंडस्ट्रीज एसोसिएशन ने बायो फ्यूल उत्पादन प्रोत्साहन नीति में संशोधन पर सहमति देने पर आभार व्यक्त किया। एसोसिएशन के अध्यक्ष केपीएस केशरी ने कहा कि औद्योगिक प्रोत्साहन नीति 2011 के तहत राज्य की औद्योगिक इकाइयों को मिल रही प्रोत्साहन सुविधा को कुछ कारणों से रोक दिया गया था। कैबिनेट ने 74 इकाइयों के अनुदान दावों के भुगतान पर सहमति देकर प्रोत्साहन राशि का भुगतान करने को कहा है। वहीं एसोसिएशन ने बायो फ्यूल उत्पादन प्रोत्साहन नीति में सिंगल विंडो क्लियरेंस पर स्टेज-1 क्लियरेंस और वित्तीय क्लियरेंस की तिथि बढ़ाने का मांग सरकार से की थी। इसे कैबिनेट ने स्वीकृति दे दी है। एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से मुलाकात कर आभार प्रकट किया। प्रतिनिधिमंडल ने नई औद्योगिक प्रोत्साहन नीति 2025 को जल्द से जल्द अंतिम रूप देने का अनुरोध किया। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि यह अगले माह तक जरूर अधिसूचित कर दी जाएगी।

## चेनारी पुलिस की बड़ी कार्रवाई, नक्सली इश्तेहार वारंटी समेत पांच गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चेनारी (रोहतास)।** चेनारी पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए शनिवार को नक्सली इश्तेहार वारंटी समेत कुल पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में तीन वांछित वारंटी और दो शराब तस्कर शामिल हैं। सभी के विरुद्ध अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्तों में कृष्ण राम (उम्र लगभग 45 वर्ष), पिता - सुखनंदन राम, ग्राम - खुड्नु कला (नक्सली इश्तेहार वारंटी), महावीर पासवान (उम्र लगभग 51 वर्ष), पिता - राधा पासवान, ग्राम - रामगढ़ (वारंटी), बिहारी बिंद (उम्र लगभग 35 वर्ष), पिता - छोटेलाल बिंद, ग्राम - देवडीही (वारंटी) शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि ये तीनों अभियुक्त थाना-चेनारी, जिला-रोहतास के निवासी हैं और इनके खिलाफ लंबे समय से वारंट जारी थे। गुप्त सूचना के आधार पर इनकी गिरफ्तारी की गई। अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष सर्च अभियान के तहत चेनारी पुलिस ने ग्राम उगहनी और खुड्नु कला में छापेमारी कर 25 लीटर महुआ शराब के साथ दो शराब तस्करों को भी गिरफ्तार किया। गिरफ्तार तस्कर पिंटू राम, पिता - शिवबचन राम, निवासी - खुड्नु, थाना-चेनारी तथा पिंटू बिंद, पिता - बद्री बिंद, निवासी - उगहनी थाना चेनारी है। पुलिस ने दोनों तस्करों के खिलाफ भी आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## पारा लीगल स्वयंसेवकों की दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला शुरू

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** पैरवी और जिला विधिक सेवा प्राधिकार के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को डिहरी में पारा लीगल स्वयंसेवक का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला शुरू हुआ। कार्यशाला का उद्घाटन पूर्व अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश आशुतोष कुमार और मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव सचिन कुमार मिश्र ने किया। इस मौके पर पूर्व अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश आशुतोष कुमार ने कहा कि किशोर न्याय अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों को अमली जामा पहनाने




के लिए पारा लीगल स्वयंसेवक को प्रशिक्षित कर के ही विधि के जोखिम में फंसे किशोरों को न्याय दिलाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि पारा लीगल स्वयंसेवक का प्रशिक्षण न्याय को आम लोगों के लिए सुलभ बनाने में बहुत मददगार साबित होगा। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सचिन कुमार मिश्र ने कहा कि पैरवी संस्था का यह कार्य सचमुच सराहनीय है क्योंकि इस प्रशिक्षण के द्वारा पारा लीगल स्वयंसेवक का क्षमतावर्धन किया जा रहा है जो न्याय को घर-घर तक पहुंचाने में महत्त्वपूर्ण कड़ी का काम करेंगे। प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ निर्मल कुशवाहा ने कहा कि प्रशिक्षित पारा लीगल स्वयंसेवक अपने कार्यों को दुगुने उत्साह और ताकत से पूरा करेंगे ऐसी उम्मीद है। पटना उच्च न्यायालय की अधिवक्ता शशि शर्मा, बाल कल्याण समिति, रोहतास के सदस्य ददन पाण्डेय ने भी उद्घाटन सत्र को संबोधित किया। मानवाधिकार कार्यकर्ता संतोष उपाध्याय ने कार्यक्रम का संचालन किया। पैरवी के समन्वयक दीनबंधु वत्स ने आरंभ में अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला और दो दिनों तक चलने वाले प्रशिक्षण के विषय वस्तु की चर्चा की। दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में तीस पारा लीगल स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं।

## 'यात्री सुरक्षा' एवं 'सतर्क' अभियान के तहत सात व्यक्ति धराए

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** पूर्व मध्य रेलवे डीडीयू मंडल में ऑपरेशन 'यात्री सुरक्षा' एवं 'सतर्क' के तहत आरपीएफ, सीपीडीएस, सीआईबी एवं जीआरपी की टीमों ने संयुक्त चेकिंग के दौरान उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की। डीडीयू स्टेशन पर प्लेटफॉर्म संख्या 01/02 के पूर्वी दिशा में गश्त के दौरान लगभग 03:55 बजे अभिषेक कुमार (उम्र 22 वर्ष) को संदिग्ध अवस्था में पकड़ा गया। तलाशी में उसके पास से 3 अदद चोरी के मोबाइल फोन बरामद हुए जिनकी अनुमानित कीमत 60,000/- है। पूछताछ में अभियुक्त ने मोबाइल चोरी की बात स्वीकार की। बरामद मोबाइलों के संबंध में डीडीयू जीआरपी थाना में अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की गई। इसी दिन डीडीयू जंक्शन पर प्लेटफॉर्म संख्या 01/02 के हावड़ा छोर पर लगभग 08:05 बजे



गश्त के दौरान पंकज कुमार (27 वर्ष) और राहुल कुमार (31 वर्ष) को पकड़ा गया। उनके पास से दो बैगों में कुल 34.56 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद हुई जिसकी अनुमानित कीमत 28,800/- आंकी गई। पूछताछ में दोनों ने बिहार में अवैध बिक्री हेतु शराब ले जाने की बात स्वीकार की। दोनों के विरुद्ध जीआरपी थाना डीडीयू में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। वहीं गया स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या 01A पर समय करीब 06:45 बजे गश्त के दौरान आर्यन कुमार (19 वर्ष), साहिल कुमार (22 वर्ष), बाबू कुमार (24 वर्ष) एवं अभिषेक कुमार (19 वर्ष) को संदिग्ध अवस्था में पकड़ा गया। तलाशी में उनके पास से कुल 171 केन बियर (85.5 लीटर) बरामद हुई जिनकी अनुमानित कीमत 18,810/- है। पूछताछ में सभी ने अवैध बिक्री हेतु बीयर ले जाने की बात स्वीकार की। गया जीआरपी थाना में सभी के विरुद्ध बिहार मद्य निषेध अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की गई।

## 28 आरोपित गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** अपराधियों व शराब तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में पुलिस ने विभिन्न कांडों के 28 आरोपितों को गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया। एसपी रौशन कुमार के अनुसार गिरफ्तार आरोपितों में हत्या के प्रयास, हत्या, चोरी, विविध, वारंटी व शराब तस्कर है। 100 लीटर देशी शराब, एक कट्टा, तीन बाइक, कार जब्त किया गया। उन्होंने बताया कि यातायात नियमों के पालन कराने को वाहन जांच अभियान में एक लाख 89 हजार रुपए जुर्माने की राशि वसूली गई।

## बालू लदा ट्रैक्टर जब्त, चालक गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** इंद्रपुरी थाना के डिहरी-रोहतास राजमार्ग पर जिला पुलिस लाइन के पास पुलिस ने अवैध रूप से बालू का परिवहन करते हुए बालू लदे ट्रैक्टर जब्त किया। करगहर थाना के घोड़ीहा गांव निवासी चालक बिट्टू कुमार को गिरफ्तार किया गया है।

## विकास वैभव ने रोहतास में बनाया इतिहास : मुटुर पाण्डेय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** रोहतास जिला का नाम सुनते ही लोग कांप जाते थे जहां डकैतों तथा उग्रवादियों का अघोषित साम्राज्य स्थापित था। तभी यहां सरकार द्वारा एक तेज तर्रार आईपीएस विकास वैभव भेजे जाते हैं पर उनको भी उग्रवादियों ने टारगेट किया था, पर उन पर ईश्वर की असीम कृपा रही थी। उक्त बातें डिहरी अनुमंडल विधिज्ञ संघ के अध्यक्ष उमाशंकर पाण्डेय उर्फ मुटुर पाण्डेय ने डिहरी में लेट्स इंस्पायर बिहार के मुख्य संरक्षक व आईपीएस विकास वैभव को अपने आवास पर फूलों का माला तथा गुलाब देकर स्वागत करने के उपरांत कहा। उन्होंने कहा कि रोहतास में जहां वर्ष 2002 में डीएफओ तथा 2006 में डीएसपी तथा अनेकों पुलिसकर्मी शहीद हो



चुके थे। रोहतास किले पर उग्रवादियों द्वारा काला झंडा फहराया जाता था वहां विकास वैभव ने अपनी कुशल नेतृत्व में भारतीय ध्वज लहराया। जिले में अनेकों कार्यक्रम कर के समाज से भटके हुए लोगों को मुख्य धारा में शामिल कराया। विकास वैभव ने रोहतास में बनाया इतिहास। आज भी लोग विकास वैभव से जुड़े रहते हैं। उनके एक आह्वान पर सैकड़ों लोग उपस्थित हो जाते हैं। लेट्स इंस्पायर बिहार के मुख्य संरक्षक विकास वैभव ने कहा कि पिछले 4 वर्षों से लेट्स इंस्पायर अभियान में बिहार में उज्ज्वलतम भविष्य निर्माण हेतु लाखों बिहार वासी जुड़कर जाति -संप्रदाय लिंग भेद और विचारधारात्मक मतभेदों से उपर उठकर योगदान समर्पित कर रहे हैं। स्वागत करने वालों में वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल राम, मुनमुन पाण्डेय, मनोज पाण्डेय, कमलेश कुमार, महेंद्र पाण्डेय, मदन कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

## सेवा के गुण मनुष्य को सहज ही लोकप्रिय बना देते हैं : संजय पासवान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** जीवन की वास्तविक सफलता, लोकप्रियता पाने के लिए धन- दौलत अथवा शक्ति-संबल की आवश्यकता नहीं, इसके लिए आवश्यकता है गुण, कर्म, स्वभाव की श्रेष्ठता की। उक्त बातें गायत्री परिवार के सदस्य व दुसाध जागृति संस्कृति चेतना मंच के अध्यक्ष संजय पासवान ने 'नवबिहार टाइम्स' को बताया। उन्होंने कहा कि जब तक गुण, कर्म, स्वभाव में श्रेष्ठता का समावेश नहीं होगा, बहुत कुछ धन, दौलत एवं शक्ति संपन्नता होने पर भी मनुष्य स्वास्तिविक लोकप्रियता नहीं पा सकता। उन्होंने कहा कि जो गुणी है उसका आदर क्या धनवान



क्या निर्धन दोनों ही करते हैं। उसकी पूजा -प्रतिष्ठा किसी बाह्य आधार पर नहीं होती, आंतरिक गुणों के कारण ही होती है। सहानुभूति संवेदना सहयोग सेवा के गुण मनुष्य को सहज ही लोकप्रिय बना देते हैं। गुणी मनुष्य की एक सद्भावना ही उसे लोकप्रिय बना देते हैं। गुणी मनुष्य की एक सद्भावना हीं उसे लोकप्रियता प्राप्त करा सकतीं हैं। उन्होंने कहा कि जो धनवान हजारों, लाखों खर्च करके भी नहीं पा सकता, सहानुभूति का एक शब्द संवेदना का एक आंसू और सेवा का एक कार्य सौ भार स्वर्ण से भी अधिक मूल्यवान है जो सदाचारी है, सुकर्मवान है, उसका आचरण ही उसको लोकप्रिय बना देगा। लोग उस पर विश्वास करेंगे, उसे आदर की दृष्टि से देखेंगे और उसकी चर्चा करेंगे। उन्होंने युग निर्माण योजना, गायत्री परिवार द्वारा पत्रिका पढ़ने की सलाह देते हुए कहा कि कर्मों की श्रेष्ठता एवं निष्कलंकता में आस्था रखने वाला मनुष्य बड़े से बड़ा कष्ट उठाकर किसी को धोखा नहीं देगा, मिथ्याचरण अथवा आडंबर का अवलंबन न लेगा।

## मंत्री डॉ प्रेम कुमार ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ मन की बात का 121 वां एपिसोड सुना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भभुआ।** प्रधानमंत्री ने अपने 121 वां एपिसोड में कहा कि इस दौरान पीएम मोदी ने पहलगाम आतंकी हमले का जिक्र करते हुए देशवासियों के साथ अपना दर्द साझा किया। उन्होंने इस हमले में शहीद हुए नागरिकों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की और पीड़ित परिवारों को न्याय का भरोसा दिलाया। आतंकवाद के खिलाफ इस युद्ध में देश की एकता, 140 करोड़ भारतीयों की एकजुटता, हमारी सबसे बड़ी ताकत है। यह एकता आतंकवाद के खिलाफ हमारी निर्णायक लड़ाई का आधार है। देश के सामने आई इस चुनौती का सामना करने के लिए हमें अपना संकल्प और मजबूत करना होगा। एक राष्ट्र के रूप में हमें दृढ़ इच्छाशक्ति का परिचय देना होगा। आज दुनिया देख रही है, इस आतंकी



हमले के बाद पूरा देश एक स्वर में बोल रहा है। पीएम मोदी ने आगे कहा कि दो दिन पहले ही हमने देश के महान वैज्ञानिक डॉ. के. कस्तूरीरंगन को खो दिया। मैं जब भी कस्तूरीरंगन जी से मिलता था तो भारतीय युवाओं की प्रतिभा, आधुनिक शिक्षा, अंतरिक्ष विज्ञान जैसे विषयों पर चर्चा करता था। विज्ञान, शिक्षा और भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम को नई ऊंचाई देने में उनका योगदान हमेशा याद किया जाएगा। उनके नेतृत्व में इसरो ने नई पहचान बनाई। उनके मार्गदर्शन में आगे बढ़े अंतरिक्ष कार्यक्रमों ने भारत के प्रयासों को वैश्विक पहचान दिलाई। भारत आज जिन उपग्रहों का उपयोग करता है, उनमें से कई डॉ. कस्तूरीरंगन की देखरेख में ही प्रक्षेपित किए गए थे। उनके व्यक्तित्व का एक और विशेष पहलू था जिससे युवा पीढ़ी सीख सकती है। वे हमेशा नवाचार को महत्व देते थे। सीखने, जानने और कुछ नया करने की उनकी दृष्टि बहुत प्रेरणादायक है। देश की नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति को तैयार करने में भी डॉ. के. कस्तूरीरंगन की प्रमुख भूमिका रही। डॉ. कस्तूरीरंगन 21वीं सदी की आधुनिक आवश्यकताओं के अनुसार दूरदर्शी शिक्षा का विचार लेकर आए थे। देश के प्रति उनकी निस्वार्थ सेवा और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को हमेशा याद किया जाएगा। मैं बहुत विनम्रतापूर्वक डॉ. के. कस्तूरीरंगन को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। पीएम मोदी ने आगे कहा कि मेरे प्यारे देशवासियो, इस अप्रैल महीने में आर्यभट्ट सैटेलाइट के प्रक्षेपण को 50 साल हो रहे हैं। आज जब हम पीछे मुड़कर 50 साल की इस यात्रा को याद करते हैं तो हमें एहसास होता है कि हम कितने आगे निकल आए हैं। अंतरिक्ष में भारत के सपनों की ये उड़ान कभी सिर्फ दृढ़ विश्वास के साथ शुरू हुई थी। देश के लिए कुछ कर गुजरने का जज्बा लिए कुछ युवा वैज्ञानिक उनके पास न तो आज जैसे आधुनिक संसाधन थे और न ही दुनिया की तकनीक तक उनकी पहुंच थी। अगर उनके पास कुछ था तो वो था हुनर, लगन, कड़ी मेहनत और देश के लिए कुछ कर गुजरने का जज्बा। आपने हमारे वैज्ञानिकों की तस्वीरें देखी होंगी जिसमें वो बैलगाड़ी और साइकिल पर खुद ही जरूरी उपकरण ले जाते थे। इसी समर्पण और राष्ट्र सेवा की भावना का परिणाम है कि आज इतना कुछ बदल गया है। आज भारत एक ग्लोबल स्पेस पावर बन गया है। हमने एक साथ 104 सैटेलाइट लॉन्च करके कीर्तिमान बनाया है।

## सफल परीक्षार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** रविवार को पंचायत भवन बस्तीपुर में मैट्रिक परीक्षा में प्रथम श्रेणी तथा इंटर में प्रथम श्रेणी में सफल परीक्षार्थियों के सम्मान में मुखिया के द्वारा सम्मान सह पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में डिहरी अनुमंडल न्यायालय के मुंसिफ अर्चना कुमारी उपस्थित थी। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि बच्चियों में शिक्षा की गुणवत्ता को कैसे बढ़ाया जाए यह ज्ञान गुरु ही दे सकता है। उन्होंने इस कार्यक्रम के आयोजकों के प्रति आभार प्रकट किया।




कार्यक्रम में 40 सफल बच्चों को मुंसिफ अर्चना कुमारी, विद्यालय की प्रधानाध्यापिका मंजू कुमारी तथा अनुमंडल कल्याण पदाधिकारी ने पुरस्कार वितरण किया। कार्यक्रम में सभी अतिथियों को भैंसाहां पंचायत की मुखिया मंजू देवी ने अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन मुखिया प्रतिनिधि सह प्रदेश जदयू सचिव बिंदा चंद्रवंशी ने किया। कार्यक्रम में पंचायत की सरपंच संध्या गुप्ता, वार्ड सदस्य राजेश कुमार, यशोदा देवी, रणजीत सिंह, प्रदीप कुमार, रवि कुमार, शिक्षक मुकेश कुमार तथा अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## तेजस्वी यादव पर जदयू ने किया पलटवार

### अपराधियों के पोषकों को आपराधिक घटनाओं पर नसीहत देने का नैतिक अधिकार नहीं

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने रविवार को नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पर पलटवार किया। उन्होंने कहा कि जिनकी पहचान जंगलराज और कुशासन से रही है, वे नीतीश सरकार के सुशासन पर बेबुनियाद सवाल उठाकर जनता को दिग्भ्रमित करना चाहते हैं। प्रदेश की जनता किसी भी हाल में ऐसे लोगों पर भरोसा नहीं करेगी। कुशवाहा ने आज यहां जारी बयान में कहा कि राजद की सरकार में अपराधी बेखौफ घूमते थे और कानून की पहुंच से बाहर रहते थे, लेकिन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कानून का राज स्थापित कर अपराधियों पर नकेल कसने का काम किया। इसका परिणाम यह है कि प्रदेश में भयमुक्त माहौल कायम हुआ है, नए निवेश आ रहे हैं और बिहार तेजी से प्रगति की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि सत्ता में रहते हुए अपराधियों को संरक्षण प्रदान करना और उन्हें खाद-पानी देना राजद का असली चरित्र रहा है। इतिहास गवाह है कि लालू परिवार हमेशा से अपराधियों को प्रश्रय देने का काम करता रहा है। उन्होंने कहा कि अपराधियों के पोषकों को आपराधिक घटनाओं पर नसीहत देने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है, पहले उन्हें अपने गिरेबान में झांकना चाहिए। उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि विपक्ष पूरी तरह से मुद्दाविहीन है, इसलिए वे नए-नए हथकंडे अपनाकर जनता को बरगलाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन उनका मंसूबा कभी सफल नहीं होगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार नरसंहार, अराजकता और बदहाली के दौर से बाहर निकलकर न्याय के साथ विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है, लेकिन विपक्ष इसे हजम करने की स्थिति में नहीं है।

## बिहार खेल प्रतिभा खोज योजना 'मशाल' कार्यक्रम आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हाजीपुर (वैशाली)।** जिले के चेहराकलां प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय मुस्तफापुर उर्दू में शनिवार एवं रविवार को शिक्षा विभाग, खेल विभाग व बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में विद्यालय के प्रधानाध्यापक मो. सेराजुल हक फैजी के नेतृत्व में बिहार खेल प्रतिभा खोज योजना 'मशाल' कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार के खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की गयी जिसमें एथलेटिक्स, साइकिलिंग, कबड्डी, फुटबॉल, वॉलीबॉल समेत विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। इस दौरान छात्रों को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्रधानाध्यापक मो. सेराजुल हक फैजी ने कहा कि यहां



से बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चे, संकुल स्तर, प्रखण्ड स्तरीय, जिला स्तरीय तथा राज्य स्तरीय 'मशाल' प्रतियोगिता कार्यक्रम में अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि फिर देश स्तर के लिए उनका चयन होगा। प्रधानाध्यापक मो. सेराजुल हक फैजी ने बताया कि बच्चों के सेहत को ध्यान में रखने का सरकार की यह एक अनोखी पहल है। इस कार्यक्रम से बच्चों के प्रतिभा की खोज भी हो सकेगा। कार्यक्रम के समापन पर 'मशाल' खेल प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी छात्रों को विद्यालय परिवार की तरफ से मेडल एवं प्रतिभागिता प्रमाण पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया। मौके पर विद्यालय के शिक्षक मो. नसीम अख्तर, तस्बीहुज जमा, सत्यानंद गिरि, मो. इसलाम, शमसुद्दोजा, अजमत परवीन, लता सिंह, उषा कुमारी, अंजुम आरा, सारिका कुमारी सहित छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम कार्यक्रम में भाग लिया।

CMYK

# किसानों के लिए वरदान साबित हो रही मनरेगा : श्रवण कुमार

## 53 लाख की योजनाओं का अजयपुर व अजनौरा में उद्घाटन और शिलान्यास

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नूरसराय (नालंदा)।** बिहार सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) की योजना गाँवों के विकास के साथ-साथ किसानों के लिए वरदान साबित हो रही है। मंत्री ने कहा कि मनरेगा के तहत गाँवों में पीसीसी ढलाई, ईंट सोलिंग और मिट्टी भराई जैसे कार्य हो रहे हैं, जिससे किसानों को कृषि कार्यों में काफी सहूलियत हो रही है। मंत्री श्रवण कुमार रविवार को नूरसराय प्रखंड के अजयपुर और अजनौरा गाँव में करीब 53 लाख रुपये की लागत से स्वीकृत विभिन्न मनरेगा योजनाओं के उद्घाटन और शिलान्यास के अवसर पर जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि हर खेत तक सिंचाई के लिए बिजली पहुँचाई जाए। आज किसानों को पर्याप्त मात्रा में बिजली उपलब्ध हो रही है, जिससे उनकी लागत में उल्लेखनीय कमी आयी है। पहले डीजल पम्प से सिंचाई करने में जहाँ भारी खर्च होता था, वहीं अब बिजली से लागत घटी है और कृषि उत्पादकता में वृद्धि



अजयपुर गांव में मनरेगा योजना का उद्घाटन करते ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार व अन्य

हुई है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में किसानों तक खेती के उपकरण, ट्रैक्टर और हार्वेस्टर पहुँचाए जा रहे हैं। इसके कारण मजदूरों की कमी के बावजूद खेती पर इसका नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ रहा है। मुख्यमंत्री द्वारा किए गए वादे आज धरातल पर उतरते नजर आ रहे हैं। लाखों युवाओं को सरकारी नौकरियाँ मिली हैं, जो राज्य सरकार की प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

इस अवसर पर जदयू के वरिष्ठ नेता राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में न्याय के साथ विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि बिहार के विकास मॉडल का अनुसरण आज अन्य राज्य भी कर रहे हैं। कार्यक्रम में जदयू प्रखंड अध्यक्ष सोनीलाल बिन्नू, नवल प्रसाद, अर्जुनी महतो, अमित कुमार यादव, गजोधर यादव, शुभम कुमार, विकास कुमार, प्रखंड प्रमुख रेखा देवी, जदयू के मुख्य प्रवक्ता डॉ. धनंजय कुमार देव, रामाश्रय पासवान, जोधन पासवान सहित बड़ी संख्या में जदयू कार्यकर्ता और ग्रामीण उपस्थित थे।

# राजगीर थाना पुलिस की तत्परता से टल गया खूनी खेल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** राजगीर थाना क्षेत्र के कुवडी गांव में एक बड़े खूनी खेल को पुलिस की तत्परता ने नाकाम कर दिया। राजगीर थाना पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर 23 जिंदा कारतूस और दो देशी पिस्टल बरामद किए, जबकि दो अन्य आरोपी मौके से फरार हो गए। थाना अध्यक्ष रमन कुमार ने बताया कि पुलिस को मोबाइल पर सूचना मिली थी कि जती भगवानपुर के कुछ लोग कुवडी गांव के सुग्रीव यादव के घर पर हमला कर हत्या करने की योजना बना रहे हैं। इसके लिए उन्होंने बड़ी मात्रा में हथियार और कारतूस जमा किए थे। सूचना मिलते ही पुलिस ने तुरंत एक विशेष टीम गठित की और जती भगवानपुर गांव



को चारों ओर से घेर लिया। पुलिस ने संदिग्धों के घरों की तलाशी ली, जिसमें नीतीश कुमार (पिताः मुंद्रिका यादव) को मौके पर गिरफ्तार किया गया। उसके घर से 10 जिंदा कारतूस बरामद हुए। नीतीश की निशानदेही पर विजय यादव (पिताः यदुनंदन यादव) के घर से 6 जिंदा कारतूस, एक फायर किया हुआ खोखा और एक देशी पिस्टल जब्त की गई। इसके अलावा, शैलेंद्र कुमार (पिताः रामनंदन यादव) के घर से 7 जिंदा कारतूस और एक देशी पिस्टल बरामद हुई। थाना अध्यक्ष ने बताया कि इन लोगों का सुग्रीव यादव के साथ जमीन विवाद चल रहा था, जिसके चलते वे इस खूनी खेल की साजिश रच रहे थे। पुलिस की समय पर कार्रवाई ने इस साजिश को विफल कर दिया। इस ऑपरेशन में डीएसपी सुनील कुमार सिंह, राजगीर इंस्पेक्टर संजय कुमार, गिरियक इंस्पेक्टर मनीष भारद्वाज, राजगीर थाना अध्यक्ष रमन कुमार, अपर थाना अध्यक्ष संजीव कुमार सिंह, सिलाव थाना अध्यक्ष इरफान खान, गिरियक थाना अध्यक्ष दीपक कुमार, छबिलापुर थाना अध्यक्ष मुरली मनोहर आजाद, बेन थाना अध्यक्ष रवि कुमार और सशस्त्र पुलिस बल के जवान शामिल थे।

# लालू, नीतीश व मोदी के चेहरे नहीं बल्कि अपने बच्चों का चेहरा देख दें वोट: प्रशांत किशोर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** नालंदा पहुंचने पर प्रशांत किशोर को विभिन्न स्थानों बिहारशरीफ, रहुई आदि जगहों पर जोरदार स्वागत किया गया। उन्होंने हरनौत स्थित राजकीय उच्च विद्यालय में हजारों की संख्या में उपस्थित लोगों की जनसभा को संबोधित किया। प्रशांत किशोर की आगमन होते ही हरनौत बाजार में कुछ देर के लिए यातायात बाधित हो गया। भीड़भाड़ को देखते हुए स्थानीय पुलिस पदाधिकारी सभा में मुस्तैद रहे। भीषण गर्मी के बावजूद भी खेल मैदान परिसर भारा रहा। समर्थको ने हाथों में झंडा लेकर कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। मंच पर मौजूद जिला संयोजक इंजीनियर अशोक कुमार सिंह एवं प्रखंड महिला अध्यक्षा शोभा कुमारी, जिला परिषद कमलेश पासवान समेत दर्जनों कार्यकर्ता ने प्रशांत किशोर को माला व अंगवस्त्र देकर स्वागत किया। जनसभा को संबोधित करते हुए प्रशांत किशोर ने कहा कि बिहार में अधिकारी और नेता राशन कार्ड बनाने से लेकर जमीन की रसीद कटाने तक के लिए रिश्वत ले रहे हैं, जिससे आमलोग परेशान हैं। इसलिए अगली बार वोट लालू, नीतीश और मोदी के चेहरे पर नहीं अपने बच्चों के चेहरे को देखकर दीजिएगा। उन्होंने नालंदा की जनता से अपील की कि उन्हें और उनके बच्चों को लूटने वाले नेताओं को वोट न दें। अगली बार अपने बच्चों के लिए वोट दें और बिहार में जनता का राज स्थापित करें। प्रशांत किशोर ने नालंदा की जनता से बड़ा वादा करते हुए कहा कि दिसंबर 2025 से 60 साल से अधिक उम्र के हर पुरुष और महिला को 2000 रुपये मासिक पेंशन दी जाएगी। उन्होंने कहा कि इस साल छठ के बाद बिहार के युवाओं को 10-12 हजार रुपये की मजदूरी करने के लिए अपना घर-परिवार छोड़कर नहीं जाना पड़ेगा। उन्होंने बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि जब तक सरकारी विद्यालयों में सुधार नहीं हो जाएगा, तब तक आप अपने 15 साल से कम उम्र के बच्चों को निजी स्कूलों में पढ़ाएं और उनकी फीस सरकार भरेगी ताकि गरीब का बच्चा भी अंग्रेजी मीडियम स्कूल में पढ़ सके। प्रशांत किशोर की आगमन को लेकर फुटबॉल स्टेडियम में सभी तैयारी पूरी कर लिया गया था। कार्यक्रम में हरनौत विधानसभा क्षेत्र के अलावा जिले के अलग-अलग सैकड़ो गांव से 10 हजार से अधिक समर्थक शामिल हुए।

# दो फरार वारंटी गिरफ्तार, भेजे गए जेल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रजौली।** थाना क्षेत्र के चितरकोली एवं जोगियामारण पंचायत से पुलिस बलों ने फरार चल रहे दो वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि गिरफ्तार वारंटियों की पहचान चितरकोली गांव निवासी बुंदी तुरिया के पुत्र चंद्रिका तुरिया एवं सतगीर गांव निवासी देवकी दास के पुत्र नरेश दास के रूप में हुई है।गिरफ्तार दोनों वारंटियों के विरुद्ध विभिन्न कांडों में न्यायालय से वारंट निर्गत किया गया था। सूत्रों से मिली गुप्त सूचना के आलोक में थाना के पुलिस बलों के सहयोग से वारंट चंद्रिका तुरिया एवं नरेश दास को गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार वारंटी को अस्पताल में स्वास्थ्य जांच के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

# कॉलेज के स्थापना दिवस पर कवि सम्मेलन आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** रविवार को नगर स्थित टीएस कॉलेज में स्थापना दिवस और राष्ट्र कवि रामधारी सिंह दिनकर की स्मृति में कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ। कार्यक्रम कॉलेज के दीनदयाल सभागार में हुआ। अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. पवन कुमार शर्मा और संचालन महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी मुकेश कुमार ने किया। नालंदा और नवादा से आए करीब आधा दर्जन कवियों ने दिनकर के सपनों के भारत का चित्रण किया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन और दिनकर जी के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर हुई। प्राचार्य डॉ. पवन कुमार शर्मा ने कहा कि दिनकर भारतीय संस्कृति के अनुपम रचनाकार थे। उनकी रचनाओं से संपूर्ण भारत की चेतना साकार हुई। प्राचार्य ने अतिथि कवियों को अंगवस्त्र, पुष्पगुच्छ और



कॉलेज की वार्षिक पत्रिका भेंट कर सम्मानित किया। इसके बाद कवियों ने कविता पाठ शुरू किया। वाह भाई वाह फ़ेम अल्पना आनंद ने सरस्वती वंदना से कार्यक्रम की शुरुआत की। व्यंग्यकार उदय भारती ने पहलगांव में आतंकी हमले पर व्यंग्य किया। पति-पत्नी के संवाद के जरिये पर्यावरण का संदेश दिया। ओंकार शर्मा ने पोरस की गौरव गाथा का पाठ कर लोगों में ओज भरा। अल्पना आनंद ने प्रेम गीत 'हर निशानी बदल कर रख दूंगी' और 'कितने सुंदर हैं तुम्हारे शीशे जैसे नैन' से तालियां बटोरीं। कवियत्री अनमोल ने 'जब-जब सत्य की बोली लगती, न्याय का मंदिर बिक जाता' कविता से विद्रोह का स्वर दिखाया। मगही में 'आंगन में तु केतनो फुल लगा ल दूअरा महकतो बेटिये' कविता से बेटियों के सम्मान का संदेश दिया।

कविता पाठ के दौरान समसामयिक और सामाजिक मुद्दों पर भी कवियों ने अपनी रचनाएं प्रस्तुत कीं। दर्शकों ने जमकर वाहवाही की।

कार्यक्रम के अंत में एनसीसी प्रभारी सुनील कुमार दुबे ने सभी कवियों, श्रोताओं, शिक्षकों, शिक्षकेत्तर कर्मचारियों और छात्र-छात्राओं को धन्यवाद दिया। उन्होंने साहित्य सेवा के क्षेत्र में राष्ट्र कवि दिनकर को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए ऐसे आयोजनों से बेहतर संदेश देने की बात कही। इससे पूर्व कॉलेज की छात्रा अलिशा राज और उनकी टीम ने मंगलाचरण किया। प्रोफ़ेसर डॉ. पुनम भारती ने स्वागत भाषण में ककोलत, श्रृंगी ऋषि पर्वत, भगवान बुद्ध और महावीर का उल्लेख किया। इस दौरान डॉ स्वर्गेश कुमार, डॉ दिव्या पांडेय, प्रो अर्जुन कुमार, डॉ मिथलेश पासवान,भोला शंकर वरनबाल प्रधान सहायक राजेश कुमार, अनिल कुमार, शैलेन्द्र कुमार, अजय कुमार शर्मा, बबिता कुमारी, संगीता, रौशन कुमार, आदि उपस्थित रहे।

# जानवर के आगे आने से बाइक पर सवार तीन युवक जख्मी, एक की हालत गंभीर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रजौली।** थाना क्षेत्र के दुलरपुरा मोड़ के समीप बीते शनिवार की रात्रि पेट्रोल लेकर आ रहा एक बाइक रास्ते में अचानक एक भैंस के आ जाने से असंतुलित हो गया, जिससे बाइक पर सवार तीन युवक घायल हो गए। घायलों को स्थानीय लोगों इस परिजनों की मदद से इलाज हेतु अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल में ड्यूटी में रहे चिकित्सक डॉ. श्यामनंदन प्रसाद ने सभी घायलों का इलाज किया साथ ही बताया कि बाइक दुर्घटना में घायलों की पहचान बभनी गांव निवासी सीताराम प्रसाद के पुत्र दिलीप कुमार,अर्जुन प्रसाद के पुत्र अखिलेश कुमार एवं रामशरण प्रसाद के पुत्र आजाद कुमार के रूप में हुई है। घायल युवकों में दिलीप कुमार के नाक एवं मुंह में जबरदस्त चोट लगा है, जिससे युवक की स्थिति गंभीर थी, जिसे बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल नवादा रेफर किया गया है



साथ ही बताया कि घायल आजाद कुमार एवं अखिलेश कुमार को हल्की फुल्की चोटें आई है,जिनका प्राथमिक इलाज कर जरूरी दवाइयां देकर घर भेज दिया गया है। बाइक पर पीछे बैठे युवक अखिलेश कुमार ने बताया कि बाइक के आगे अचानक भैंस आ गई, जिसे बचाने के कारण वे सड़क दुर्घटना का शिकार हो गए। घायल के परिजनों को सूचना मिलने पर वे अस्पताल परिसर पहुंचे एवं रेफर हुए मरीज को एंबुलेंस की मदद नवादा लेकर चले गए।

# खलिहान में रखे गेहूं के बोझा में आग लगने से हजारों का नुकसान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कौआकोल।** कौआकोल थाना क्षेत्र के दरावां गांव में शनिवार की रात्रि एक किसान के खलिहान में रखे गेहूं के बोझा में अचानक आग लग गई। जिससे हजारों रुपये मूल्य के गेहूं जलकर राख हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार किसान पवन यादव के खलिहान में रखे गेहूं के फसल में अज्ञात लोगों द्वारा अचानक आग लगा दिए जाने से गेहूँ जलकर राख हो गया। ग्रामीणों के सहयोग से किसी तरह काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। पीड़ित किसान पवन यादव का आरोप है कि अग्निशमन विभाग को सूचना देने के बावजूद भी अग्निशमन टीम नहीं पहुंची, जिससे लोगों में आक्रोश देखा जा रहा है।

# भूमि सर्वे में अनियमितता के खिलाफ जन सुराज पार्टी चलाएगी आंदोलन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** जन सुराज पार्टी ने भूमि सर्वे में बरती जा रही अनियमित्ता पर अंकुश लगाने और बिहार को विशेष राज्य का दर्ज़ा दिलाने के लिए व्यापक जन आंदोलन का ऐलान किया है। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता सैयद मसीह उद्दीन और जिला अध्यक्ष रणजीत कुमार चुन्नु ने आज नवादा में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में राज्य में चल रहे भूमि सर्वेक्षण कार्यों में गंभीर अनियमितताओं पर गहरी चिंता व्यक्त करते हूए इस पर तत्काल अंकुश लगाने की मांग की है जनसुराज ने बिहार सरकार द्वारा कराए गये जातीय जनगण्णा और आर्थिक सर्वेक्षण के आंकड़ों के



आलोक में बिहार को विशेष राज्य का दर्ज़ा दिलाने के लिए आगामी 11 मई से पूरे राज्य में चरणबद्ध आन्दोलन करने का निर्णय लिया है। इन नेताओं ने कहा कि भूमि सर्वेक्षण में हो रही गड़बड़ियों से आम जनता का अधिकार प्रभावित हो रहा है और इसमें सुधार की सख्त जरूरत है। पार्टी ने बिहार की दयनीय आर्थिक स्थिति और विशेष भौगोलिक स्थितियों के मद्देनजर यहां विकास को गति को तीव्रता प्रदान करने की आवश्यकता पर बल दिया और इस के लिए बिहार को विशेष राज्य का दर्ज़ा प्रदान किये जाने को नितान्त आवश्यक बताया और इस के लिए व्यापक रूप से जनसम्पर्क करके इन मुद्दों को जन-जन तक पहुंचाने और आम लोगों को जागरूक करने का संकल्प लिया है। पार्टी ने बिहार के आम लोगों से इस अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने और बिहार के सम्मान एवं अधिकार की लड़ाई में जनसुराज के साथ खड़े होने की अपील की है। इस प्रेस कांफ्रेंस में पार्टी के जिला प्रभारी डा. मधुकर सिंह,जिला अभियान समिति के संयोजक सूर्यदेव प्रसाद वर्मा, महिला अध्यक्ष गायत्री देवी, प्रदेश कार्यकारिणी समिति सदस्य सरला कर्ण, रजौली अनुमंडल अभियान समिति के संयोजक मनीष कुमार रंजन,जिला सचिव मो.अली अकबर, मोहम्मद कलाम, नगर अध्यक्ष जुबेर आलम उर्फ चुन्नू, नरहट प्रखंड अध्यक्ष प्रत्युष कुमार यादव, अकबरपुर प्रखंड युवा अध्यक्ष अफरोज खान भी उपस्थित रहे।

# जमीन सर्वे के नाम पर जनता को उलझा कर रख दी है बिहार सरकार : मसीहउद्दीन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** जन सुराज पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता मसीह उद्दीन ने कहा कि बिहार में भूमि सर्वे के नाम पर जनता को उलझाने का काम सरकार ने कर दिया है। एक तरफ भूमि सर्वे का काम करवाती है तो दूसरी और बरसों से बिहार सरकार के नाम पर चढ़े खतियान को उसके वास्तविक मालिक के नाम पर करने से इनकार कर रही है । उन्होंने कहा कि बिहार के कई जिलों के साथ-साथ नवादा जिला मुख्यालय और हिसुआ जिला मुख्यालय की 10 हज़ार से अधिक मकान और भूमि ऐसे हैं, जिसे खाता 609, कैसरे हिन्द और बिहार सरकार के नाम पर चढ़ा दिया गया है। ऐसे जमीन और मकान के वास्तविक मालिक को अभी तक उनका हक



सरकार नहीं दिला रही है और फर्जी तरीके से कई लोगों का उनके नाम पर खतियान चढ़कर मोटेशन करने का काम कर रही है। जनाव मसीहउद्दीन ने कहा कि ऐसे में बिहार सरकार और केसरे हिंद की जमीन होने पर असली जमीन मलिक बरसों से उहा पोह स्थिति में है । ऐसे जमीन पर ना तो बैंक से लोन मिल रहा है और ना ही कोई कार्य हो रहा है। उन्होंने सरकार से मांग किया है कि अगर सर्वे करना है तो पहले पिछली रिकॉर्ड को दुरुस्त कर लिया जाए। इसके बाद ही सर्वे कर वास्तविक जमीन के मालिक को उसके नाम किया जाए। उन्होंने कहा कि नवादा और हिसुआ के कई ऐसे भू मालिकों ने आवेदन देकर कहा है कि यह खतियान उनके वास्तविक मालिक के नाम पर किया जाए ताकि उन्हें समस्या से निजात मिल सके। उन्होंने कहा कि सरकार भूमि सर्वेक्षण कर रही है और 1970 से 1980 के बीच हुए फाइनल रिपोर्ट को उनके वास्तविक मालिक के नाम पर जमीन नहीं कर रही है। जमीन को सही करने के नाम पर अधिकारी लाखों लाख रुपया मनमानी वसूली कर रहे हैं। इस पर सरकार का कोई ध्यान नहीं है। उन्होंने सरकार पर सीधा-सीधा आरोप लगाते हुए कहा कि इस सरकार में जनता त्रस्त है और नौकरशाही हावी हो गया है।

# मंझिला पंचायत में चला पूर्व विधायक का जनसम्पर्क

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कौआकोल।** पूर्व विधायक पूर्णिमा यादव के समर्थन में चुनावी मैदान में उतरे उनके पति व पूर्व विधायक कौशल यादव का गोविंदपुर विधानसभा सभा के कौआकोल प्रखण्ड में तूफानी दौरा छठे दिन मंझिला पंचायत में रहा। जहां स्थानीय पैक्स अध्यक्ष नरेंद्र सिंह के नेतृत्व में उनके समर्थकों ने उन्हें फूल मालाओं से लाद दिया। मंझिला पंचायत में पूर्व विधायक कौशल यादव के पक्ष में व्यापक जनसमर्थन देखने को मिला। पैक्स अध्यक्ष नरेंद्र सिंह एवं मुखिया इसराईल मियां के अलावे पैक्स अध्यक्ष प्रत्याशी रहे पिंटू सिंह, रामनिवास प्रसाद, सरपंच प्रतिनिधि छोटन साव,



पंचायत समिति सदस्य रेणु कुमारी, रंजीत रजक, सुरेन्द्र प्रसाद आदि हजारों ग्रामीणों ने एकजुट होकर पूर्व विधायक पूर्णिमा यादव के पक्ष में आगामी चुनाव में समर्थन देने का संकल्प लिया। मौके पर पूर्व जिला पार्षद नारायण स्वामी मोहन, प्रमुख प्रतिनिधि व पैक्स अध्यक्ष संजय यादव, उप प्रमुख नवीन यादव समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# पार्टी कार्यालय में 20 सूत्री सदस्यों का किया गया अभिनंदन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** जनता दल( यूनाइटेड) कार्यालय कर्पूरी सभागार नवादा में प्रखंड 20 सूत्री सदस्यों की बैठक प्रखंड जद यू अध्यक्ष सह 20 सूत्री अध्यक्ष नवल प्रसाद चौहान की अध्यक्षता में की गई। बैठक में आए हुए सभी 20 सूत्री सदस्यों को नवादा प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष नवल प्रसाद चौहान ने अंग वस्त्र एवं माला पहनाकर हार्दिक अभिनंदन एवं स्वागत करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार हम लोगों पर भरोसा कर बहुत बड़ी जिम्मेवारी दी है। मुख्यमंत्री 2005 से लगातार बिहार के बेहतरी के लिए न्याय के साथ विकास, समावेशी विकास, सभी वर्ग धर्म का विकास, सभी क्षेत्रों का विकास समान रूप से कर रहे हैं। बिना भेदभाव किये समान रूप से सभी वर्गों का विकास किए हैं। हम लोगों को अपने नेता पर गर्व है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का कार्यकर्ता बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में काम करने का मौका मिला है यह बहुत बड़ी बात है। नवल प्रसाद चौहान जी सभी सदस्यों से आग्रह एवं निवेदन करते हुए कहा कि प्रखंड स्तर पर चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा कर संबंधित पदाधिकारियों से मिल बैठकर सौहार्दपूर्ण वातावरण में योजनाओं को लागू कराने में महती भूमिका का निर्वहन करना है। हम लोगों के सर्वमान्य नेता बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बिहार तथा बिहार वासियों के बेहतरी के लिए सभी क्षेत्रों में योजनाओं के माध्यम से चौमुखी विकास किया है। हम लोगों को गांवों के समस्याओं से जुड़कर संबंधित पदाधिकारी से मिल बैठकर निष्पादन कराना है। अगामी विधानसभा चुनाव 2025 में नवादा विधानसभा से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के प्रत्याशी को भारी बहुमत से जीतने का काम करेंगे। बैठक में हृसिकेश कुमार, हीरालाल साव, बिंदु देवी, विद्यासागर चौहान, सुनील चौहान, सुजीत कुमार, दिलीप पासवान, मिथुन कुमार, सुधीर कुमार, पप्पू कुमार, अशोक कुमार , सच्चिदानंद प्रसाद, रामखेलावन चौहान, राहुल कुमार, मिथुन कुमार, मोहम्मद फिरोज आलम, रवि रंजन, रामानंद कुमार, कुश चौहान, सीता शरण चौहान उपस्थित हुए।

# सुरक्षित शनिवार के तहत बच्चों को अगलगी से खतरे एवं बचाव के बारे में दी गई जानकारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पकरीबरावां।** महंत रामधन पुरी इंटर विधालय बुधौली में विद्यालय आपदा प्रबंधन के सचिव +2 शिक्षक डॉ. रंजन आर्य की अध्यक्षता में सुरिक्षत शनिवार कार्यक्रम आयोजित की गई। शिक्षक ने सुरक्षित शनिवार के तहत बच्चों को अगलगी से खतरे एव बचाव के संदर्भ में जानकारी के साथ साथ बच्चों को मॉक ड्रिल के अभ्यास रूको लेटो और लुढ़को का अभ्यास कराया। इसके साथ नीचे झुको रेंगते हुए बाहर निकलो पर जानकारी दिया। मोके पर स्कूल शिक्षक मदन मोहन प्रसाद, आरोही, श्वेता कुमारी अजीत कुमार, प्रिंसेस प्रियंका, डी मिश्रा, अजीत कुमार,



धीरज कुमार विश्वकर्मा, डॉ. विजय दास, मनोरंज कुमार, छात्रा सोनाली कुमारी, नेहा कुमारी, संजना कुमारी, अंजली कुमारी, चन्द्रगुप्त कुमार, विक्की कुमार, राजा कुमार, कुंचित कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

मशाल के साथ तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कौआकोल। मशाल के तहत विद्यालय स्तर पर आयोजित तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का रविवार को समापन किया गया। बीइओ सुशील कुमार ने बताया कि प्रखण्ड के 15 माध्यमिक समेत 65 विद्यालयों में तीन दिनों से चल रहे खेलकूद प्रतियोगिता का समापन किया गया। इंटर विद्यालय कौआकोल के प्रभारी प्राचार्य श्याम कुमार वर्मा ने बताया कि उनके विद्यालय में अंतिम दिन साइकिलिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। तीन दिनों तक चले इस खेलकूद प्रतियोगिता को लेकर बच्चों में गजब का उत्साह देखा गया।

# प्राचीन धरोहर को संरक्षित करने का लिया गया संकल्प

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** 27 अप्रैल 2025 को प्रतिवर्ष विश्व जैन धरोहर दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर बिहार के जैन तीर्थ पावापुरी जी, राजगृह जी, कुण्डलपुर जी, मंदारगिरी जी, गुणांवा जी, जमुई जी, कमलदह जी, मिथिलापुरी जी, वैशाली जी, भद्दीलपुरजी, नौबतपुर जी, बिहारशरीफ जी, चन्द्रप्रभु मन्दिर (पटनासिटी) में जैन धरोहर दिवस पर सभी जैन श्रद्धालुओं ने प्राचीन मंदिर, पुरातात्विक अवशेष, प्राचीन ग्रंथ, खुदाई से प्राप्त जैन तीर्थंकरों की प्रतिमा आदि के संरक्षण हेतु दृढ़ संकल्प लिया। बिहार राज्य में अनेक जैन पुरातात्विक स्थल हैं जो पुरातत्व विभाग के संरक्षण में हैं, परंतु उपेक्षित पड़े हुए हैं। उसकी सुरक्षा, संरक्षण, एवं



व्यवस्थित करने के लिए बिहार स्टेट दिगम्बर जैन तीर्थ क्षेत्र कमिटी के मंत्री पराग जी जैन ने पुरातात्विक निदेशालय को स्मारपत्र दिया है ताकि बिहार में यत्र-तत्र सभी जगह बिखरी पड़ी हुई प्राचीन जैन धरोहर को संरक्षित किया जा सके। जैन धरोहर दिवस के अवसर पर स्व. बाबू निर्मल कुमार जी सेठी के चौथी पुण्य दिवस के अवसर श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा जैन धरोहर के संरक्षण में उनके अनेकों योगदान की भूरी- भूरी प्रशंसा की गई।

# हर घर कांग्रेस पार्टी झंडा अभियान की बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** रविवार को सतीश कुमार उर्फ मंटन सिंह अध्यक्ष नवादा जिला कांग्रेस कमिटी की अध्यक्षता हर घर कांग्रेस पार्टी झंडा अभियान की बैठक की गयी। इस बैठक मे अश्विनी कुमार प्रभारी हर घर कांग्रेस पार्टी झंडा शामिल हुए और हर घर झंडा अभियान लगाने का कार्य करने के लिए पोस्टमार्टम रोड कॉलोनी जागेश्वर पासवान, मनीष सिंह गायत्री देवी का, गौतम यादव, राकेश पासवान द्वारा वीआईपी कॉलोनी मे पार्टी का झंडा घरों मे लगाया गया राजेश कुमार महासचिव ने भी अकौना मे भी पार्टी का झंडा हर घर मे लगया गया गोंदपुर मे भी अब्दुला आजम द्वारा एवं भदौनी मे भी जमाल हैदर एवं अब्दुला आजम द्वारा भी हर घर मे पार्टी झंडा अभियान चलाया गया। सतीश कुमार उर्फ़ मंटन सिंह एवं अश्विनी कुमार संयुक्त रूप से राहुल गांधी जी का पैगाम घर घर तक पहुंचाने का काम किया गया उन्होने कहा कि भाजपा सरकार गत 11 वर्षो से विकास का काम किया ही नहीं हैं, युवाओं क़ो रोजगार प्रदान नहीं किया गया, किसानो क़ो अच्छी फसल का लाभ नहीं मिला। नवादा नगर और नवादा प्रखंड पार्टी झंडा के प्रभारी एजाज अली मुन्ना, राजेश यादव हर घर झंडा अभियान मे साथ साथ रहे। इस अवसर पर जागेश्वर पासवान, गोरेलाल सिंह, एजाज अली मुन्ना प्रवक्ता, मनीष कुमार इंतक सेल अध्यक्ष, अरुण कुमार अध्यक्ष इंटक्क सेल नालंदा, श्याम सुंदर कुशवाहा, रामरतन गीरी अध्यक्ष रजौली, सकलदेव सिंह अध्यक्ष कशीचक, कृष्ण कुमार सिंह, अध्यक्ष नरहट, ओमप्रकाश, अध्यक्ष गोविन्दपुर, चंद्रभूषन सिंह अध्यक्ष कौआकोल, अंजनी कुमार उर्फ़ पप्पू, अख़लाकूर रहमान, रजनीकांत दीक्षित, घनश्याम सिंह, गणेश सिंह, कुंदन दीप, फकरूउद्दीन अली अहमद, इमरान खान, राकेश कुमार, नवलेश सिंह, गौतम यादव, रामकुमार प्रसाद यादव, जमाल हैदर, अखिलेश सिंह, साकिर खान, मो सुल्तान अंसारी, चाणक्य राहुल, रामाशीष सिंह, उमेश सिंह, अजित कुमार, मुकेश कुमार, इस्तीयक उद्दीन, सुमईया अहमद, अब्दुल कादिर कोसी, दीपक सिंह, डॉ शैलेन्द्र इत्यादि लोग इस समारोह मे हर घर पार्टी झंडा अभियान मे शामिल हुए।

# मोदी सरकार ने 51000 लोगों को नौकरी दी : डॉ प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बोधगया।** भगवान बुद्ध की ज्ञानस्थली बोधगया आईआईएम के सभागार में आयकर विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारत सरकार के लघु सुक्ष्म उद्योग मंत्री जीतन राम मांझी एवं बिहार भाजपा के वरीय नेता व सहकारिता मंत्री डॉ प्रेम कुमार ने विधिवत उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री के द्वारा देश के 47 स्थान पर रेलवे, आयकर विभाग, पोस्ट ऑफिस एवं अन्य विभागों में कुल 51,000 लोगों को नौकरी दी गई जिसमें गयाजी में कुल 60 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपा गया। वहीं मंत्री प्रेम कुमार ने कहा कि रोजगार मेला एक महत्वपूर्ण आयोजन है जो बेरोजगारी की समस्याओं को कम करने और शिक्षित बेरोजगारों को रोजगारों के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित किया जाता है। यह मेला नौकरी चाहने वालों और नियोक्ताओं के बीच एक सेतु का काम करता है जहां विभिन्न कंपनियों, संगठनों और विभागों द्वारा अपनी आवश्यकताओं के अनुसार उम्मीदवारों की तलाश करते हैं। नौकरी और रोजगार पाने वालों को एक मंच रोजगार मेला मुहैया कराता है। भारत सरकार ने रोजगार मेले की शुरुआत अक्टूबर 2022 से शुरू की थी। अब तक इस प्रकार के 14 मेलों का आयोजन हो चुका है जिसमें लगभग 10 लाख से ज्यादा लोगों को नौकरी का नियुक्ति पत्र देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बांट चुके हैं। आज के इस रोजगार मेला के अवसर पर भी प्रधानमंत्री मोदी डिजिटल लोगों को नियुक्ति पत्र बांट रहे हैं। पूर्व की सरकारों ने ऐसा नहीं किया। आज शिक्षित-बेरोजगारों के लिए नौकरी के अवसरों का निर्माण देश की एन डी ए सरकार कर रही है। प्रधानमंत्री का लक्ष्य है वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण को पूरा करना। हमें पूरा भरोसा और विश्वास है कि विकसित भारत का लक्ष्य जल्द पूरा होगा क्योंकि देश की प्रतिभाशाली युवा शक्ति ही विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करेंगे। युवा शक्ति के श्रम, सामर्थ्य, कौशल और नेतृत्व से विकसित भारत का निर्माण हो रहा है। प्रधानमंत्री मोदी जी का दूसरा फॉक्स देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है। पिछले 11 वर्षों में मोदी सरकार के प्रयास से देश की अर्थव्यवस्था विकास की पटरी पर तेजी से दौड़ रहा है। आज भारत 12वीं से पांचवी अर्थव्यवस्था विश्व में बन चुका है। तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम विश्व में आज भारत है। भारत अपने स्पेस, डिफेंस सेक्टर में भी नीतियां बदली है। अब हम दूसरे पर निर्भर नहीं अब स्वयं के संसाधनों से स्पेस में और डिफेंस में आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहे हैं। स्पेस में सैटेलाइट अपने सहित दूसरे देशों का भी लॉन्च कर रहे हैं। रक्षा उपकरणों का अब आयात ही नहीं बल्कि अब उत्पादन कर निर्यात भी शुरू कर दिया है। इसका फायदा भारतीय युवा वर्ग को मिल रहा है। भारतीय युवा आत्मविश्वास के साथ हर क्षेत्र में परचम लहरा रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी जी का तीसरा लक्ष्य महिलाओं को आगे बढाने का है। महिलाओं के लिए कई प्रकार की योजनाएं देश में चलाई जा रही हैं। आज भी इस अवसर पर हजारों बेटियों को नौकरी का नियुक्ति पत्र मिल रहा है। प्रयास है कि महिला हर क्षेत्र में आगे बढ़े। ड्रोन दीदी हो, लखपति दीदी हो या बीमा सखी दीदी हो, डिफेंस में महिलाएं हो, स्पेस में महिलाएं हो या फिर महिलाओं को 26 हफ्ते की प्रसव की छुट्टी हो इन सब ने उनके सपनों को पूरा किया। देश की आधी आबादी आगे बढ़ रही है। विकसित भारत में नारी शक्ति का भी अहम योगदान मिल रहा है। प्रधानमंत्री का स्टार्टअप, मैन्युफैक्चरिंग पर फॉक्स है। आज के युवाओं को दोनों ने अवसर प्रदान किया है। इसमें सरकार का पूरा इकोसिस्टम सहयोग कर रहा है। आज मोबाइल उत्पादन में भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा देश बन चुका है। ऑर्गेनिक फार्मिंग, स्पेस सेक्टर, डिफेंस सेक्टर, टूरिज्म सेक्टर से लेकर कई क्षेत्रों में नौकरी और रोजगार के बड़े अवसर उपलब्ध हो रहे हैं। आज देश ने नई ऊंचाइयों को छुआ है। वहीं मौके पर प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त बिहार एवं झारखंड जयंत मिश्र, मुख्य आयकर आयुक्त रांची रंजन कुमार, निदेशक आईआईएम बोधगया विनीता एस सहाय सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।


# बाइक की डिक्की से एक लाख उड़ाये, घटना सीसीटीवी में कैद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**इमामगंज।** थाना क्षेत्र के स्थानीय मुख्य बाजार में इन दिनों चोरों का मनोबल दिनों दिन बढ़ रहा है। आये दिन लूट, झपटमारी और चोरी की घटना घट रही है। इसी तरह शुक्रवार को इमामगंज मुख्य बाजार स्थित एसबीआई बैंक के सामने आरती ज्वेलर्स दुकान के सामने खड़ी बाइक की एक डिक्की का ताला तोड़कर एक लाख रुपए ले भागे। खास बात यह है कि इस घटनाक्रम का अंजाम 14 वर्षीय एक बालक के द्वारा दिया गया है जो उसका तस्वीर सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। इधर इस घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच कर मामले की छानबीन करते हुए आगे की कार्रवाई में जुट गई है। वहीं इस संबंध में पीड़ित दुकानदार अनूप वर्मा ने बताया कि हम शुक्रवार को स्थानीय बाजार स्थित आशीर्वाद ज्वेलर्स दुकान में सामान की डिलीवरी देकर वहां से कैश लेकर स्टेट बैंक के पास स्थित आरती ज्वेलर्स दुकान में जाकर बैठ और वहां सामान दिखाने लगे जब हम वापस आए तो हमारी बाइक के डिक्की का लॉक टूटा हुआ था जब उसने तलाशी दिए तो बाइक की डिक्की में रखे गए एक लाख रुपया नगद एवं अन्य समान गायब थे। इसके बाद हमने इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी। उन्होंने बताया कि जब दुकान में लगेगा सीसीटीवी कैमरा को खंगाला तो जिस शातिर चोर ने डिक्की से पैसा चोरी किया वह चोर मात्र 13-14 साल का बालक है। अब इस घटना के बाद से पीड़ित दुकानदार अनुप वर्मा आहत और पुलिस न्याय की गुहार लगाए हैं। हालांकि चोरी की समस्त घटना सीसीटीवी में कैद हो गया। इस संबंध में पूछने पर इमामगंज थाना अध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि मामले में पीड़ित द्वारा आवेदन प्राप्त हुई है।


# निः शुल्क जांच शिविर में सैकड़ों महिलाओं ने कराई स्वास्थ्य जांच

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए गया शहर के तुलसी मार्केट, गोलपथर के समीप स्त्री रोग एवं बांझपन विशेषज्ञ डॉ. सुप्रिया गुप्ता ने अपने क्लिनिक में निः शुल्क महिला चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाओं और किशोरियों ने पहुंचकर स्वास्थ्य जांच करवाई। शिविर में उपस्थित महिलाओं ने डॉ. सुप्रिया गुप्ता की सेवाभावना की भूरी-भूरी प्रशंसा की। कई महिलाओं ने कहा कि डॉ. सुप्रिया जैसी चिकित्सक भगवान का रूप होती है जो गरीब और जरूरतमंद महिलाओं के दर्द को समझते हुए संवेदनशीलता के साथ इलाज और परामर्श प्रदान करती हैं। सुबह से ही क्लिनिक परिसर में महिलाओं की भीड़ उमड़ पड़ी थी। निः शुल्क जांच और परामर्श का लाभ उठाने के लिए आसपास के इलाकों से भी महिलाएं पहुंचीं। डॉ. सुप्रिया गुप्ता ने बताया कि 'वात्सल्य सर्वेभूतेषु' की भावना के तहत वे प्रत्येक माह निः शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन करती हैं। उन्होंने कहा कई महिलाएं आर्थिक तंगी के कारण उचित इलाज नहीं करवा पातीं। हमारा प्रयास है कि गया और मगध क्षेत्र की अधिक से अधिक महिलाओं और भावी पीढ़ी को स्वस्थ जीवन की ओर अग्रसर किया जाए। यही हमारी सच्ची सेवा और कामना है। उल्लेखनीय है कि इस तरह के शिविरों से न केवल महिलाओं को समय रहते स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का समाधान मिलता है, बल्कि स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता भी बढ़ती है।

# वारंटी गिरफ्तार, गया जेल



**कोंच (नबिटा सं.)।** आंती थाना क्षेत्र के तिनेरी पंचायत अंतर्गत भाम बिगहा गांव से एनबीडब्ल्यू वारंटी को गिरफ्तार कर रविवार दोपहर जेल भेज दिया गया। आंती थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने बताया कि ग्राम भाम बिगहा निवासी मो. सगीर पिता स्व.अनीश को गृहभेदन के कांड में गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि उक्त वारंटी के खिलाफ मामला दर्ज था और उसे पकड़ने के लिए अभियान चलाया जा रहा था।

# विधानसभा क्षेत्र में पार्टी कार्यकर्ता मजबूती के साथ कार्य करें : नारायण मांझी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**इमामगंज।** नगर पंचायत अंतर्गत पसेवा रोड स्थित एक मकान में रविवार को हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम सेकुलर पार्टी) की बैठक प्रखंड अध्यक्ष रामप्रीत भारती की अध्यक्षता में सक्रिय कार्यकर्ताओं के साथ संपन्न हुई। वहीं बैठक में मुख्य अतिथि पार्टी के जिलाध्यक्ष नारायण मांझी और महिला प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष रूबी देवी शामिल हुई। इस दौरान मुख्य अतिथि नारायण मांझी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि इमामगंज विधानसभा क्षेत्र में पार्टी कार्यकर्ता मजबूती के साथ काम करें, एक सप्ताह के बाद प्रखंड के हर पंचायत में विधायक दीपा कुमारी पंचायत के लोगों से मिलेंगे और उनके साथ सीधा जन संवाद करेंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और बिहार सरकार के कैबिनेट मंत्री डॉ संतोष कुमार सुमन एवं भारत सरकार के कैबिनेट मंत्री जीतन राम मांझी के नेतृत्व में संगठन का विस्तार देश स्तर पर हुआ है। हिन्दुस्तानी आवाम पार्टी एनडीए का एक मजबूत अंग है। इसके लिए उन्होंने कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर संगठन का विस्तार करने के बारे में जानकारी दी। उन्होंने समाज के दलित, पिछड़ों, अतिपिछड़ों एवं गरीबों को सरकारी योजना का लाभ दिलाने के लिए कार्यकर्ताओं से संघर्ष करने का आह्वान किया। पार्टी के निर्देश के अनुसार इमामगंज प्रखंड कमेटी के साथ-साथ पंचायत स्तर पर संगठन का विस्तार कर पंचायत अध्यक्ष का चयन कर एक सप्ताह के अंदर सूची पार्टी मुख्यालय को भेज देने का निर्णय लिया गया। इसके साथ उन्होंने कार्यकर्ताओं को कई दिशा निर्देश दिए। वहीं महिला प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष रूबी देवी ने कहा कि हम सभी कार्यकर्ता पार्टी का एक सूत्रधार है। हम लोगों को कदम से कदम मिला कर पार्टी को एकजुट बनाकर क्षेत्र में काम करना होगा। तब जाकर आने वाले विधानसभा चुनाव में हम लोग मजबूती के साथ पेश करें और फिर विधायक दीपा मांझी को जीताने का काम करें और हम पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ संतोष कुमार सुमन और भारत सरकार के कैबिनेट मंत्री जीतन राम मांझी के हाथों को मजबूत करने का काम करेंगे। इस मौके पर जिलाध्यक्ष नारायण मांझी, उपाध्यक्ष जिला इकराम खान, महिला जिला अध्यक्ष रूबी देवी, प्रखंड अध्यक्ष रामप्रीत भारती, नगर अध्यक्ष उमेश प्रसाद स्वर्णकार, चन्दन भारती, मीना देवी, विश्वजीत यादव, रवि भारती, शशि गुप्ता, प्रतिमा देवी, कौशल्या देवी सहित अन्य सैकड़ों लोग मौजूद थे।

# महिलाओं को गया एवं नालंदा में प्रशिक्षण सह एक्सपोजर विजिट करायी गयी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** मणिपुर राज्य आजीविका मिशन (एमएसआरएलएम) के अंतर्गत सामुदायिक संस्थाओं से जुड़ी महिलाओं का गया एवं नालंदा में प्रशिक्षण सह एक्सपोजर विजिट कराया जा रहा है जो 28 अप्रैल 2025 तक चलेगा। सभी प्रतिभागियों के ठहरने और प्रशिक्षण की व्यवस्था गया स्थित बिहार लोक प्रशसन एवं ग्रामीण विकास संस्थान (बिपार्ड) में की गई है। जीविका द्वारा प्रशिक्षण एवं परिभ्रमण कराया जा रहा है। जीविका द्वारा संचालित विभिन्न गतिविधियों की जानकारी देने हेतु विभिन्न विषयगत कक्षाओं सहित एक्सपोजर विजिट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण सह एक्सपोजर विजिट के माध्यम से जीविका द्वारा जिले में संचालित विभिन्न गतिविधियों की जानकारी मणिपुर के सामुदायिक सदस्यों को जानकारी दी गई। एकता संकुल संघ की बैठक में जीविका दीदियों ने मणिपुर की दीदियों से संवाद किया। संकुल संघ की अध्यक्ष शबनम खातून सहित अन्य जीविका दीदियों दीदियों ने टीम अन्न सहायता समूहों, ग्राम संगठनों, संकुल संघों की बैठकों एवं अन्य गतिविधियों के विषय में जानकारी साझा की। उन्हें बोधगया में संचालित पोषक आहार वीटामिक्स, डोभी में संचालित जे-वायर्स, अनुग्रह नारयण मगध मेडिकल कॉलेज संचालित दीदी की रसोई आदि का परिभ्रमण कराया गया। अपने अनुभव सझा करते हुए दीदियों तारीफ की। मणिपुर टीम ने दीदी की रसोई में भोजन किया एवं उन्होंने इसकी तारीफ की। जीविका परियोजना की कार्यप्रणाली को समझने के लिए परियोजना अंतर्गत संचालित विभिन्न विषयगत गतिविधियों जानकारी को कक्षा में लेक्चर, पीपीटी एवं वीडियो, उदाहरणों एवं अनुभव साझा करने सहित एक्सपोजर विजिट के माध्यम से चीजों को समझाने का प्रयास किया गया है। स्वयं सहायता समूहों, ग्राम संगठनों और संकुल संघों की बैठकों एवं अन्य गतिविधियों के विषय में जानकारी साझा की गई है। साथ ही सही को एक्सपोजर विजिट के माध्यम से कुछ गतिविधियों को दिखाया भी गया है। इस प्रशिक्षण में मणिपुर एसआरएलएम से प्रमुख अधिकारी, जैसे कि किरण कुमार, विपिन, दिलीप ने भाग लिया। वहीं जीविका के टीम सदस्यों - प्रबंधक प्रशिक्षण एवं क्षमतावर्धन विजय कुमार, प्रशिक्षण अधिकारी प्रमोद कुमार और प्रबंधक संचार दिनेश कुमार ने भाग लिया।

# पढ़ाई के साथ खेलकूद में प्रतिस्पर्धा जरुरी : मनोज कुमार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कोंच।** गांधी उच्च विद्यालय, कोंच में मशाल के तहत ऊंची कूद, लंबी कूद, वॉलीबाल, 60 मी. दौड़, 100 मी. दौड़, 600 मी. दौड़ इत्यादि प्रतिस्पर्धा का आयोजन रविवार को किया गया जिसमें अंडर-14 तथा अंडर-16 बालक एवं बालिका का चयन किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक मनोज कुमार एवं शारीरिक शिक्षक चंद्रशेखर कुमार राय ने बताया कि बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद में रुचि लाना, कंपटीशन में सम्मिलित करना, बच्चों को प्रोत्साहन देना शिक्षकों के लिए सबसे बड़ी जवाब देही है। ताकि बच्चे शारीरिक क्षमता से भी मजबूत रहे। इस मौके पर अशोक कुमार, राजीव कुमार, अरुणेश्वन प्रसाद सिन्हा, शिवनारायण कुमार, अब्दुल मदीन, सुशील कुमार, प्रीतम कुमार समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# आतंक के खिलाफ इंडिया गठबंधन का कैंडल मार्च

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** पहलगाम आतंकी घटना के खिलाफ शुक्रवार को गया में इंडिया गठबंधन द्वारा कैंडल मार्च निकाला गया। गांधी मैदान जेपी झरना से निकला मार्च राय काशी नाथ मोड़, कचहरी, समाहरणालय, जीबी रोड होते टावर चौक पहुंचा जहां सभा किया गया। मार्च का नेतृत्व भाकपा माले जिला सचिव निरंजन कुमार, तारिक अनवर, रीता वर्णवाल, सीपीएम के कपिल प्रसाद व मोहम्मद शमीम, सीपीआई से राम जगन गिरी, कांग्रेस नेता ओमैर खान, जिलाध्यक्ष संतोष कुशवाहा, विजय कुमार मिट्टू, राजद से जुगनू यादव, भंटा पासवान कर रहे थे। वक्ताओं ने कहा कि इंडिया गठबंधन पहलगाम में जघन्य हमले की कड़ी निंदा करती है तथा मृतकों के प्रति गहरी संवेदना और उनके परिजनों के प्रति एकजुटता प्रकट करती है। वहीं भाकपा माले जिला सचिव निरंजन कुमार ने कहा कि पहलगाम की घटना एक बार फिर साबित करती है कि कश्मीर में हालात सामान्य होने के सरकार के दावे खोखले हैं। आम नागरिकों, प्रवासी मजदूरों और अब पर्यटकों पर हो रहे हमले इस बात की गवाही देते हैं कि शांति और सुरक्षा की स्थिति बेहद चिंताजनक है। भारी सैन्य उपस्थिति और लोकतांत्रिक आवाजों के दमन के बावजूद, मोदी सरकार कश्मीर में आतंकी घटनाओं को रोकने में विफल रही है। वहीं दुख की बात है कि इस त्रासदी की आड़ में भाजपा युद्धोन्माद और सांप्रदायिक नफरत फैलाने में जुट गई है। हमले के चंद घंटों बाद ही भाजपा के सोशल मीडिया हैंडल से विभाजनकारी कंटेंट प्रसारित किया गया। मृतकों का कार्टून बनाकर यह कहा गया कि उन्होंने जाति नहीं, धर्म पूछकर गोली मारी जबकि सच्चाई यह है कि हमले में मारे गए लोगों में मुसलमान भी हैं। ऐसे समय में जब सरकार को अपनी विफलता स्वीकार करनी चाहिए थी, भाजपा नफरत फैलाने के अपने घृणित एजेंडे में जुटी है। सुरक्षा में बार-बार चूक और निर्दोष पर्यटकों की रक्षा में असफल केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी को जवाब देना होगा। इंडिया गठबंधन की कतार इस आतंकवादी घटना और उसके बहाने फैलाए जा रहे नफरत के खिलाफ मजबूती से एकजुट होकर खड़ी है। कार्यक्रम में भाकपा माले नगर प्रभारी तारिक अनवर, रीता वर्णवाल, रामचंद्र प्रसाद, रामानंद सिंह, बरती चौधरी, नवल किशोर यादव, रघुनंदन शर्मा, मोहम्मद शाकिब, मोहम्मद नेहाल समेत दर्जनों लोग शामिल थे।

# राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय को अंगवस्त्र देकर किया स्वागत


**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सह मध्यप्रदेश सरकार के नगर विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय शुक्रवार को अचानक बनारस से सीधे गया जंक्शन पहुंचे। इसके बाद विष्णुपद मंदिर में अपने पूर्वजों का पिंडदान किया। पिंडदान करने के बाद भारतीय जनता पार्टी के पूर्व मीडिया प्रभारी संतोष ठाकुर, जिला कोषाध्यक्ष दीपक पांडे, पूर्व मंडल महामंत्री कमल बारीक, बूथ अध्यक्ष बबन बारीक ने राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय को पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र देकर स्वागत किया। इस आत्मीय स्वागत पर राष्ट्रीय महासचिव ने कहा कि इस स्वागत को दिल से स्वीकार किया और कार्यकर्ताओं को उनके समर्थन और मेहनत के लिए धन्यवाद दिया। उक्त जानकारी संतोष ठाकुर पूर्व जिला मीडिया प्रभारी भाजपा गया ने दी है।

# अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद ने किया समरसता दिवस पखवाड़ा का आयोजन

## अधिवक्ताओं के लिए इंश्योरेंस स्कीम जल्द होगी लागू : केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद, बिहार प्रांत इकाई द्वारा पटना उच्च न्यायलय परिसर स्थित बिहार स्टेट बार कॉउंसिल भवन के ब्रजकिशोर सभागार में समरसता दिवस पखवाड़ा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत मुख्य अतिथि केंद्रीय कानून एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, विशिष्ट अतिथि राज्यसभा सांसद एवं बार कॉउंसिल ऑफ इंडिया के चेयरमैन मनन कुमार मिश्रा, वरीय अधिवक्ता एवं अडिशनल सॉलिसिटर जनरल ऑफ इंडिया डॉ. के एन सिंह, बिहार स्टेट बार कॉउंसिल के अध्यक्ष रमाकांत शर्मा एवं अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद, बिहार के प्रदेश महामंत्री संजीव कुमार द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर की गई। इसके पश्चात अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद द्वारा आगत अतिथियों का मोमेंटो एवं अंग वस्त्र देकर स्वागत किया गया। डॉ. अंबेडकर के दृष्टि एवं विचार विषय पर लोगों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि केंद्रीय कानून एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने बाबा साहेब के जीवन पर चर्चा करते हुए उनके सामाजिक समरसता की बात कही। उन्होंने कहा कि उनके जीवन यात्रा में बिहार की धरती का भी बहुत योगदान रहा। डॉ. सच्चिदानंद सिन्हा, डॉ. राजेंद्र प्रसाद एवं जय प्रकाश नारायण जैसे महापुरुषों का अहम योगदान रहा है जो सामाजिक समरसता का प्रतीक है। अर्जुन राम मेघवाल ने समाज में सामाजिक समरसता फैलाने की जरूरत है तभी बाबा साहेब का सपना पूरा होगा। उन्होंने अधिवक्ताओं के लिए इन्श्योरेंस स्कीम जल्द लागू करने की बात कही। साथ ही उन्होंने अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट और अधिवक्ताओं के फी स्ट्रक्चर पर भी विचार कर जल्द खुशखबरी देने की बात कही। उन्होंने लीगल सेक्टर में पूर्ण रूप से सुधार लाने का भरोसा जताया। वहीं मनन कुमार मिश्रा, डॉ. के एन सिंह और रमाकांत शर्मा ने भी इस विषय पर अपनी - अपनी बातों को रखा। अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद, बिहार के प्रदेश महामंत्री संजीव कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि हमारे लिए यह गर्व की बात है की पहली बार किसी केंद्रीय कानून मंत्री ने बिहार स्टेट बार काउंसिल भवन में उपस्थित होकर अपना संबोधन दिया है। इससे हम अधिवक्ताओं को ऊर्जा और हौसले की अनुभूति हुई है। उन्होंने अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद की मांगों को केंद्रीय मंत्री के समक्ष रखा और उसपर विचार करके जल्द लागू करने की मांग की। कार्यक्रम में राष्ट्रीय परिषद सदस्य डॉ. चंद्रशेखर आजाद, अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद के प्रदेश अध्यक्ष विनोद कुमार, क्षेत्रीय सचिव सुनील कुमार, रविकांत तिवारी सहित अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद से जुड़े सभी लोगों की उपस्थिति रही।

# एनसीसी में एनरोलमेंट को डीएवी पब्लिक स्कूल मानपुर में जांच परीक्षा सम्पन्न


**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** 27 बिहार बटालियन एनसीसी गया के समादेशी पदाधिकारी कर्नल एएस पारीकर के निर्देशन में और प्रशासनिक पदाधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल रोहित चौहान के मार्गदर्शन में बटालियन के अधीन आने वाले डीएवी पब्लिक स्कूल मानपुर में अवस्थित एनसीसी टूप में शनिवार को भर्ती की प्रकिया हुई। इस दौरान सर्वप्रथम दौड़ कराया गया। उसके बाद बिम्ब, शिट अप, पुश, लंबाई माप करवाया गया तथा फिजिकल फिटनेस एवं एनसीसी में भर्ती के जो मापदंड है उनकी जांच की गई। समादेशी पदाधिकारी ने बताया कि इस दौर से गुजरने के बाद लिखित परीक्षा का आयोजन किया गया जिसका परिणाम एक सप्ताह तक आने को उम्मीद है। सफल छात्र का ही एनसीसी में एनरोलमेंट होना है जिसमें 50 कैडेट्स की भर्ती एनसीसी में की जानी है। इस भर्ती प्रक्रिया में 83 छात्र और 30 छात्रा शामिल हुए। इस मौके पर सूबेदार मेजर सरदारी लाल, ट्रेनिंग जेसीओ सूबेदार सूरज सोरेन, ट्रेनिंग एनसीओ हवलदार वाई.के. यादव मौजूद थे।

# पुरानी परम्पराएं टूट रहीं और मॉडर्न रूप ले रही मांगलिक रस्में

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**





**कोंच।** आधुनिकता की चकाचौंध में परंपराएं धीरे- धीरे दम तोड़ रही है। इसका असर मांगलिक रस्मों और रिवाज पर भी साफ दिखाई दे रहा है। बारात में दूल्हे राजा की सवारी अब पारंपरिक पालकी (डोली) में नहीं, बल्कि चमचमाती लग्जरी कारों में सज रही है। शादी में समधी की पीली धोती और पगड़ी की जगह स्टाइलिश कुर्ते और सूट ने ले ली है। शादी विवाह जैसे पवित्र अवसरों की रौनक अब बदले हुए तौर तरीकों में सिमट रही है जहां परंपरागत रीति रिवाज आधुनिकता की भेंट चढ़ रहे हैं। एक दौर था जब बारात की शोभा दूल्हे की पालकी और शहनाई की मधुर धुन से बढ़ती थी। ढोल नगाड़ों की थाप पर लोग थिरकते थे और बारात की मर्यादा का विशेष ध्यान रखा जाता था, लेकिन अब यह सब इतिहास बनता जा रहा है। शहनाई की जगह डीजे, पॉप म्यूजिक और भांगड़ा ने ले ली है। ढोल नगाड़ों को अंग्रेजी बिट्स और इलेक्ट्रॉनिक बाजों ने पीछे छोड़ दिया है। शादी समारोह में अब बारात की शोभा बढ़ाने के लिए महंगे वाहनों का चलन बढ़ गया है। दूल्हे के लिए सजाई गई लग्जरी कारें न केवल स्टेटस सिंबल बन रही हैं बल्कि परंपरागत पालकी को पूरी तरह विस्थापित कर चुकी हैं। शादी में सामूहिकता और रिश्तों की गर्माहट का प्रतीक रही पंगत प्रथा भी अब गायब हो रही है। मेहमानों को जमीन पर बैठाकर पत्तल में भोजन परोसने की परंपरा की जगह बफे सिस्टम ने ले ली है। लोग अब स्टॉल्स पर खड़े होकर खाना पसंद करते हैं। रिश्तेदारों और सगे संबंधियों का महीना तक जमावड़ा भी अब बीते दिनों की बात हो गई है। शादी समारोह अब वनडे मैरिज सेरेमनी में सिमट रहे हैं जहां रिश्ते नाते औपचारिकता तक सीमित हो गए हैं।

**मांगलिक गीतों का बदला स्वरूप, गोधूलि बेला की परंपरा गायब**

मांगलिक अवसरों पर गाए जाने वाले पारंपरिक गीत, जो महिलाओं की सुमधुर आवाज में गूंजते थे। अब या तो फिल्मी धुनों में ढल गए हैं या कैसेट और साउंड सिस्टम में बजाए जा रहे हैं। जयमाला और मुंह दिखाई जैसे रस्म में भी अब औपचारिकता बनकर रह गई हैं।

**आधुनिकता की चादर में लिपटे रिवाज**

शादी समारोह में रात भर चलने वाली महफिलें जहां गीत - संगीत और हंसी ठिठौले से माहौल गुलजार रहता था। अब गायब हो चुकी है। बारात में शामिल लोग अब डीजे की धुन पर थिरकने को प्राथमिकता देते हैं। पहले शादी में पूरा गांव जुटता था। रिश्तों की गर्माहट और परंपराओं का सम्मान देखने लायक होता था। अब सब कुछ जल्दबाजी और दिखावे में सिमट गया है। यह बदलाव केवल रस्मों तक सीमित नहीं है।

**परंपरा धूमिल हो चुकी है**

पहले दुल्हन को ससुराल आने के बाद ही देखा जाता था, लेकिन अब सोशल मीडिया और प्री वेडिंग सूट्स के दौर में यह परंपरा धूमिल हो चुकी है। गोधूलि बेला में दरवाजा लगाने और द्वार पूजा की रस्में भी अब देर रात तक टल रही है। डीजे की तेज आवाज और रोड लाइट की चमक में युवाओं के डांस के बीच दरवाजा लगाने की परंपरा अपने गरिमा को खो रही है। लोग अब स्टॉल्स पर खड़े होकर खाना पसंद करते हैं। यह सब सभी धर्मों के रस्मों में देखने को मिल रहे हैं।

CMYK

संपादकीय

# क्यों बंद हो रहे स्टार्ट अप्स ?

देश में स्टार्ट अप इंडिया योजना के हो हल्ले के बीच चिंताजनक खबर यह है कि बीते दो वर्षों में 28 हजार से अधिक स्टार्ट अप बंद हो चुके हैं। आने वाले समय में यह संख्या और बढ़ सकती है। एक अंग्रेजी अखबार के मुताबिक यह तथ्य डेटा इंटेलिजेंस प्लेटफार्म 'ट्रैक्सन' की रिपोर्ट में उजागर हुआ है। गौरतलब है कि स्टार्टअप से तात्पर्य एक इकाई से है, जो भारत में पांच साल से अधिक से पंजीकृत नहीं है और जिसका सालाना कारोबार किसी भी वित्तीय वर्ष में 25 करोड़ रुपये से अधिक नहीं है। यह एक इकाई है जो प्रौद्योगिकी या बौद्धिक सम्पदा से प्रेरित नये उत्पादों या सेवाओं के नवाचार, विकास, प्रविस्तारण या व्यवसायीकरण की दिशा में काम करती है। ट्रैक्सन के अनुसार भारत में इन दो वर्षों में बंद होने वाले स्टार्टअप की संख्या साल 2019 और 2022 के बीच तीन सालों में बंद होने वाले 2300 स्टार्टअप से कहीं ज़्यादा है। इस साल अब तक 259 स्टार्टअप्स बंद हो चुके हैं। जबकि साल 2023 में यह आंकड़ा क्रमशः 15 हजार 921 और 2024 में 12 हजार 717 रहा था। इसी तरह, साल 2024 में शुरू किए गए स्टार्टअप्स की संख्या भी घटकर केवल 5264 रह गई, जबकि 2019 से 2022 के बीच हर साल औसतन 9600 से अधिक स्टार्टअप्स लॉन्च किए जा रहे थे। बंद होने के साथ नए स्टार्ट अप शुरू होने की गति भी बहुत धीमी हो गई है। रिपोर्ट के मुताबिक इस साल अब तक सिर्फ़ 125 स्टार्टअप ही शुरू हुए हैं। जिन सेक्टर में सबसे ज़्यादा स्टार्टअप्स बंद हुए हैं, उनमें एग्रीटेक, फिनटेक, एडटेक और हेल्थटेक शामिल हैं। बताया जाता है कि इन क्षेत्रों के स्टार्टअप्स के विफल होने की मुख्य वजह शुरुआती दौर में भारी पूंजी निवेश रहा, जिससे नकद खर्च बहुत अधिक हो गया और हर हाल में तेजी से बढ़ने की सोच हावी हो गई। इसके साथ ही ग्राहकों को लंबे समय तक बनाए न रख पाने की समस्या भी रही, जिससे संचालन खर्च और बढ़ गया। इसी तरह अधिग्रहणों की गति भी धीमी है। ट्रैक्सन के अनुसार, स्टार्टअप अधिग्रहणों की संख्या साल 2021 में 248 से घटकर पिछले साल 131 रह गई है। अलग-अलग स्टार्टअप को साथ लाने के सार्थक प्रयासों की कमी इसका कारण है। साथ ही इसी वजह से लगातार ऐसे कारोबार बंद भी हो रहे हैं। आधिकारिक जानकारी के अनुसार भारत में डीपीआईआईटी-मान्यता प्राप्त स्टार्टअप की संख्या जो 2016 में लगभग 500 थी, वो बढ़कर 15 जनवरी, 2025 तक 1 लाख 59 हजार157 हो गई है। 31 अक्टूबर, 2024 तक, कुल 73 हजार151 मान्यता प्राप्त स्टार्टअप में कम से कम एक महिला निदेशक शामिल है, जो भारत में महिला उद्यमियों के उदय को दर्शाता है। ट्रैक्सन की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार राहत की बात यह है कि बावजूद स्टार्ट अप्स के बड़ी संख्या में बंद होने के भारत दुनिया में स्टार्टअप इकोसिस्टम में तीसरे स्थान पर है और इसकी वृद्धि थमी नहीं है। भारत के स्टार्टअप इकोसिस्टम ने 2025 की पहली तिमाही में 2.5 बिलियन डॉलर की फंडिंग हासिल करके अपनी बढ़ोतरी जारी रखी। फिर भी देश में स्टार्ट अप अगर बंद हो रहे हैं तो यह अपने आप में गंभीर बात और सरकार के उद्देश्यों से विचलित करने वाली है। इनके फलने फूलने की राह में जो समस्याएं आ रही हैं, सरकार को उन्हें प्राथमिकता के साथ हल करना चाहिए। पहले जानकारी आई थी कि स्टार्ट अप्स के जरिए देश में 16 लाख से ज्यादा नौकरियां सृजित हुई हैं। यह सिलसिला आगे बढ़ता रहना चाहिए, क्योंकि रोजगार और नवाचार ही स्टार्ट अप्स की जान हैं तथा नए भारत का संकल्प भी है।

# पहलगाम हमले से सन्न देश

**निस्संदेह, पहलगाम के बायसरन घाटी हमले पर पूरा देश क्षुब्ध है। चुन-चुनकर 26 निहत्थे हिन्दू पर्यटकों की हत्या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के अंदर जम्मू कश्मीर के स्पष्ट दिख रहे परिवर्तित हालात की दृष्टि से असामान्य और सन्न करने वाली घटना है। सन् 2000 के बाद पहलगाम क्षेत्र का यह सबसे बड़ा हमला है जिसमें 30 लोग मारे गए थे। पहलगाम जम्मू कश्मीर का प्रसिद्ध पर्यटक स्थल है और वहां से लगभग 10 किलोमीटर दूर बायसरन घाटी में पर्यटक पिकनिक मनाने आनंद लेने जाते हैं। हरियाली और पूरा वातावरण गर्मी में जम्मू कश्मीर जाने वाले पर्यटकों को खींचता है। कहने वाले इसे स्विट्जरलैंड का प्रतिरूप भी बताते हैं। लोग घुड़सवारियों से लेकर अलग-अलग किस्म का आनंद लेते हैं।**

अवधेश कुमार

ट्रैकिंग का एक कैंप साइड है जो तोलिया झील तक पर्यटकों को ले जाता है। पहलगाम से टट्टुओं के जरिए इस क्षेत्र तक पहुंचा जा सकता है और रास्ते में पहलगाम शहर और लीडर घाटी का मनोरम दृश्य है। वायसरन नमक घास का मैदान चारों ओर घने देवदार के जंगलों और पर्वतों से घिरा है। चूंकि जम्मू कश्मीर की स्थिति पिछले 5-6 वर्षों में काफी हद तक सामान्य हो गई है इसलिए भारी संख्या में लोग अपने परिवार के साथ निर्भय होकर चारों ओर घूमते हैं। स्थानीय लोगों की दुकानें और अन्य कारोबार चल निकले हैं। यह घटना भी एक सामान्य चाय नाश्ते की दुकान पर हुई। इस तरह की दुकानें कश्मीर घाटी से नदारत हो गए थे। आतंकवादियों के लिए ऐसी जगह अंधाधुंध गोलीबारी कठिन नहीं है। घटना का विवरण और इसकी पृष्ठभूमि हमें कई बातों पर विचार करने के लिए बाध्य करता है। आखिर यह कौन सी सोच है जिसमें आतंकवादियों ने मजहब प्रमाणित करके लोगों को मारा?

प्रधानमंत्री मोदी ने घटना को इतनी गंभीरता से लिया कि सऊदी अरब की यात्रा बीच में रोक वापस लौटे, विदेश मंत्री और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार के साथ बैठक की तथा गृहमंत्री अमित शाह सीधे कश्मीर पहुंचे। इसके साथ गृह मंत्री शाह का घटनास्थल तक जाना आतंकवाद के विरुद्ध ही नहीं जम्मू कश्मीर को हर दृष्टि से सामान्य, शांत और समृद्ध बनाने की सरकार की प्रतिबद्धता को प्रमाणित करता है। ऐसी भूमिका से लोगों को सुरक्षा का आश्वासन मिलता है तथा आतंकवादियों एवं उनको प्रायोजित करने वाली शक्तियों को सख्त संदेश। चूंकि यह घटना अमरनाथ यात्री निवास नुनवान बेस कैंप से महज 15 किमी. दूर हुआ और 3 जुलाई से अमरनाथ यात्रा शुरू हो रही है तो यह मानने में भी समस्या नहीं है कि पर्यटकों के साथ तीर्थयात्रियों के अंदर भय पैदा करने के लिए हमला हुआ। इसके साथ अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस की यात्रा तथा प्रधानमंत्री की सऊदी अरब जैसे प्रमुख मुस्लिम देश के दौरे से भी इसका संबंध जोड़ा जा सकता है।



आतंकवादी संगठन 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' (टीआरएफ) ने हमले की जिम्मेदारी ली है। इसके बारे में जानकारी यही है कि जब पाकिस्तान पर आतंकवादी संगठनों को प्रतिबंधित करने और नियंत्रित करने का दबाव बढ़ा तो लश्कर ए तैयबा और अन्य संगठनों ने टीआरएफ नाम कर लिया। इसका प्रमुख शेख सज्जाद गुल पाकिस्तान में है। प्रधानमंत्री सऊदी अरब से लौटते समय पाकिस्तानी वायु मार्ग का इस्तेमाल नहीं करते तथा साढ़े पांच घंटे लगाकर भारत आते हैं तो इसके निहितार्थ भी स्पष्ट हैं। सरकार को पाकिस्तान की भूमिका की सटीक सूचना नहीं होती तो ऐसा नहीं होता। जो जानकारी है उसके अनुसार आतंकवादी पाकिस्तान से निर्देश ले रहे थे। आंतरिक संकटों से ग्रस्त पाकिस्तान और छवि सुधारने के लिए संघर्षरत सेना-आईएसआई के पास एकमात्र रास्ता जम्मू कश्मीर ही बचता है। जिस तरह सेना का उपहास उड़ाया जा रहा है, लोग सेना के विरुद्ध सड़कों पर उतरे हैं, उसके भ्रष्टाचार और विफलता के विवरण मीडिया, सोशल मीडिया में सामने आए हैं उनसे सेना की चिंताएं बढ़ीं हुई हैं। सेना प्रमुख जनरल आसिफ मुनीर का घृणाजनक और मुस्लिमों को भड़काने वाला भाषण इसी कड़ी का अंग था। वस्तुतः जनरल मुनीर ने नए सिरे से इस्लामी जेहाद की बात की। उन्होंने कहा कि हिंदू और मुसलमान साथ नहीं रह सकते क्योंकि हम दो अलग कौम हैं। हमने पाकिस्तान के निर्माण के लिए लंबा संघर्ष किया है इसे मत भूलना। हालांकि सच यह है कि मुस्लिम लीग को पाकिस्तान निर्माण के लिए कोई आंदोलन नहीं करना पड़ा। उन्होंने जम्मू कश्मीर की चर्चा की। यह संकेत था कि सेना ने जम्मू कश्मीर में हिंसा करने की कुछ दीर्घकालीन तैयारियां की है। पाकिस्तान की आम जनता के विद्रोह से बचने के लिए यही एकमात्र रास्ता उनके पास बचा था। देश में जब भी आतंकवाद के संदर्भ में पाकिस्तान का नाम लिया जाता है कुछ लोग इसके विरुद्ध खड़े होते हैं और कहते हैं कि आर्थिक दृष्टि से विपन्न देश भारत के विरुद्ध हिंसा कैसे कर देगा। भूल जाते हैं कि हिंसा करने के लिए शक्तिशाली होना आवश्यक नहीं है। जम्मू कश्मीर में इस्लाम के नाम पर भड़काना और पहले से व्याप्त आतंकवादियों के इंफ्रास्ट्रक्चर को केवल सक्रिय करना है। जनरल मुनीर ने यही किया है। सोशल मीडिया पर पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में कुछ दिनों पहले रिकॉर्ड किया गया एक वीडियो भी शेयर हो रहा है, जिसमें एक आतंकवादी जनसभा में खुलेआम भारत को लहूलुहान करने की धमकी दे रहा है। इनकी सोच और रणनीति देखिये। घायल पुणे की आसाबरी जगदाले बता रहीं हैं कि आतंकवादी आए तो उनका परिवार डर से टेंट के अंदर छिपा था। उन्होंने उनके 54 वर्षीय पिता संतोष जगदाले से कहा कि वे बाहर आकर कलमा पढ़ें और जब वे ऐसा नहीं कर पाए, तो उन्हें तीन बार गोली मारी। उनके चाचा को भी गोली मारी। एक महिला बता रही है कि मैं और मेरे पति भेल खा रहे थे तभी आतंकी आये और बोले कि ये मुस्लिम नहीं लग रहे, इन्हें मार दो और मेरे पति को गोली मार दी। वे मुस्लिम हैं या हिंदू यह जानने के लिए लोगों को नंगा किया गया। जम्मू कश्मीर में आतंकवाद एवं अलगाववाद के पीछे सोच इसे इस्लामी राज्य में बदलना रहा है। इस्लाम के नाम पर ही आतंकवादी वहां अपनी जान देकर हमले करते रहे हैं। जनरल आसिफ मुनीर ने केवल इसे सार्वजनिक रूप से अभिव्यक्त कर दिया। सेना प्रमुख के बयान का अर्थ है कि लंबे समय से इस पर काम किया जा रहा था। आतंकवादियों की योजना यही है कि वह कश्मीर के स्थानीय मुस्लिम निवासियों को संदेश दें कि हम मुसलमान होकर आपके हैं और गैर मुसलमान हमारे साझा दुश्मन हैं।

हालांकि आतंकवादी संगठन, अलगावादी तथा पाकिस्तान भूल रहा है कि भारत, जम्मू कश्मीर और वैश्विक अंतर्राष्ट्रीय स्थितियां भी बदली हुई है। जम्मू कश्मीर के स्थानीय लोगों को अनुच्छेद 370 हटाने के बाद बदली स्थिति का लाभ मिला है। वे खुलकर हवा में सांस लेने लगे हैं, बच्चे पढ़ने लगे हैं, खेलकूद व सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग ले रहे हैं और सबसे बढ़कर विकास उनके घर तक पहुंच रहा है। पहले की तरह वहां आतंकवादियों से मुठभेड़ में सुरक्षा बलों के विरुद्ध प्रदर्शन, पत्थरबाजी और नारा नहीं लगता। यह तो नहीं कह सकते कि आतंकवादियों का स्थानीय समर्थन बिल्कुल खत्म हो गया है क्योंकि ऐसा होने के बाद उनका वहां रहना मुश्किल हो जाता। सारे अनुभव, लोगों की प्रतिक्रियायें एवं खुफिया जानकारियां बतातीं हैं कि स्थिति पहले की तरह तो नहीं है। पुराने मंदिर एवं अन्य गैर मुस्लिम धर्मस्थल धीरे-धीरे खुले हैं। कभी पाकिस्तान को अमेरिका या कुछ यूरोपीय देशों की अंतरराष्ट्रीय नीति के कारण शह मिल जाता था किंतु अब वह अकेला है। अफगानिस्तान तक उसके विरुद्ध खड़ा है तथा अंदर बलूचिस्तान, सिंध, वजीरिस्तान आदि में विद्रोह का झंडा बुलंद है। ज्यादातर प्रमुख मुस्लिम देश भी पाकिस्तान का साथ देने को तैयार नहीं।

भारत की स्थिति अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पिछले 10 वर्षों में काफी बदली है और दो बार सीमा पार कार्रवाई करके प्रदर्शित भी किया गया है कि हम प्रायोजित आतंकवाद का मुंह तोड़ जवाब देने वाले देश बन चुके हैं। अमेरिका, रूस और यूरोपीय देश ही नहीं कई मुस्लिम देशों ने इस घटना में भारत के साथ होने का बयान दिया है। इसलिए प्रधानमंत्री मोदी अगर दोषियों को बख्शे नहीं जाने की बात कर रहे हैं और अमित शाह मोर्चा संभाले हैं तो आतंकवादियों और उनके प्रायोजकों के लिए अब तक का सबसे बुरा समय होगा। देश के अंदर भी मोदी सरकार को बार-बार इस्लाम विरोधी और मुसलमान विरोधी बताने वाले समझें कि वे क्या कर रहे हैं। आतंकवादियों ने पुरुषों को मारकर महिलाओं को छोड़ते हुए कहा कि जाओ मोदी को बता दो क्योंकि वह हमारे मजहब का दुश्मन है।

अध्यात्म

## मानवता भीतर के संस्कारों से पनपती है



श्री टी.एन. शेषन जब मुख्य चुनाव आयुक्त थे, तो परिवार के साथ छुट्टीयां बिताने के लिए मसूरी जा रहे थे। परिवार के साथ उत्तर प्रदेश से निकलते हुऐ रास्ते में उन्होंने देखा कि पेड़ों पर गौरैया के कई सुन्दर घोंसले बने हुए हैं। यह देखते ही उनकी पत्नी ने अपने घर की दीवारों को सजाने के लिए गौरैया के दो घोंसले लेने की इच्छा व्यक्त की तो उनके साथ चल रहे। पुलिसकर्मियों ने तुरंत एक छोटे से लड़के को बुलाया, जो वहाँ मवेशियों को चरा रहा था। उसे पेड़ों से तोड़ कर दो गौरैया के घोंसले लाने के लिए कहा। लडके ने इंकार मे सर हिला दिया।श्री शेषन ने इसके लिए लड़के को 10 रुपये देने की पेशकश की। फिर भी लड़के के इनकार करने पर श्री शेषन ने बढ़ा कर 50 रूपए देने की पेशकश की। फिर भी लड़के ने हामी नहीं भरी। पुलिस ने तब लड़के को धमकी दी और उसे बताया कि साहब जज हैं और तुझे जेल में भी डलवा सकते हैं। गंभीर परिणाम भुगतने पढ़ेंगे।लड़का तब श्रीमती और श्री शेषन के पास गया और कहा- साहब, मैं ऐसा नहीं कर सकता। उन घोंसलों में गौरैया के छोटे बच्चे हैं अगर मैं आपको दो घोंसले दूं, तो जो गौरैया अपने बच्चों के लिए भोजन की तलाश में बाहर गई हुई है, जब वह वापस आएगी और बच्चों को नहीं देखेगी तो बहुत दुःखी होगी जिसका पाप मैं नहीं ले सकता। यह सुनकर श्री टी.एन. शेषन दंग रह गए। श्री शेषन ने अपनी आत्मकथा में लिखा है- मेरी स्थिति, शक्ति और आईएएस की डिग्री सिर्फ उस छोटे, अनपढ़, मवेशी चराने वाले लड़के द्वारा बोले गए शब्दों के सामने पिघल गई। पत्नी द्वारा घोंसले की इच्छा करने और घर लौटने के बाद, मुझे उस घटना के कारण अपराध बोध की गहरी भावना का सामना करना पड़ा था। यह बिल्कुल भी जरूरी नहीं कि शिक्षा और महंगे कपड़े मानवता की शिक्षा दे ही दें। और यह आवश्यक नहीं है, मानवता तो भीतर के संस्कारों से पनपती है। दया, करूणा, दूसरों की भलाई का भाव, छल कपट न करने का भाव मनुष्य को परिवार के बुजुर्गों द्वारा दिये संस्कारों से तथा अच्छी संगत से प्राप्त होती है। अगर संगत बुरी है, तो अच्छे गुण आने का प्रश्न ही नहीं उठता है।

# बोझ से कराहते पहाड़ों को चाहिए राहत का मलहम !

**बढ़ती भीड़ से पहाड़ कराह रहे हैं और वाहनों की बेतहाशा संख्या उनका कलेजा छलनी कर रही है। फिर भी पर्यटक बेफिक्र हैं और पहाड़ों के पहरेदार यानि प्रशासन निश्चिंत । पहाड़ लगातार इशारा कर रहे हैं, खुलेआम संकेत दे रहे हैं और कई बार सीधी चेतावनी भी, फिर भी वीकेंड पर शिमला से लेकर मसूरी तक और मनाली से लेकर नैनीताल तक पर्यटकों और उनके वाहनों का जाम लगा है। एक घंटे का सफर 6 से 8 घंटों में हो रहा है। इसके बाद भी, पहाड़ों पर जाने वालों की संख्या घटने की बजाए लगातार बढ़ ही रही है।**

संजीव शर्मा

यह स्थिति किसी एक पहाड़ी शहर या राज्य की नहीं है बल्कि देश के तमाम पर्वतीय राज्य लोगों और वाहनों की बेलगाम भीड़ से घायल हो रहे हैं। धूल, धुआं,कचरा,शोर और भीड़ का दबाव पहाड़ों का सीना घायल कर रहे हैं। वैसे, तो कमोवेश सभी पर्वतीय इलाकों का एक जैसा हाल है लेकिन शिमला जैसे शहर तो बर्बादी की कगार पर हैं। शिमला के हिमाचल प्रदेश की राजधानी और एक लोकप्रिय पर्यटन स्थल होने के कारण, पिछले कुछ दशकों में वाहनों की संख्या में तेजी से वृद्धि देखी गई है। इससे न केवल पर्यावरणीय संतुलन पर असर पड़ रहा है, बल्कि पहाड़ों की भौगोलिक संरचना और पारिस्थितिकी पर भी दबाव बढ़ रहा है।

शिमला हिमालय की दक्षिण-पश्चिमी श्रृंखलाओं में 2 हजार 206 मीटर अर्थात् 7 हजार 238 फीट की औसत ऊँचाई पर स्थित है। यह शहर सात पहाड़ियों पर बसा है और जाखू हिल यहां की सबसे ऊंची चोटी है। शिमला मूल रूप से ब्रिटिश काल में महज 25 हजार लोगों के लिए बनाया गया था, लेकिन आज यहाँ लगभग ढाई लाख लोग रहते हैं। इसके फलस्वरूप मानवीय उपस्थिति के साथ तमाम संसाधनों की मात्रा तेजी से बढ़ रही है।

शिमला जिले की आबादी 2011 की जनगणना के अनुसार, करीब 8 लाख 14 हजार थी, और 2025 तक इसके 9 लाख के करीब होने का अनुमान है। हिमाचल प्रदेश विधानसभा में 2019 में प्रस्तुत जानकारी के अनुसार शिमला शहर में रोजाना चलने वाले वाहनों की संख्या 2005 में 66 हजार 617 से बढ़कर 2019 तक 1 लाख 65 हजार से ज्यादा हो गई थी। यह वृद्धि लगभग 2.5 गुना है। यदि इस बढ़ोत्तरी के हिसाब से अनुमान लगाया जाए और स्थानीय लोगों की जानकारी पर भरोसा किया जाए तो इस साल तक शिमला शहर में पंजीकृत वाहनों की संख्या करीब एक लाख और पूरे जिले में पंजीकृत वाहनों की संख्या करीब ढाई लाख तक हो सकती है। नियमित तौर पर आने वाले पर्यटक वाहनों को मिलाकर यह आंकड़ा 3 लाख तक जा सकता है।

आंकड़ों के अनुसार शिमला जिले में सालाना करीब 2 करोड़ पर्यटक आते हैं और इनमें से कई अपने वाहन लेकर आते हैं। एक अन्य अनुमान के अनुसार पर्यटन सीजन के दौरान महज 10 दिनों में 55,000-60,000 वाहन शिमला आ जाते हैं तो साल भर में यह संख्या लाखों में हो सकती है। हालांकि, ये वाहन स्थायी रूप से पंजीकृत नहीं हैं, लेकिन सड़कों पर बोझ बढ़ाते हैं।

हाल ही में अपनी शिमला यात्रा के दौरान मैंने खुद यह महसूस किया कि वाहनों के दबाव बढ़ने के कारणों में एक प्रमुख कारण शिमला का पहाड़ी क्षेत्र होना भी है इसलिए यहाँ की सड़कें तीखी चढ़ाई वाली हैं। शिमला की सड़कें, विशेष रूप से शहरी और उपनगरीय क्षेत्रों में, कई जगहों पर 15 प्रतिशत से 30 प्रतिशत तक की चढ़ाई हैं। कुछ खास सड़कें, जैसे कि मॉल रोड से जाखू मंदिर या अन्य ऊँचे इलाकों तक जाने वाली सड़कें, काफी



खड़ी हैं। सड़कों के संदर्भ में, यह वाहनों के लिए काफी चुनौतीपूर्ण है, खासकर भारी वाहनों या कम शक्तिशाली इंजन वाले वाहनों के लिए तो यह वाकई पहाड़ चढ़ना ही होता है।

इतना ही नहीं, शिमला जिला भूकंपीय जोन IV में आता है, जो उच्च जोखिम वाला क्षेत्र है। वाहनों की लगातार आवाजाही से होने वाले वाइब्रेशंस से पहाड़ों की पहले से कमजोर भूगर्भीय संरचना और अस्थिर हो रही है। विशेषज्ञों का मानना है कि सड़क यातायात के कारण होने वाला कंपन भूस्खलन के खतरे को बढ़ाता है। 2023 में शिमला में हुए भूस्खलन जैसे मामले बताते हैं कि अत्यधिक वर्षा के साथ-साथ मानवीय गतिविधियाँ, जैसे सड़क निर्माण और यातायात इस खतरे को बढ़ा रहे हैं।

अध्ययनों से यह भी पता चला हैं कि वाहनों से निकलने वाला धुआँ और कार्बन उत्सर्जन हवा की गुणवत्ता को खराब कर रहा है। हिमाचल प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार, पर्यटन सीजन में शिमला में हवा की गुणवत्ता खराब हो जाती है। उत्सर्जन से निकलने वाली ब्लैक कार्बन बर्फ और ग्लेशियरों की सतह को काला कर देती है, जिससे सूरज की गर्मी अधिक अवशोषित होती है और बर्फ तेजी से पिघलती है। यह हिमालयी पारिस्थितिकी के लिए खतरा है।

बढ़ते वाहनों को संभालने के लिए सड़कों का चौड़ीकरण और नई सड़कें बनाई जा रही हैं, जैसे शिमला-चंडीगढ़ एक्सप्रेसवे। इसके लिए पहाड़ों को काटा जा रहा है और जंगल साफ किए जा रहे हैं, जिससे मिट्टी का कटाव बढ़ रहा है और पहाड़ कमजोर हो रहे हैं। भारी यातायात और सड़क निर्माण से प्राकृतिक जल निकासी व्यवस्था बाधित हो रही है। पानी पहाड़ों में रिसता है, जिससे उनकी स्थिरता कम होती है। विशेषज्ञों का कहना है कि अनियोजित निर्माण और ट्रैफिक इसका कारण है।

हालांकि,पहाड़ों पर बढ़ते दबाव को कम करने के लिए सरकार ने सरकारी वाहनों को इलेक्ट्रिक करने की योजना बनाई है। इसी तरह शिमला में मल्टी-स्टोरी पार्किंग बनाई गई है। अब जरूरत इस बात की है कि इसे और इसकी तरह की अन्य पार्किंग के अधिकतम उपयोग को प्रोत्साहित किया जाए। बेहतर बस सेवाएँ भी निजी कारों का संख्या को कम कर सकती हैं। इसके अलावा, सरकार रिज जैसे संवेदनशील क्षेत्रों को नो-व्हीकल जोन बनाकर मुसीबत को कम कर सकती है।

कुल मिलाकर शिमला में वाहनों की बढ़ती संख्या और जनसंख्या को तत्काल रोकना जरूरी है अन्यथा पहाड़ों पर दबाव बढ़ता जाएगा । यह भूस्खलन, प्रदूषण, वन कटाई और जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को और तीव्र कर रहा है। अगर इसे नियंत्रित न किया गया, तो शिमला की प्राकृतिक सुंदरता और स्थिरता खतरे में पड़ जाएगी ।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
प्रतियोगी परीक्षाओं में आपको अनुकूल परिणाम प्राप्त होंगे। इन्टरव्यू आदि में सफलता मिल सकती है। समाज में आपकी छवि मजबूत होगी।

**वृषभ**
अहंकार और क्रोध के कारण आपके काम बिगड़ सकते हैं। बॉस आपके ऊपर अधिक विश्वास नहीं कर रहे हैं। पूरे मनोयोग से अपने काम में लगे रहें।

**मिथुन**
पारिवारिक मुद्दों को लेकर नोंक-झोंक हो सकती है। समस्याओं का हल शान्तिपूर्वक निकालने का प्रयास करें। कब्जियत और गैस की समस्या हो सकती है।

**कर्क**
किसी महत्वपूर्ण वस्तु के गुम होने की आशंका है। नवीन कार्यों को लेकर पूरी जाँच-परख कर लें। वैवाहिक सम्बन्धों से थोड़ा उदासीन सकते हैं।

**सिंह**
दाम्पत्य सुखों में वृद्धि होगी। कारोबार को लेकर यात्रा हो सकती है। जॉब में उच्चपद प्राप्त हो सकता है। आज आप नयी तकनीक सीख सकते हैं।

**कन्या**
व्यापार में बिक्री कम होगी। आज महत्वपूर्ण कार्य दोपहर से पहले कर लें। सन्तान के व्यवहार पर नजर बनाकर रखें। गठिया रोगियों की समस्या बढ़ सकती है।

**तुला**
आपकी कार्यक्षमता में कमी आ सकती है। जीवनसाथी के प्रति विश्वास बनाकर रखें। दिन उतार-चढ़ाव से भरपूर रहेगा। व्यापारियों के लिये दिन चुनौतीपूर्ण है।

**वृश्चिक**
रचनात्मक विचारों का आप लाभ उठा पायेंगे। शोध कार्यों में आप काफी रुचि लेंगे। कार्यक्षेत्र में आप काफी ऊर्जावान होकर काम करेंगे।

**धनु**
दाम्पत्य जीवन में अनबन हो सकती है। आपकी बातें जीवनसाथी को चुभ सकती हैं। इसीलिये शब्दों का चयन सम्भालकर करें। अति आत्मविश्वास में आकर कोई काम न करें।

**मकर**
स्थान परिवर्तन को लेकर योजना बना सकते हैं। कारोबार में धीमापन हो सकता है। दिन की शुरुआत आपके लिये काफी अच्छी रहेगी। बुद्धिमान लोगों की संगत का लाभ मिलेगा।

**कुंभ**
प्रेम सम्बन्धों में धोखाधड़ी जैसी परिस्थितियाँ निर्मित हो सकती हैं। दोपहर तक का समय काफी नकारात्मक रहेगा। दूसरे पहर में आपका मूड कुछ ठीक होगा।

**मीन**
आज आपको परिवार को लेकर चिन्ता हो सकती है। सम्पत्ति को लेकर कोई बड़ा समझौता न करें। आपके जनसम्पर्क का दायरा मजबूत होगा।

# आत्महत्या मामले का पुलिस ने किया उद्भेदन

## प्रेम प्रसंग में युवक ने लगाई थी फांसी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**समस्तीपुर।** पुलिस के सक्रियता के कारण घटना के महज 12 घंटा के अंदर कांड का उद्भेदन करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया। इस बाबत प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जानकारी देते हुए एसपी संजय पाण्डेय ने बताया कि 25 अप्रैल को अहले सुबह पूसा थाना अन्तर्गत ग्राम मोरसंड स्थित एक आम के बगीचा में एक शव प्राप्त होने की सूचना मिली थी। मामले की जानकारी मिलते ही पूसा थाना पुलिस ने घटनास्थल पर पहुँचकर घटना का निरीक्षण एवं सत्यापन किया। मृतक की पहचान कर्पूरी ग्राम थाना क्षेत्र के पंचरुखी निवासी महेश्वर राम के पुत्र गौतम कुमार, (27) के रूप में की गई। मृतक के गला पर हल्का दबाव एवं सूजन पाया गया था। जिससे मामला प्रथम द्रष्टया आत्महत्या का प्रतीत हो रहा था। इस संबंध में मृतक के परिजन के लिखित आवेदन के आधार पर पूसा थाना में मामला दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया और शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजन को सौंप दिया गया। घटनास्थल के निरीक्षण के क्रम में एफएसएल टीम को घटनास्थल से एक महिला की अंतर्वस्त्र बरामद हुआ था जिसपर संदिग्ध धब्बे थे। उसे आधार बना कर परिजनो से पूछताछ और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पता लगा कि, मृतक का पूसा थाना के एक महिला के साथ प्रेम संबंध था। गुरुवार की रात वह उक्त महिला से बगीचा में मिलने आया था। बताया जाता है कि मृतक ने उक्त महिला को अपने साथ दिल्ली चलने के लिए कहा, साथ ही नहीं जाने पर फांसी लगाने की धमकी दी। मगर महिला ने दिल्ली जाने से साफ मना कर दिया। इसी बात पर उसने महिला की की साड़ी से ही आम के पेड़ में फांसी लगा लिया। शक के बिना पर गिरफ्तार करने के बाद पूछताछ में उक्त महिला ने अपराध स्वीकार कर लिया। उसके पास से 03 मोबाईल, 02 सिम, 01 तीन टुकड़ा में कटा हुआ साड़ी एवं 01 हंसुआ बरामद किया गया है। इस सफलता में पु0अ0नि0 ब्रजेश कुमार सिंह, थानाध्यक्ष पूसा थाना, के नेतृत्व में पु0अ0नि0 प्रियरंजन कुमार, पु0अ0नि0 श्रेया कुमारी, स0अ0नि0 गोरखनाथ सिंह, के साथ सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## प्रेम प्रसंग में युवती ने खाया जहर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**समस्तीपुर/विभूतिपुर।** थाना क्षेत्र के एक गांव में एक प्रेमी के प्यार परिजन रोड़ा बना तो प्रेमिका ने जहर खा लिया। जिसका इलाज के दौरान मौत हो गई । सूचना पर पहुंची पुलिस घटनास्थल से काफी मशक्कत करने बाद शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिया सदर अस्पताल भेज दिया है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि विगत दिनों थाना क्षेत्र के एक गांव में विगत कई महीनो से प्रेमी युगल का प्रेम प्रसंग का मामला चल रहा था। इसकी जानकारी परिजनों को हुई परिजनों ने इस प्रेम बंधन को परिणय सूत्र में बांधने का प्रयास किया। सफलता नहीं मिल रही थी। इसी बीच परिजनों के बीच सामान्य तौर पर लड़की पर उसके प्रेमी से नहीं मिलने जुलने का दावा बनाया गया। इस आक्रोश में आक्रोशित होकर प्रेमिका ने जहर खा ली। परिजनों को इसकी जानकारी हुई। जानकारी मिलते ही परिवार के लोगों ने उसे दलसिंहसराय के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान रविवार की सुबह मृत्यु हो गई। परिजनों ने इस घटना की सूचना विभूतिपुर पुलिस को दिया। पुलिस सूचना पर मृतक के घर पहुंची तो वहां पुलिस के साथ मृतक के परिजनों के द्वारा और सहजतापूर्ण पेस आने पर पुलिस हरकत में आई और काफी मशक्कत के बाद सबको पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल समस्तीपुर भेज दिया है। थाना ध्यक्ष आनंद कुमार कश्यप नेबताया कि प्राप्त सूचना के अनुसार जहर खाकर मृत्यु होना बताया जाता है, वैसे पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मामले का खुलासा होगा पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## मारपीट में तीन जख्मी

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के रजाकपुर में मारपीट में तीन लोग जख्मी हो गए। जख्मियों का इलाज प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नावकोठी में कराया जा रहा है। घटना को प्राथमिकी रजाकपुर निवासी गांगो सहनी के पुत्र मनोज सहनी ने दर्ज करायी है। उसने बताया है कि उसके घर की छत से लगी बांस की सीढ़ी उसके पड़ोसी चन्दन सहनी की चदरा की बनी घेराबंदी पर गिर गयी। इसी बात को लेकर चन्दन सहनी और उसके परिवार के लोग गाली-गलौज करने लगे। चन्दन सहनी घर घुसकर उसकी सीढ़ी तोड़ दिया तथा उसी से उसकी पिटाई करने लगा। जिससे उसका सर फट गया। बीच बचाव करने आयी उसकी मां वासमती देवी तथा पत्नी कविता देवी भी गंभीर रूप से जख्मी हो गयी। उसने चन्दन सहनी, उसकी पत्नी कंचन देवी, पुत्र नीतीश कुमार, सीपो सहनी की पत्नी खुशबू देवी पर मारपीट कर जख्मी करने का आरोप लगाया। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने कांड अंकित कर आगे की कार्रवाई शुरूकर दी है।

## एक नजर

### कांग्रेस ने चलाया हर घर झंडा अभियान

**बलिया (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के आह्वान पर साहेबपुर कमाल विधानसभा क्षेत्र मे हर घर कांग्रेस का झंडा लगाने का अभियान जारी है। इसी अभियान के तहत रविवार को बलिया प्रखंड क्षेत्र के सलाहचक और बड़ी बलिया उत्तरी नुरजमापुर पंचायत के दर्जनों घरो पर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी राकेश सिंह के नेतृत्व मे कांग्रेस नेताओं कार्यकर्ताओं ने आमलोगो के घरो पर कांग्रेस का झंडा लगाकर कांग्रेस पाटी के हर घर झंडा अभियान के नीति की जानकारी दी। कांग्रेस पाटी के लिए उनका समर्थन मांगा। इस अवसर पर कांग्रेस के जिला महासचिव पूर्व मुखिया इरशाद आलम कांग्रेस के मंडल अध्यक्ष मो नबाब, प्रेम कुमार मिश्रा, प्रखंड उपाध्यक्ष जय प्रकाश गुप्ता, ओम प्रकास पोद्दार, नगर अल्पसंख्यक कांग्रेस अध्यक्ष इसामूल हक, कांग्रेस नेता नवीन सिन्हा, गंगा महतो, बिक्रम गुप्ता, राजीव कुमार मिश्रा, शिवजी साह सहित दर्जनों ग्रामीण एवं कांग्रेस कार्यकर्त्ता शामिल हुए।

### राज्य जल श्रमिक संघ की राज्य कमेटी की बैठक

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बिहार राज्य जल श्रमिक संघ की राज्य कमिटी की बैठक हसनपुर बागर में आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता रमेश सहनी ने किया। सीटू महासचिव राम बालक सहनी ने कहा कि वरीय पदाधिकारी के आदेश को कनीय पदाधिकारी धता बता कर मनमानी कर रहे हैं। पशु एवं मत्स्य पालन के निदेशक ने पत्र जारी कर वन एवं पर्यावरण संरक्षण के तहत जल जीवन हरियाली कार्यक्रम के तहत आर्द भूमि के हस्तांतरण पर पूर्णतः पाबंदी लगाया है। इस निर्देश को सीओ धताबता कर चिल्हाय तथा जगदर पंचायत में पंचायत सरकार भवन तथा खेल मैदान का निर्माण करा रहे है। जलकर जल श्रमिकों के आजीविका का जरिया है। इससे जलकर के अस्तित्व पर खतरा उत्पन्न हो गया है।वही जल जीवन हरियाली कायक्रम के तहत जलकर में सालों भर पानी की व्यवस्था करने की जिम्मेदारी प्रशासन की है। पर अधिकांश जलकर सूखने के कगार पर है। जिससे इन जलकरों में डालें गए बीज के जीवित रहने के लिए खतरा उत्पन्न हो गया है। इससे लाखो रुपए की क्षति के साथ साथ मछुआरों के समक्ष रोजीरोटी पर भी संकट उत्पन्न होने की आशंका बलवती हो गई है। संघ परिवार के इशारे पर मौजूदा केन्द्र की सरकार श्रमिक विरोधी रवैया अपना रही है। इसके द्वारा केन्द्रीय श्रम कानून में संशोधन कर चार नये श्रमिक नीति की घोषणा की है। मौके पर अनिरुद्ध सहनी, राम सकल सहनी, सागर सहनी, मंटू सहनी छोटन सहनी, अमन सहनी आदि मौजूद थे।

### बिजली चोरी मामले में प्राथमिकी दर्ज

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** विद्युत ऊर्जा चोरी रोकथाम हेतु विभागीय पदाधिकारी व कर्मियों द्वारा विभिन्न गांवों मेंछापामारी की गई। छापामारी के क्रम में तीन लोगों द्वारा अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा का उपयोग करते हुए पकड़ा गया। इनके विरूद्ध थाने में भारतीय विद्युत अधिनियम की धारा 135 एवं अन्य सुसंगत धारा के तहत प्राथमिकी दर्ज कराया गया। जेई नीरज कुमार ने बताया कि विभागीय निर्देश के आलोक में महेशवाड़ा के वार्ड संख्या 02के आवासीय परिसर में छापामारी की गई। छापामारी के क्रम में पाया गया कि इनके द्वारा अवैध रूप से मीटर के पहले सर्विस तार छीलकर विद्युत ऊर्जा उपयोग किया जा रहा था। इससे नार्थ बिहार पावर डिस्ट्रिब्यूशन कंपनी लिमिटेड को 20,970 रुपए बिजली राजस्व की क्षति हुई है। वही इसी पंचायत के नौलखा के सुबोध कुमार भी मीटर बायपास कर अवैध रूप से बिजली का उपयोग करते हुए पकड़ा गया।इससे कुल 31,541रुपए बिजली राजस्व की क्षति का आकलन किया गया है। इसी पंचायत के नौलखा में ही बबलू महतो के यहाँ छापामारी के क्रम में अवैध रूप से बिजली का उपयोग करते हुए पकड़ा गया। इससे 20,862 रुपए राजस्व क्षति का आकलन किया गया। छापामारी दल में जेई नीरज कुमार के अलावे तकनीकी सहायक संजय कुमार, कार्यपालक सहायक प्रवीण कुमार, मानव बल धीरज कुमार आदि शामिल थे।

### महिला ने की आत्महत्या

**बलिया (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के नूरजमापुर में शनिवार की दोपहर बाद एक महिला के द्वारा पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या करना का मामला प्रकाश में आया है। महिला की पहचान थाना क्षेत्र के नूरजमापुर वार्ड 8 निवासी जितेंद्र महतो की 26 वर्षीय पत्नी नेहा कुमारी के रूप में कराई गई है। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे पुलिस के द्वारा शव को कब्जे में लेकर कागजी प्रक्रिया पूरी कर पोस्टमार्टम के लिए बेगूसराय सदर अस्पताल भेज दिया गया है। घटना के संबंध में प्रशिक्षु आईपीएस सह थानाध्यक्ष साक्षी कुमारी ने बताया कि सूचना मिली थी कि एक महिला फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। जिस सूचना पर पुलिस अधिकारी गौतम कुमार दास को मामले की छानबीन के लिए भेजा गया। जहां महिला का शव बिस्तर पर पड़ा हुआ था। गले में फंदे का निशान पाया गया। उन्होंने बताया कि महिला का पति जितेंद्र महतो परदेश में रहकर मजदूरी करता है। जबकि घर में उसके माता-पिता भाई-बहन के साथ पत्नी भी रहती थी।

# कब्र से शव निकालकर भेजा गया पोस्टमार्टम के लिए

## मृतक की पत्नी की शिकायत पर दंडाधिकारी की उपस्थिति में कार्रवाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**समस्तीपुर/उजियारपुर।** जिले के उजियारपुर पुलिस ने, शनिवार 26 अप्रैल की शाम को थाना क्षेत्र के अकहा विशनपुर गांव स्थित अन्नपूर्णा चैड़ से, जमीन के नीचे दफनाए गए एक युवक के शव को, दंडाधिकारी की उपस्थिति में बाहर निकाला है। मृत युवक की पत्नी की शिकायत पर उजियारपुर पुलिस ने उक्त कार्रवाई, करते हुए शव को कब्र से निकालकर, पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल समस्तीपुर भेज दिया है। मृत युवक की पहचान उजियारपुर थाना क्षेत्र के रायपुर पंचायत के अकहा विशनपुर गांव निवासी, स्वर्गीय राम बलम सदा के 38 वर्षिय पुत्र सुक्कन सदा उर्फ पिया सदा के रूप में की गयी है। इस संबंध में उजियारपुर थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने बताया कि शनिवार 26 अप्रैल को मृतक की पत्नी ममता देवी ने थाना को लिखित शिकायत दिया कि, 23 अप्रैल को उनके पति के मौत के बारे में गांव के ही कुछ लोगों ने बताया कि, अचानक उनके पति की मौत हो गयी है। जिसके बाद मृतक की पत्नी की रजामंदी पर उसके पति को दफना दिया गया है। जबकि उन्हें यह आशंका है कि उनके पति को अपने साथ ले जाने वाले व्यक्ति ने पीट-पीटकर हत्या कर दी है, तथा उन्हें बरगलाकर उनके पति के शव को दफना दिया है। सूचना मिलने के बाद उसने तत्काल इसकी जानकारी अनुमंडलाधिकारी दलसिंहसराय को दिया। जहां से नियुक्त दंडाधिकारी की मौजूदगी में शव को जमीन के अंदर से स्थानीय लोगों की मदद से खोदकर निकाला गया। कब्र स्थल पर फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया है। जिन्होंने उक्त स्थान से आवश्यक साक्ष्य एकत्रित किया है। अब यह हत्या है या सामान्य मौत इसका खुलासा तो पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही होगा। हालांकि घटनास्थल के आसपास के लोगों के बीच चर्चा का बाजार भी गर्म देखा गया। मौके पर दंडाधिकारी श्री भास्कर, थानाध्यक्ष उजियारपुर संजय कुमार सिंह, पुलिस अवर निरीक्षक मोहम्मद फहीम सहित अन्य पुलिस बल के साथ साथ सैकड़ों की संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## सात दिवसीय कथा का समापन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बछवाड़ा।** कादराबाद पंचायत के हादीपुर गांव में हो रहे सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के छठे दिन गोपियों संग रास, कंस वध, रुक्मणी विवाह और सातवें दिन कृष्ण-सुदामा मित्रता, परीक्षित मोक्ष समेत कई प्रसंगों का वर्णन करते हुए वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा-पाठ और हवन कर कन्या भोजन के पश्चात कथा का समापन शनिवार को किया गया है। कथावाचक आचार्य प्रमोद जी महाराज ने गोपियों संग रास,कंस वध और रुक्मणी विवाह समेत अन्य श्लोक का वर्णन कर बताया कि कथा प्रेम-भक्ति और समर्पण को दर्शाता है। यह लीला जीवात्मा और परमात्मा के मिलन का प्रतीक है और कथा सुनने से भक्तों को भगवान श्री कृष्णा की कृपा प्राप्त होती है। जो जीवन को सार्थक बनती है। कथा के छठे दिन श्री कृष्णा संग रुक्मणी विवाह को लेकर अलौकिक एवं संगीत के साथ पाठ किया गया। जिसमें श्री कृष्णा और रुक्मणी विवाह को लेकर एक से एक झांकियां प्रस्तुत की गई। जिसे देख श्रद्धालु भगवान का जयकारा लगाते हुए हर्षित और आनंदित दिखे। मौके पर आयोजक अमरजीत कुमार, व्यवस्थापक राम उदय सिंह, मुक्ति नारायण सिंह, मृत्युंजय मिश्रा, मनोज कुमार, वीरेंद्र पासवान, ओम कुमार, नंदलाल कुमार, अमन कुमार, गोलू कुमार, गुड्डू कुमार, अमित कुमार, समेत सैकड़ों श्रद्धालु और सुरक्षा बल मौजूद रहे।

## घर में फंदे से झूलता हुआ वृद्ध का शव बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विद्यापतिनगर।** थाना क्षेत्र के साहिट पंचायत अंतर्गत वार्ड संख्या 10 से रविवार को पुलिस ने एक घर में फंदे से झूलता हुआ वृद्ध का शव बरामद किया है। मृतक की पहचान साहिट पंचायत निवासी स्व. निर्धन महतो के पुत्र लक्ष्मी प्रसाद चैरसिया (70) वर्ष के रूप में की गई है। घटना के संबंध में बताया गया कि मृतक अपने घर में अकेले रहा करता था। रविवार को दोपहर बाद तक घर का दरवाजा बंद रहने पर पड़ोसियों के द्वारा दरवाजा खटखटाया गया, लेकिन अंदर से कोई आहट नहीं हुई। शंका होने पर लोगों ने बगल से झांक कर देखा तो वृद्ध अपने ही घर में फंदे से झूल रहा था। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घर का दरवाजा तोड़कर फंदे से झूलता हुआ वृद्ध का शव बरामद किया। स्थानीय लोगों ने बताया कि मृतक का दो पुत्र हैं, जो घर से बाहर रहकर मजदूरी करता है, वहीं दो बेटियों की शादी पहले ही हो चुकी है। लोगों का कहना है कि मृतक पिछले कुछ दिनों से डिप्रेशन में रह रहा था। ऐसी आशंका जताई जा रही है कि पारिवारिक कारणों से तंग आकर उसने खुदकुशी कर ली है। थानाध्यक्ष फिरोज आलम ने बताया कि पुलिस ने बंद घर से वृद्ध का शव बरामद किया है। शव का पंचनामा करा कर पोस्टमार्टम के लिए समस्तीपुर भेज दिया गया है।

## ईंट भट्ठों पर कार्यरत श्रमिकों का बच्चों को नामांकन कराने की अपील

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**समस्तीपुर।** जवाहर ज्योति बाल विकास केन्द्र, क्राई-चाइल्ड राइट्स एंड यू और एक्सेस टू जस्टिस फॉर चिल्ड्रेन ने ठाना है कि शिक्षा विभाग और श्रम संसाधन विकास विभाग के साथ मिलकर ईंट भट्ठों पर कार्यरत श्रमिकों के बच्चों का पोषक क्षेत्र के विद्यालयों में अभियान चलाकर नामांकन करायेगा। इस सम्बंध में जवाहर ज्योति बाल विकास केन्द्र के सचिव सुरेन्द्र कुमार ने विभिन्न विद्यालय शिक्षा समिति सदस्यों के साथ बैठक कर उन सभी का आह्वान किया है। ईंट भट्ठों पर श्रमिकों के 6 से 14 आयु वर्ग के सभी बच्चों को प्राथमिक शिक्षा उपलब्ध कराने को लेकर संस्था ने शिक्षा विभाग से आवश्यक कदम उठाने की अपील की है। शिक्षा विभाग के आला अधिकारियों के निर्देश के अनुसार इन बच्चों के नामांकन के लिए सभी सामाजिक संगठन अपने अपने स्तर पर सक्रिय हैं। समस्तीपुर के जिला शिक्षा पदाधिकारी और जिला पदाधिकारी से भी मांग किया गया है कि ईंट भट्ठों व अन्य निर्माण स्थलों पर श्रमिकों के बच्चों का बगल के विद्यालय में नामांकन कराने में अपेक्षित सहयोग करें। जवाहर ज्योति बाल विकास केन्द्र इसको लेकर सरायरंजन, मोरवा, पटोरी, मोहनपुर, विद्यापतिनगर और समस्तीपुर प्रखंड में स्थित ईंट भट्ठा पर रहनेवाले बच्चों का सर्वेक्षण करना शुरू किया है। सुरेन्द्र कुमार ने कहा कि निर्माण स्थलों पर कार्य करने के लिए कामगार व श्रमिक गांव छोड़ कर कार्य स्थल पर निवास करते हैं, जिसके कारण बच्चों को माता-पिता के साथ रहना पड़ता है। इसके चलते वे पढ़ाई-लिखाई से वंचित हो जाते हैं। शिक्षा के अधिकार अधिनियम के तहत 6 से 14 आयु वर्ग के प्रत्येक बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना अनिवार्य किया गया है। ऐसे बच्चों को चिह्नित करने के लिए इन प्रखंडों के प्रखंड स्तरीय अधिकारियों, स्थानीय स्वशासन के साथ एक टीम बनाया जाना है। सर्वेक्षण के लिए बीडीओ, बीइओ, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी, प्रखंड खनिज विकास पदाधिकारी व प्रखंड श्रम परिवर्तन पदाधिकारी को भी सहयोग हेतु पत्र दिया गया है। ईंट भट्ठों व अन्य निर्माण स्थलों पर श्रमिकों के बच्चों की पहचान कर नामांकन के लिए आसपास के निकटतम विद्यालय के प्रधानाध्यापक, विद्यालय के पोषक क्षेत्र में पदस्थापित शिक्षा स्वयंसेवक, विकास मित्र व आवश्यकतानुसार अन्य शिक्षकों की मदद लेने को कहा गया है। ईंट भट्ठा मालिक व अन्य नियोजकों को यह सुनिश्चित करने की अपील की गई है कि उनके यहां कार्य करने वाले श्रमिकों के बच्चों का नामांकन नजदीक के सरकारी अथवा निजी विद्यालय में हो। शिक्षा विभाग ने ऐसे बच्चों का नामांकन अकादमिक सत्र के बीच में कभी भी करने की व्यवस्था दी है। यह ज्ञात हुआ है कि कई बच्चों के माता पिता ईंट भट्ठा, बालू घाट, सड़क निर्माण, अन्य सरकारी या गैर सरकारी बड़ी परियोजनाओं में काम करने के लिए अपना गांव छोड़कर कार्यस्थल पर निवास करते हैं। बच्चों को अपने माता-पिता के साथ रहने की बाध्यता के कारण अपनी पढ़ाई से वंचित होना पड़ता है। इस परिस्थिति में जवाहर ज्योति बाल विकास केन्द्र ने यह कदम उठाया है।

## हथियारों के साथ दो बदमाश धराये

### दो हथियार सहित तीन गोली बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** पुलिस पदाधिकारी द्वारा समकालीन अभियान के तहत की गई छापामारी में दो बदमाशों को दो असलहे तथा तीन गोली के साथ गिरफ्तार किया गया है। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि गिरफ्तार बदमाश पहसारा के घनानंद कुमार तथा अंकित कुमार है। उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि घनानंद कुमार जो जेल से हाल ही छूटकर आया है। मोबाइल पर पैसे पर हथियार का फोटो भेजता है। हथियार लेकर चौक चौराहे पर जाकर लोगों में दहशत फैलाता है। लोग डर से उसके विरूद्ध जुबान नहीं खोलते हैं। सूचना के सत्यापन हेतु घनानंद कुमार के घर पर छापामारी की गई। वह घर पर मौजूद था। मोबाइल पर फोटो के संबंध में पूछताछ की गई तो उसने बताया कि हथियार मेरा है तथा अंकित कुमार मोबाइल पर भेजता है। उसके निशानदेही पर अंकित कुमार के घर पर छापामारी के लिए पुलिस टीम पहुंची। पुलिस को देखकर वह भागने का प्रयास किया। पुलिस जवान के सहयोग से उसे धर दबोचा गया। सोने वाले कमरे की तलाशी के क्रम में आलमारी से लोहे का बना दो पिस्तौल तथा तीन जिंदा गोली बरामद किया गया। पूछताछ के क्रम में घनानंद ने फाइबर बट वाला देसी उसके होने को स्वीकार किया। आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। समकालीन अभियान छापामारी में थानाध्यक्ष के अतिरिक्त पुअनि मनोज प्रसाद, अनिल कुमार सिंह, रंजीत कुमार तथा गृह रक्षा वाहिनी के जवान शामिल थे।

## जिले का टॉप टेन अपराधी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बलिया।** पुलिस और जिला आसूचना इकाई के संयुक्त प्रयास से शुक्रवार को टॉप 10 अपराधी को गिरफ्तार किया गया है। प्रशिक्षु आईपीएस सह थानाध्यक्ष साक्षी कुमारी ने बताया कि थाना क्षेत्र के लखमिनियां निवासी रामेश्वर यादव उर्फ फौजदार यादव का पुत्र कुमार यादव को गिरफ्तार किया गया है। जिस पर साहेबपुर कमाल थाना में हत्या एवं बलिया थाना में आर्म्स एक्ट के मामले के आरोपित है। बताया गया कि गुप्त सूचना मिली थी कि कुख्यात अपराधकर्मी कुमार यादव अपना घर लखमिनियां पहुंचा हुआ है। सूचना अनुसार बलिया थाने की पुलिस एवं जिला आसूचना इकाई पुलिस टीम को भेजा गया पुलिस को देख ने का प्रयास किया जिसे खादर कर पुलिस बल गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान गिरफ्तार अपराधी ने अपना नाम लखमिनियां निवासी कुमार यादव बताया। उक्त अपराधी के गिरफ्तारी के लिए छापेमारी चल रही थी। जो आखिरकार शुक्रवार को पुलिस के हत्थे चढ़ गया। जिस पर साहेबपुर कमाल थाना में अपहरण कर हत्या करने तुम बलिया थाना में थाना क्षेत्र में फायरिंग कर हत्या का प्रयास का मामला दर्ज है जिसमें यह फरार चल रहा था।

## लंबित कांडों के निष्पादन व गश्ती में लाएं तेजी : एसपी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बरौनी।** पुलिस कप्तान मनीष एवं प्रोबेशनर आईपीएस अधिकारी सह बलिया थानाध्यक्ष साक्षी ने शनिवार को दोपहर बाद अचानक बरौनी थाना पहुंच कर औचक निरीक्षण किया। वहीं इस दौरान निरीक्षी पदाधिकारी द्वारा गुंडा पंजी, गिरोह पंजी, लूट पंजी, फिरारी पंजी, अनुसंधान पंजी, आगंतुक पंजी, मालखाना पंजी, कार्य विवरणी तालिका, थाना दैनिकी पंजी, चार्जशीट पंजी, महिला हेल्पलाइन पंजी, शस्त्र अनुज्ञप्ति पंजी, थाना भवन का साफ-सफाई, डकैती पंजी, डोसियर पंजी, सीडी पाट वन, टू, सहित कई अन्य महत्वपूर्ण अभिलेखों, संचिकाएं, दस्तावेज का जांच कर सुधार लाने और अद्यतन करने का निर्देश दिया गया। वहीं निरीक्षण के दौरान पुलिस कप्तान बेगूसराय मनीष ने उपस्थित पुलिस पदाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि लम्बित कांडों के निष्पादन, फिरार वारंटी की गिरफ्तारी, गश्ती एवं वाहन जांच, संचिकाओं को अद्यतन करने में तेजी लाएं पुलिस पदाधिकारी। अनुसंधानकर्ताओं को निर्देश देते हुए कहा कि मामलों में साक्ष्य प्रस्तुत, साक्षियों की गवाही, केस डायरी लेखन में सक्रियता लाएं। लापरवाही और गैर जिम्मेदाराना रवैया कतई बर्दाश्त नहीं होगा। वहीं आईपीएस अधिकारी साक्षी ने निर्देश देते हुए कहा कि छोटे छोटे मामलों को भी गंभीरता से लेते हुए कारवाई करें। साथ ही कहा शराब की बरामद एवं शराब कारोबारियों के गिरफ्तारी में तेजी लाएं। साथ ही स्मैक, सत्यूशन, हिरोइन, गांजा के कारोबार में गुप्तचर बहाल कर आसूचनाओं का संकलन कर त्वरित कार्रवाई करें। ऐसा उन्होंने हाल में जीरोमाइल ओपी क्षेत्र में इस तरह के मादक पदार्थों के बरामदी को इंगित करते हुए कहा। मौके पर इंस्पेक्टर राजेश कुमार, महेंद्र प्रसाद यादव, थानाध्यक्ष बरौनी रंजन कुमार ठाकुर, पुलिस अवर निरीक्षक मो आलमगीर, आलोक कुमार, साक्षी , लक्ष्मी श्री सहित अन्य उपस्थित रहे।

## ‘साइकिल पे संडे’ की 550वीं यात्रा सम्पन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बरौनी।** साइकिल पे सन्डे अभियान के साथियों का जत्था लगभग 500 की संख्या में सिमरिया एक स्थित भोला स्थान घाट पहुंचा। मौका था आकाश गंगा रंग चौपाल एसोसिएशन बरौनी के सबसे लोकप्रिय कार्यक्रम साइकिल पे संडे की 550वीं यात्रा का। यात्रा पर्यावरण के साथ दिनकर की कविताओं को समर्पित किया गया था। इस अवसर पर मिशन हरियाली नूरसराय की ओर से दिए गए 500 अमरूद के पौधे का वितरण किया गया। लगभग 500 की संख्या में सिद्धपीठ बड़की दुर्गा मंदिर बीहट से साइकिल पर सवार साथियों का जत्था पंचायत भवन सिमरिया होते हुए भगवती मन्दिर के रास्ते शीतला मन्दिर, दिनकर आवास, काली मंदिर, उच्च विद्यालय होते हुए शर्मा टोला के रास्ते ऐतेहासिक स्थल स्मरण टिशन पहुंचा। जहां वाया नदी, स्थल को संरक्षित करने और पर्यावरण के संरक्षण को लेकर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। नए अंदाज में पीपल और बरगद वृक्ष की छांव में लघु संगोष्ठी किया गया। लघु संगोष्ठी में अपनी बात करते हुए पर्यावरणविद शिवप्रकाश भारद्वाज ने कहा कि आज कंक्रीट के जंगल से बचने की जरूरत है। समय आ गया है कि चौपालों और बगीचों की ओर लौटें। उन्होंने कहा कि दिनकर की कविताओं में प्रकृति प्रेम का माध्यम गंगा और ये झुरमुट रहे होंगे। युवा प्रहरी शिक्षक नितेश रंजन ने कहा कि आज के युवाओं को इस ओर जोड़ने की जरूरत है जिसको साइकिल पे सन्डे अभियान कर रहा है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए अभियान के संयोजक डा. कुंदन कुमार ने कहा कि अभियान का यह प्रयास है कि हम जल जंगल और जमीन को बचाने की मुहिम में आगे आएं। वहीं प्रवीण प्रियदर्शी ने कहा कि आज जल और जंगल दोनों की आवश्यकता बढ़ गयी है। सरकार को चाहिए कि वे सकरात्मक रूप से विकास कार्य करें। दिनकर पुस्तकालय सिमरिया के राजेश कुमार ने कहा जीवन के लिए पेड़ बहुत आवश्यक है। कार्यक्रम को मुखिया प्रतिनिधि ड गोपाल कुमार, पुस्तकालय समिति के रामनाथ सिंह, सचिव प्रदीप कुमार, शंभु सिंह, साइकिल पे सन्डे के विनोद भारती, अंशु कुमार, अक्षत कुमार, कुमार गौतम सहित अन्य ने संबोधित किया। संगोष्ठी की अध्यक्षता पुस्तकालय समिति के अध्यक्ष विश्वम्भर सिंह और धन्यवाद ज्ञापन सुजीत कुमार ने किया। मौके पर लक्ष्मणदेव, राजेन्द्र राय, प्रधानाध्यापक कुलदीप यादव, अमरदीप सुमन, पिंकू कुमार, शिक्षक मिथिलेश कुमार, अभियान के साथी कुणाल कुमार, शुभम कुमार, रामगोविंद, कन्हैया कुमार, विकास कुमार, कुणाल कुमार, गोविंद कुमार, शिव कुमार, राजू कुमार, अभय कुमार, नीतीश, राजा, अजीत, अंकित, अर्पित, शिवम, विकास, चंदन, रोहित, विराट सहित अन्य उपस्थित थे।

## राज्यस्तरीय होम्योपैथिक वैज्ञानिक सेमिनार सम्पन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** सदर प्रखंड के एक सभागार में दो दिवसीय होम्योपैथिक साइंटिफिक सेमिनार रविवार को सम्पन्न हुआ। शनिवार को उक्त कार्यक्रम राष्ट्रगान से शुरू होकर दिनभर संध्या में संगीता सिंह, सौम्या मिश्रा, आदर्शी सिन्हा एवं स्वर सम्राट एवं स्वर सिम्राज्ञी एवं गिटार वादक श्रीमान राजू दास के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर समां बांधा गया। जिसमे देश के कोने-कोने से आए हुए वक्ता के द्वारा अपने रिसर्च पेपर एवं अपने अनुभव को शेयर किए। पुनः रविवार को संध्या में राष्ट्रगान के साथ समापन हुआ। इस क्रम में होम्योपैथ में ग्लोबल चेंजिंग आफ



रेमेडीज, लाइफ डिसआर्डर्स डिजीज, मनुष्य जीवन में वाइटल फोर्स, होम्योपैथिक मेडिसिन और वर्तमान वातावरण, हमारे जीवन में होम्योपैथी की उपयोगिता एवं होम्योपैथी के विकास में समस्या के विषय में बेंगलुरुसे आए हुए डा. एम आर श्रीवास्तवन डा. रोहित श्रीवास्तवन होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशन अफ इंडिया के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. रामजी सिंह होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशन अफ इंडिया के वर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. श्यामल मुखर्जी सीसीएच के पूर्व एजुकेशन कमिटी के अध्यक्ष डा. एम के सहनी, होम्योपैथी के वक्ता डा. निशांत श्रीवास्तव, डा. रवि सिंह लखनऊ, बिहार होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशन के महासचिव डा. बी के तिवारी, अध्यक्ष डा. संजीव कुमार, सिंह उपाध्यक्ष डा. ओम प्रकाश गुप्ता, मीडिया प्रभारी सह कार्यक्रम कोषाध्यक्ष डा. रोहित कुमार, डा. उमेश कुमार संयुक्त सचिव डा. रजत द्विवेदी, डा. एमके मिश्रा इस कार्यक्रम के मुख्य डा. संजीव कुमार होम्योपैथी बेगूसराय यूनिट के सचिव डा. संजीव जी डा. राजकुमार शर्मा डा. लक्ष्मण कुमार डक्टर मुरारी कुमार डा. रवीश कुमार, डा. महमुदुल हसन, राजा कुमार, कुंदन कुमार, निर्मल कुमार, अनिल कुमार, एवं अन्य लोगों ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई।

CMYK

# देसी कट्टा के साथ अपराधी गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**चकिया (पूर्वी चम्पारण)।** सोशल मीडिया पर हथियार के साथ फोटो लहराना युवक को काफी महंगा पड़ गया। पुलिस ने सोशल मीडिया पर देसी कट्टा के साथ वायरल फोटो का सत्यापन कर पुलिस अधीक्षक के निर्देश के आलोक में गठित टीम ने वायरल फोटो में दिख रहे अपराधी को एक अवैध लोडेड देशी कट्टा व एक जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया। उक्त जानकारी रविवार को डीएसपी सत्येंद्र कुमार सिंह ने थाना परिसर में एक प्रेस वार्ता कर दी। गिरफ्तार अपराधी की पहचान थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्वंद्रा गांव के



वार्ड नंबर 11 निवासी मुन्ना कुमार पिता महेंद्र महतो के रूप में बताई गई है। छापेमारी दल में डीएसपी के अलावा इंस्पेक्टर सह थाना अध्यक्ष अरविंद कुमार,अपर थाना अध्यक्ष गौरव कुमार, पीएसआई अफजल रजा, राजकुमार राजू,एएसआई चंदेश्वर राम सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## विभिन्न मामलों व में 23 आरोपितों को किया गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मोतिहारी।** हरसिद्धि थाना पुलिस बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने समकालीन अभियान के तहत विभिन्न मामलों व कांडों के कुल 23 आरोपितों को गिरफ्तार किया है, जिसे जेल भेजने की प्रकिया की जा रही है। उक्त जानकारी एसपी स्वर्ण प्रभात ने प्रेस-रिलीज जारी कर दी है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार होने वालों में 03 शराब बनाने वाले, 03 शराब कांड में, 02 आर्म्स एक्ट में, 07 वारंट में, 05 शराब पीने में व 03 बीएनएस 109 में शामिल हैं। वहीं पुलिस ने छापेमारी कर 150 लीटर देशी शराब, 02 देशी कट्टा, 04 जिन्दा कारतूस व 03 खोंखा बरामद किया है। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार सभी आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए न्यायिक हिरासत में जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है।

# 15 से अधिक फलदार पौधों का किया रोपण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** गायत्री परिवार की युवा इकाई प्रज्ञा युवा प्रकोष्ठ जहानाबाद के द्वारा लगातार 204वें रविवासरीय साप्ताहिक वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन घोसी थाना परिसर में किया गया। इस अवसर पर थाना के इंस्पेक्टर ददन प्रसाद उपस्थित रहे। इस अवसर पर 15 से अधिक फलदार पौधों का रोपण किया गया। इस दौरान थानाध्यक्ष ने कहा कि पेड़ हमारे लिए प्रकृति के उदार उपहार की तरह हैं। वे जीवन को सतत जारी रखने और यह सुनिश्चित करने के लिए बहुत कुछ करते हैं कि पृथ्वी पर पर्यावरण संतुलन में रहे। उन्होंने यह भी बताया कि हमारे लिए यह जानना वास्तव में महत्वपूर्ण है कि पेड़ कितने मायने रखते हैं। कम से कम पेड़ होने की समस्या के साथ-साथ इसके साथ आने वाली अन्य सभी चुनौतियों को ठीक करने के लिए हम क्या कर



सकते हैं।पेड़ तापमान को नियंत्रित करने और बारिश के लिए मौसम को बिल्कुल उपयुक्त बनाने में मदद करते हैं। वे खराब हवा को अंदर लेते हैं और उसे स्वच्छ बनाकर प्राणवायु के रुप में हमें ऑक्सीजन देते हैं। इसके अलावा वे हमें लकड़ी, भोजन, ईंधन और कागज जैसी चीज़ें देते हैं - वे चीज़ें जो हम हर दिन उपयोग करते हैं साथ ही, बहुत से पक्षी पेड़ों पर अपना घर बनाकर रहते हैं लेकिन वनों की कटाई एक बड़ी समस्या है, जहां हम बहुत सारे पेड़ काटते हैं। इससे जलवायु परिवर्तन जैसे बड़ी समसस्याएं पैदा हो रही हैं और बहुत सारे पौधे और जानवर हमेशा के लिए गायब हो रहे हैं। अब समय आ गया है कि हम इसके बारे में कुछ करें। हमें पृथ्वी की देखभाल करने की ज़रूरत है, जैसे वह हमारी देखभाल करती रही है। ऐसा करने का एक तरीका यह है कि हम अपने ग्रह को फिर से हरा-भरा और सुंदर बनाने के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाएं। उन्होंने बताया कि गायत्री परिवार के द्वारा चलाये जा रहे नियमित वृक्षारोपण अभियान बड़ा ही अद्भुत एवं शानदार कार्यक्रम है। इन लोगों के द्वारा जिले को हरा भरा बनाने के लिए भागीरथी प्रयास किया जा रहा है। जो आने वाले समय के लिए मील का पत्थर साबित होगा। इस पावन अवसर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम के जिला प्रभारी रंगेश कुमार,जिला मीडिया प्रभारी बचन देव कुमार, व्यवस्थापक कौशल कुमार, सहायक ट्रस्टी श्याम नारायण कुमार,शंकर कुमार, शिशुपाल सिंह, भारती जी,सुनील कुमार, संतोष शर्मा सहित घोसी थाना के कई पुलिसकर्मी उपस्थित थे।

# 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' विषय पर संगोष्ठी का आयोजन
## लोकतंत्र में खर्च कम करने की दिशा में बड़ा विचार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मोतिहारी।** डॉ. श्रीकृष्ण सिंह महिला महाविद्यालय, मोतिहारी में शनिवार को 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' विषय पर राजनीति शास्त्र विभाग तथा आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई। मुख्य वक्ता के रूप में नगर विधायक प्रमोद कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि देश के 28 राज्यों में अलग-अलग समय पर चुनाव होने से न केवल जन, धन और बल की भारी बर्बादी होती है, बल्कि आचार संहिता के कारण विकास कार्य भी बाधित होते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसी समस्या के समाधान हेतु ल्लएक राष्ट्र, एक चुनावङ्क का प्रस्ताव रखा है, जो लोकतंत्र को और अधिक मजबूत तथा सशक्त बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है। विशिष्ट वक्ता केंद्रीय मंत्री एवं सांसद राधा मोहन सिंह ने 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' की अवधारणा को विस्तार से समझाते हुए इसके महत्व और संभावनाओं को रेखांकित



किया। उन्होंने कहा कि यदि इस प्रस्ताव को व्यवहार में लाया जाता है, तो देश में चुनावी खर्च पर नियंत्रण संभव हो सकेगा तथा शासन व्यवस्था अधिक प्रभावी और सतत बनेगी। संगोष्ठी के आयोजन पर महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. (डॉ.) पंकज कुमार ने कहा कि इस विषय को जन-जन तक पहुंचाना आवश्यक है ताकि नागरिक जागरूक होकर लोकतंत्र को मजबूती प्रदान कर सकें। मुंशी सिंह महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य प्रो. (डॉ.) अरुण कुमार ने प्रधानमंत्री द्वारा प्रस्तावित इस विचार की सराहना करते हुए कहा कि इससे लोकतंत्र में व्याप्त अनेक व्यावहारिक समस्याओं का समाधान निकल सकता है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. कुमारी रोशनी विश्वकर्मा ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के पुस्तकालय में गायत्री परिवार के वांग्मय साहित्य के 70 खंडों की स्थापना भी की गई। सांसद राधा मोहन सिंह ने महाविद्यालय में परीक्षा के लिए एक हजार छात्राओं की क्षमता वाले एक परीक्षा शेड निर्माण तथा छात्राओं के लिए बस उपलब्ध कराने की घोषणा भी की।

इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षकों में डॉ. किरण कुमारी, डॉ. कल्पना सिंह, डॉ. इरशाद आलम, डॉ. दीपमाला श्रीवास्तव, डॉ. अर्पणा, कुमारी रंजना, डॉ. प्रीति, डॉ. नीतू, डॉ. अमित कुमार, डॉ. विपिन कुमार दूबे, डॉ. चंदा कुमारी, डॉ. अमृता सिंह, डॉ. प्रीतिराज, डॉ. आकृति रानी और शिवांगी सिंह सहित शिक्षकेत्तर कर्मचारी लवली सिंह, भास्कर गुप्ता, नेहाल, विकास, अरविंद, अमित, ज्ञान प्रकाश और प्रकाश कुमार भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सैकड़ों छात्राएं भी भागीदारी के साथ मौजूद रहीं।

## डूबने से युवक की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** जहानाबाद जिले के विसुनगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत उदेरास्थान बराज के पास फल्गु नदी में नहाने के दौरान पानी में डूबने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक विसुनगंज बाजार निवासी ननहक रजक का पुत्र मुन्ना रजक बताया जाता है। इस मामले की जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष फूलचंद कुमार यादव ने बताया कि पुलिस ने बराज में तैरते हुए शव को बाहर निकलवा कर पहचान कराया तो मृतक की पहचान विसुनगंज बाजार निवासी मुन्ना रजक के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल जहानाबाद भेजा है। इस घटना के बाद मृतक के घर में मातम का माहौल है।

# आर्य विद्यापीठ में शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मोतिहारी।** पूर्वी चंपारण लायंस क्लब के तत्वावधान में आर्य विद्यापीठ, मोतिहारी के परिसर में लायंस क्लब इंटरनेशनल के लायंस क्वेस्ट कार्यक्रम के तहत दो दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला का भव्य आयोजन किया गया। इस ऐतिहासिक अवसर का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसे लायंस इंटरनेशनल 322ई के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन गणवंत मल्लिक, इंटरनेशनल ट्रेनर लायन मनीषा घांटी, बिहार क्वेस्ट चेयरपर्सन लायन सत्यम वत्स, जोन चेयरपर्सन लायन सुजीत कुमार सिंह, रिजन चेयरपर्सन लायन अमरनाथ साहू, आर्य विद्यापीठ के चेयरमैन डॉ. एस. पी. सिंह तथा प्रबंध निदेशक लायन रणजीत कुमार ने संयुक्त रूप से किया। इस शुभ अवसर पर विद्यालय के प्रबंध निदेशक लायन रणजीत कुमार और प्रधानाचार्या पारमिता सरकार ने सभी अतिथियों का स्वागत प्रतीक चिन्ह, पौधा एवं अंगवस्त्र भेंट कर कियाद्य समारोह के उद्घाटन सत्र में वक्ताओं ने लायंस क्वेस्ट कार्यक्रम की वैश्विक उपयोगिता और आज के समय में मूल्य शिक्षा की अनिवार्यता पर प्रकाश डाला। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन गणवंत मलिक ने कहा कि लायंस क्वेस्ट कार्यक्रम विश्व का सर्वश्रेष्ठ जीवन कौशल और भावनात्मक शिक्षा आधारित पाठ्यक्रम है, जो छात्रों को अकादमिक सफलता के साथ-साथ एक बेहतर नागरिक बनने के लिए तैयार करता है। इंटरनेशनल ट्रेनर लायन मनीषा घांटी ने प्रशिक्षण सत्र का नेतृत्व करते हुए शिक्षकों को सामाजिक और भावनात्मक शिक्षण विधियों की महत्ता समझाई। बिहार क्वेस्ट चेयरपर्सन लायन सत्यम वत्स ने अपने संबोधन में इस बात पर गर्व व्यक्त किया कि आर्य विद्यापीठ पूर्वी एवं पश्चिमी चंपारण का पहला विद्यालय है जहां लायंस क्वेस्ट जैसा अंतरराष्ट्रीय स्तर का कार्यक्रम लागू किया गया है। उन्होंने कहा कि इस पाठ्यक्रम से विद्यार्थियों में न केवल विषयगत ज्ञान, बल्कि वैश्विक दृष्टिकोण, नेतृत्व क्षमता और मजबूत नैतिक आधार का विकास होगा, जो भविष्य के लिए अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम की अध्यक्षता लायन रणजीत कुमार ने की और प्रबंधन में प्रधानाचार्या पारमिता सरकार ने सहयोग प्रदान किया।

# प्रमंडल स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का भव्य आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मोतिहारी।** चम्पारण डाक प्रमंडल द्वारा पूर्वी चम्पारण जिला शतरंज संघ के सहयोग से प्रधान डाकघर, मोतिहारी के सभागार में प्रमंडल स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में चम्पारण प्रमंडल के विभिन्न डाकघरों से कुल 31 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रसिद्ध चिकित्सक तथा इंडियन मेडिकल एसोसिएशन, बिहार के अध्यक्ष डॉ. आशुतोष शरण ने किया। अपने संबोधन में उन्होंने डाक विभाग से जुड़ी बचपन की स्मृतियाँ साझा करते हुए चम्पारण डाक प्रमंडल के डाक अधीक्षक डॉ. आशुतोष आदित्य की इस पहल की सराहना की। साथ ही प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विजेता को 10 हजार रुपये नकद पुरस्कार देने की घोषणा की। प्रतियोगिता के



दौरान निदेशक डाक सेवाएं, मुख्यालय, पवन कुमार ने गूगल मीट के माध्यम से जुड़कर सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि शतरंज दुनिया के सबसे पुराने खेलों में से एक है, जिसका उल्लेख सिंधु सभ्यता में भी मिलता है। पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी एवं नगर आयुक्त, मोतिहारी, सौरभ सुमन यादव रहे। इस अवसर पर जिला शतरंज संघ के अध्यक्ष धनंजय कुमार ने डाक विभाग को प्रतियोगिता आयोजित करने हेतु धन्यवाद दिया और घोषणा की कि विजेता खिलाड़ी को आगामी सीनियर शतरंज प्रतियोगिता में पूर्वी चम्पारण जिला शतरंज संघ की ओर से निःशुल्क भागीदारी का अवसर दिया जाएगा। मुख्य निर्णायक रामचरण ने विजेता प्रतिभागियों के नामों की घोषणा की। मंच संचालन विकास पदाधिकारी मो. शाहिद इक़बाल ने कुशलता से किया। कार्यक्रम में डाक निरीक्षक पंकज कुमार, संतोष कुमार उरांव, कमलेश प्रसाद साह, आशीष भारद्वाज तथा इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक के वरीय प्रबंधक रत्नेश कुमार सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे और सभा को संबोधित किया।

## प्रेम प्रसंग को लेकर दो पक्षों में मारपीट

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** जहानाबाद जिले के विसुनगंज थाना क्षेत्र के बेला-विर्रा गांव में प्रेम प्रसंग को लेकर दो पक्षों में हुए मारपीट की घटना में पिता-पुत्र घायल हो गए। घायलों में बेला बिर्रा गांव निवासी मनोज चौधरी एवं उसके पिता नंयोग चौधरी बताये जाते है। घायलों को इलाज के लिए रेफरल अस्पताल मखदुमपुर लाया गया। दोनों घायलों का चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया है। इस बाबत घायल मनोज ने बताया कि उसका भाई एक लड़की को लेकर भाग गया है। इसी को लेकर दूसरे पक्ष के लोगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। घायल पीड़ित व्यक्ति द्वारा बताया गया कि इस मामले में थाने में आवेदन दिया जा रहा है।

# महिला संवाद कार्यक्रम : महिलाओं की भागीदारी से पूर्वी चंपारण में विकास की नई इबारत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मोतिहारी।** पूर्वी चंपारण जिले में महिला संवाद कार्यक्रम के आयोजन से ग्रामीण महिलाएं न सिर्फ अपने सपनों को आकार दे रही हैं, बल्कि जिले के समग्र विकास की एक नई गाथा भी लिख रही हैं। 'महिला संवाद' के जरिये महिलाएं अपने अनुभवों और आकांक्षाओं को सरकार के समक्ष रखकर सामाजिक बदलाव की सूत्रधार बन रही हैं। जिले के सभी 27 प्रखंडों में रविवार को कुल 56 स्थानों पर महिला संवाद कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने अपने जीवन में सरकारी योजनाओं से आए सकारात्मक बदलावों को साझा किया तथा पंचायत और जिले के विकास के लिए महत्वपूर्ण सुझाव



भी दिए।

आज बिहार की महिलाएं केवल घरेलू दायरे तक सीमित नहीं रहीं, बल्कि वे सफल उद्यमी, शिक्षिका, पुलिसकर्मी, स्वास्थ्यकर्मी और जनप्रतिनिधि बनकर समाज में अपनी सशक्त पहचान बना रही हैं। यह परिवर्तन बिहार सरकार की महिला सशक्तिकरण योजनाओं और सतत प्रयासों का प्रतिफल है। संवाद के दौरान महिलाओं ने गाँवों में नालियों और सड़कों के विकास, सामुदायिक शौचालयों के निर्माण, विधवा पेंशन और दिव्यांगता भत्ते जैसी सुविधाओं की सुलभता, तथा उचित मूल्य की दुकानों की स्थापना जैसी मांगें भी रखीं। महिला संवाद कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बिहार सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण के लिए किए जा रहे प्रयासों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में आए बदलावों पर चर्चा करना और महिलाओं की आकांक्षाओं को नीति निर्माण में प्रभावी रूप से शामिल करना है।

कार्यक्रम में जीविका स्वयं सहायता समूहों की दीदियों समेत अन्य महिलाओं ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। खास बात यह रही कि गांवों की समस्त महिलाओं ने एकजुट होकर अपने समाज और राज्य के उज्ज्वल भविष्य को लेकर विचार-मंथन किया। महिला संवाद से प्राप्त सुझावों और अपेक्षाओं को एक मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से संकलित किया जा रहा है ताकि भविष्य की योजनाओं में महिलाओं की वास्तविक आवश्यकताओं को प्राथमिकता दी जा सके। पूर्वी चंपारण जिले की सभी पंचायतों को सशक्त और समृद्ध बनाने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है। बताया गया कि 18 अप्रैल से 18 जून तक चलने वाले महिला संवाद कार्यक्रम के अंतर्गत अब तक कुल 532 कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं, जिनमें सवा लाख से अधिक महिलाओं ने भाग लिया है।

## मंत्री श्रवण कुमार के आगमन को लेकर जदयू कार्यकर्ताओं में उत्साह

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)।** रक्सौल अनुमंडल क्षेत्र के भेलाही बाजार स्थित अतिथि सदन में रविवार को जदयू कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित हुई। बैठक में 3 मई 2025 को दुर्गा साह उच्च विद्यालय प्रांगण में होने वाले ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार के आगमन को लेकर तैयारियों की रणनीति बनाई गई। बैठक की अध्यक्षता वर्तमान मुखिया सुमन पटेल ने की। इस अवसर पर जदयू के बिहार राज्य कार्यकारिणी सदस्य भुवन पटेल, मुन्ना पटेल, अनिल पटेल, कुंदन पांडेय, कुंदन भगत, अमरदेव राउत,



मुकेश पटेल, महेश पटेल, लाल बिहारी कुशवाहा, जावेद अंसारी और चंचल यादव समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में मंत्री के स्वागत हेतु एक समिति का गठन किया गया और निर्णय लिया गया कि एक हजार पल्सर मोटरसाइकिलों की भव्य रैली निकाली जाएगी। रैली के रूट का भी निर्धारण कर लिया गया है।

# चोरों ने बंद मकान को निशाना बनाते हुए लाखों की संपत्ति उड़ायी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** जहानाबाद जिले में इन दिनों चोरों का आतंक अपने चरम पर है। इस दौरान चोरों ने बंद मकानों को निशाना बनाना शुरू कर दिया है। बताया जाता है कि बीती रात मखदुमपुर थाना क्षेत्र के नेवारी गांव में अज्ञात चोरों ने एक बंद मकान में धावा बोलते हुए लगभग 10 से 12 लाख रुपये मूल्य के गहने, कपड़े और नकदी की चोरी कर ली। जानकारी के मुताबिक, पीड़ित परिवार गया में निवास करता है और रविवार को जब वे अपने गांव स्थित मकान में लौटे तो घर का नजारा देख दंग रह गए। उन्होंने जब घर के प्रवेश द्वार का ताला



खोलने के बाद घर के भीतर प्रवेश किया, तो सारा सामान बिखरा पड़ा था। घर का यह हाल देखकर मकान मालिक के होश उड़ गए। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण पीड़ित परिवार के घर जमा हो गए। इसके बाद स्थानीय पुलिस को मामले की जानकारी दी गई। सूचना पर मखदुमपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल में जुट गई। ग्रामीणों की मांग पर डॉग स्क्वायड की टीम को भी मौके पर बुलाया गया है। पुलिस के अनुसार, अभी तक पीड़ित की ओर से कोई लिखित आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है, लेकिन मामले की छानबीन शुरू कर दी गई है। पुलिस का कहना है कि आवेदन मिलते ही आगे की कार्रवाई तेज कर दी जाएगी। इस दौरान ग्रामीणों के बीच इस घटना को लेकर दहशत का माहौल है और वे अपने मकानों की सुरक्षा को लेकर चिंतित नजर आ रहे हैं।

## कुर्की के डर से दो आरोपितों ने किया सरेंडर

**संग्रामपुर (पूर्वी चंपारण)।** संग्रामपुर थाना क्षेत्र में पुलिस दबिश और कुर्की की कार्रवाई के भय से दो आरोपियों ने रविवार को थाने में आत्मसमर्पण कर दिया। थानाध्यक्ष धीरज कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि भूषहा गांव निवासी नंदकिशोर राय, जो चेक बाउंस मामले में कुर्की के आरोपी थे, और इंद्रगाछी गांव निवासी रामेश्वर महतो, जो मारपीट के एक मामले में कुर्की के आरोपी थे, दोनों ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजा जाएगा।

## पूर्व सांसद ने अग्निकांड पीड़ित परिवार से मिलकर ली जानकारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** जहानाबाद जिले के कोकरसा पंचायत के लोदीपुर महादलित टोला में अगलगी के शिकार पीड़ित परिवार के मुखिया परमेश्वर मांझी से पूर्व सांसद जगदीश शर्मा ने मिलकर उन्हें सांत्वना दिया। उन्होंने इस घटना में व्यापक रूप से हुई क्षति की जानकारी मिलने पर दुख प्रकट किया तथा तत्काल प्रभाव से उन्होंने पीड़ित परिवार को आर्थिक मदद भी पहुंचाई। उन्होंने बताया कि हाल ही में कोकरसा पंचायत के विभिन्न गांवों के बधार में आग लगने की बड़ी घटना हुई है जिसमें दर्जनों किसानों को काफी क्षति की खबर है। इस तरह की घटनाओं से बचने के लिए हमें जागरूक होने की आवश्यकता है। खेत खलिहान से लेकर घर तक सतर्क रहने की जरूरत है। उन्होंने आपदा राहत विभाग से नियमानुकूल मिलने वाली राहत को अविलंब दिलवाने का भरोसा दिलवाया। साथ ही उन्होंने पीड़ित परिवार को अविलंब प्रधानमंत्री आवास योजना से आच्छादित करने की मांग भी जिला प्रशासन से किया है। बताया जाता है कि आगलगी की घटना पराली जलाने के कारण हुई है।

# सड़क हादसे में चार व्यक्ति घायल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** जहानाबाद जिले में एनएच-22 बाईपास पर एक तेज रफ्तार पिकअप वैन ने ऑटो रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे ऑटो पर सवार तीन महिलाएं सहित चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इस दौरान गश्ती कर रही नगर थाना पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए सभी घायलों को तत्काल सदर अस्पताल जहानाबाद पहुंचाया, जहां उनका इलाज जारी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, किंजर की ओर से आ रहे ऑटो को जहानाबाद की ओर से तेज गति से आ रही पिकअप वैन ने बाईपास के निकट ठोकर मार दी। दुर्घटना के बाद मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों ने तत्काल राहत कार्य शुरू करते हुए घायलों को



अस्पताल पहुंचाया और पिकअप वैन को जब्त कर थाना ले गए। पुलिस के अनुसार, घायलों में नगर थाना क्षेत्र के नया टोला निवासी सुइयां देवी, बेबी देवी और बैजन्ती देवी के साथ-साथ परसबिगहा थाना क्षेत्र के लरसा गांव निवासी एक युवक शामिल है। घटना में घायल हुए लरसा गांव निवासी इबरार ने बताया कि उनका भाई जहांगीर दवा लेने जहानाबाद जा रहा था, तभी यह दुर्घटना हो गई।सदर अस्पताल के डॉक्टरों ने सभी घायलों का इलाज शुरू कर दिया है और उनकी स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों और पुलिस की सक्रियता से घायलों को समय पर चिकित्सा सहायता मिल सकी, जिससे बड़ी अनहोनी टल गई।

# 'धूप के धब्बे' का संदेश समाज के लिए अनुकरणीय : रवि

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मोतिहारी।** मोतिहारी के राजेंद्र नगर भवन में रोशनाई फाउंडेशन और अखिल भारतीय भोजपुरी साहित्य सम्मेलन के संयुक्त तत्त्वावधान में 'सृजनोत्सव' कार्यक्रम का आयोजन हुआ। यह कार्यक्रम दो सत्र में आयोजित हुआ। प्रथम सत्र में चंपारण के वरिष्ठ कवि योगेंद्र नाथ शर्मा जी की पुस्तक 'धूप के धब्बे' का विमोचन हुआ। उसके पश्चात पुस्तक पर परिचर्चा हुई। अध्यक्षता प्रो0 रवींद्र कुमार 'रवि', पूर्व कुलपति, मुजफ्फरपुर विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर एवं मुख्य वक्ता वरिष्ठ भोजपुरी साहित्यकार डॉ0 ब्रजभूषण मिश्र थे। महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के मीडिया अध्ययन विभाग के डॉ. परमात्मा कुमार मिश्र ने कहा कि योगेन्द्र नाथ शर्मा जी कर्म से युवा हैं। इस उम्र में कार्यरत रहकर वे हम सबके लिए प्रेरणास्पद हैं। डॉ0 हरीन्द्र हिमकर ने कहा कि साहित्य राष्ट्र की प्राणवायु है। योगेन्द्र नाथ शर्मा जी राष्ट्रीय स्तर के कवि हैं। जिस राष्ट्र में कविता का स्वर दब जाता है, साहित्य-संस्कृति की भूमि बंजर हो जाती है। कवयित्री डॉ0




मधुबाला सिन्हा ने कहा कि स्नेहिल लोग के बीच उपस्थित होकर सुखद ऊर्जा मिलती है। पुस्तक-विमोचन का यह अवसर मेरे लिए स्मरणीय रहेगा। डॉ0 ब्रजभूषण मिश्र ने कहा कि योगेन्द्र नाथ शर्मा जी छायावादोत्तर दौर के महत्त्वपूर्ण कवि हैं। इनकी रचनाओं में कविता के विभिन्न वादों की अनेक प्रवृत्तियाँ अंतर्निहित हैं। प्रो0 रवीन्द्र कुमार वर्मा 'रवि' ने कहा कि शर्मा जी के साथ अनेक मंचों पर मुझे भी काव्यपाठ करने का अवसर मिला है। यह सौभाग्य की बात है कि शर्मा जी की पुस्तक के विमोचन के हम साक्षी हैं। प्रो0 मंजरी वर्मा ने कहा कि शर्मा जी की रचनाओं में निजता और जनधर्मिता, दोनों के भाव अन्तर्निहित हैं। प्रो0 संत साह ने उन्हें चम्पारण का युगपुरुष बताया। साहित्यकार डॉ0 विनय कुमार सिंह ने 'धूप के धब्बे' का संपादकीय वक्तव्य दिया।प्रथम सत्र का मंच संचालन प्रो0 अरुण कुमार, पूर्व प्राचार्य, एमएस कॉलेज, मोतिहारी ने किया। प्रथम सत्र में ही कवि योगेन्द्र नाथ शर्मा को सुषमा फिल्म के डीके आजाद द्वारा और भोजपुरी प्रतिष्ठान, नेपाल द्वारा सम्मानित किया गया। उन्हें साहित्यिक-सांस्कृतिक संस्था 'क्षितिज' द्वारा कविद्वय राजीव नयन सिंह और सरयू सिंह 'सुंदर' की स्मृति में 'राजीव-सरयू साहित्य सम्मान-2025' कवि के नाती संजय सिंह द्वारा दिया गया, जिसके तहत कवि को 5101 रुपए की राशि और अंगवस्त्र से सम्मानित किया गया। दूसरा सत्र भोजपुरी के संवैधानिक मान्यता, संघर्ष, उसकी समस्या और समाधान पर विमर्श का था। भोजपुरी के लब्धप्रतिष्ठ विद्वान डा. ब्रजभूषण मिश्र ने 'भोजपुरी के संवैधानिक मान्यता के संघर्ष : समस्या आ समाधान' विषय पर प्रकाश डाला। इस सत्र की अध्यक्षता प्रो. हरीन्द्र हिमकर ने की और मंच-संचालन कवि और शायर गुलरेज शहजाद ने किया। कवि सम्मेलन में नेपाल से आए कवि आमोद गुप्ता, विजय गुप्ता और स्मिता पटेल, बेतिया से आए कवि अरुण गोपाल, ज्ञानेश्वर गुंजन, जय किशोर 'जय' और मोतिहारी से मिथिलेश घायल, धनुषधारी कुशवाहा, डॉ0 मधुबाला सिन्हा, कलीमुल्लाह कलीम, लाल मोहम्मद परदेसी, रूहुल हक हमदम, कौशल मोहब्बतपुरी सहित अनेक कवियों ने काव्यपाठ किया।

# बेहतर बिहार की दिशा में आगे बढ़ने का संकल्प




**पूर्व आईपीएस आनंद मिश्र ने कार्यकर्ताओं का जताया आभार**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बक्सर।** पूर्व आईपीएस अधिकारी आनंद मिश्र ने रविवार को स्थानीय टाउन हॉल में आयोजित आभार मिलन समारोह में 2024 लोकसभा चुनाव में समर्थन देने वाले कार्यकर्ताओं और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम की शुरुआत आनंद मिश्र, पूर्व विधायक श्रीकांत पाठक, युवा उद्यमी प्रत्युष पुष्कर, पिताम्बर जी महाराज, मुखिया अजय राम और अभिषेक पांडेय द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके बाद उपस्थित जनसमूह ने राष्ट्रगान प्रस्तुत किया और पहलगाम आतंकी हमले के शहीदों को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी।

समारोह में आनंद मिश्र ने चुनावी अभियान में सक्रिय भूमिका निभाने वाले कार्यकर्ताओं को गमछा और प्रमाणपत्र भेंटकर सम्मानित किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा, यह आयोजन उन जमीनी कार्यकर्ताओं के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर है जिन्होंने तन, मन और धन से साथ दिया। अब सही समय है जब नई ऊर्ज़ा और रणनीति के साथ बेहतर बिहार के निर्माण की दिशा में कदम बढ़ाए जाएं।

आनंद मिश्र ने वंशवाद की राजनीति से ऊपर उठकर समाज के हर तबके के लिए काम करने का संकल्प लिया और एक टीम, एक सोच, एक दिशा -आगे बढ़ते रहना है का नारा दिया। इस दौरान आयोजित प्रश्नोत्तर सत्र में उन्होंने कार्यकर्ताओं के सवालों का खुले दिल से उत्तर दिया। कार्यक्रम के दौरान आनंद मिश्र ने अपने महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट आनंद सेवा केंद्र का भी शुभारंभ किया। इस सेवा केंद्र के माध्यम से गांवों में दस्तावेज़ संबंधी समस्याओं, कानूनी सहायता, वित्तीय मदद, सरकारी योजनाओं की जानकारी और आवेदन प्रक्रिया में सहयोग प्रदान किया जाएगा। साथ ही, कार्यों की पूर्णता तक सतत फॉलो-अप सुनिश्चित किया जाएगा।

आनंद मिश्र ने कहा कि इसका उद्देश्य शासन व्यवस्था को गांव स्तर पर सरल और पारदर्शी बनाना है। समारोह के अंत में आयोजन समिति के प्रमुख प्रशांत कुमार और विकास सिंह कुशवाहा ने सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर छोटे राय, अनिल राणा, वंशलोचन राम, अजय राय, अरविंद पांडेय, बद्रीनारायण दुबे, अवधेश पांडेय, गोविंद मिश्रा, नवीन राय, मनमन पांडेय, जनार्दन राय, प्रेम प्रकाश, विनय कुशवाहा, सुशील, विकास, ओम मिश्रा, शैलेश मिश्रा, रितेश, विनय, अंशुमान, दुर्गेश, प्रमोद, दिलीप और सैकड़ों कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट 10 लोग घायल, छह हिरासत में

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर।** गैरमजरूआ जमीन को लेकर दो पक्षों के बीच हिंसक मारपीट हो गई जिसमें दोनों पक्षों से 10 लोग घायल हो गए। मामला मदनपुर प्रखंड के सलैया थाना क्षेत्र अंतर्गत पीर बिगहा की हैं। घायलों में उस गांव निवासी लक्ष्मण यादव, अर्जून यादव, सरयू यादव, रिंकु कुमारी, संजीव कुमार, नेहा कुमारी, राजीव कुमार, ईश्वरी चौधरी, शिव चौधरी, विकाश कुमार शामिल हैं। सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मदनपुर में प्राथमिक इलाज किया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए लक्ष्मण यादव, अर्जून यादव, सरयू यादव एवं



विकाश कुमार को सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि लक्ष्मण यादव, सरयू यादव एवं अर्जुन यादव का जमीन पीर बिगहा में है जिसमें मकान कच्चा पहले से बना हुआ था। अब उसे नये सिरे से पक्का मकान का निर्माण करवाया जा रहा था। उस जमीन पर ईश्वरी चौधरी एवं शिव चौधरी ने दावा किया कि वह 15 डिसमिल ज़मीन गैरमजरूआ हैं जिसका सरकार ने बंदोबस्त पर्चा मिला है। हालांकि मकान निर्माण का कार्य सीओ मो. अकबर हुसैन एवं थानाध्यक्ष कन्हाई शर्मा द्वारा रोक लगा दी गई थी। रविवार को जब लक्ष्मण यादव के घर ढलाई में लगे सेटरिंग मैटेरियल को ले जाया जा रहा था। तभी ईश्वर चौधरी को संदेह हुआ कि प्रशासन द्वारा निर्माण कार्य पर रोक लगाने के बावजूद निर्माण किया जा रहा है जिसको लेकर मारपीट हुई। थानाध्यक्ष कन्हाई शर्मा ने बताया कि गैरमजरूआ जमीन विवाद को लेकर मारपीट की सूचना मिली हैं। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए दोनों पक्षों से छह लोगों को हिरासत में लिया गया है।

# टेंट कारोबारी के साथ मारपीट मामले में पुलिस ने किया खुलासा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज थाना क्षेत्र के कियाखाप गांव में टेंट कारोबारी दीपक कुमार के अपहरण और मारपीट मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। शनिवार को अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (सदर-2) अमित कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर मामले की जानकारी दी। एसडीपीओ ने बताया कि शुक्रवार को सूचना मिली थी कि ओबरा थाना क्षेत्र के बारा गाँव निवासी टेंट कारोबारी दीपक कुमार का अपहरण कर लिया गया है। स्कॉर्पियो सवार पांच लोगों ने सुनसान स्थान पर उनकी बाइक को ओवरटेक कर रोका और मारपीट की। गंभीर रूप से घायल कारोबारी का इलाज सदर अस्पताल में कराया




जा रहा है। सदर अस्पताल में घायल दीपक कुमार के फर्द बयान के अनुसार, अपहरण के दौरान उनसे एक लाख रुपये वसूले जाने का आरोप लगाया गया था। हालाँकि एसडीपीओ अमित कुमार ने इस दावे का खंडन करते हुए बताया कि कियाखाप निवासी अनिल यादव के यहाँ शादी समारोह के लिए 70,000 में टेंट लगाने का करार हुआ था, लेकिन समय पर टेंट नहीं लगाने के कारण विवाद उत्पन्न हुआ। दूसरी ओर, अनिल यादव ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि उनके खिलाफ लगाए गए आरोप बेबुनियाद हैं। उन्होंने कहा कि टेंट समय पर न लगने से उन्हें और उनके परिवार को गाँव में शर्मिंदगी झेलनी पड़ी, जिसके बाद मजबूरन अन्यत्र से टेंट की व्यवस्था करनी पड़ी। अनिल यादव ने दावा किया कि दीपक कुमार उनका अग्रिम भुगतान लौटाना नहीं चाहते, इसी कारण उन पर झूठे आरोप लगाए जा रहे हैं। पुलिस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

# बिजली चोरी के खिलाफ छापामारी तीन पर प्राथमिकी दर्ज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज थाना क्षेत्र के बौर पंचायत स्थित प्रेम बिगहा गाँव में शनिवार को विद्युत ऊर्जा चोरी के विरुद्ध विशेष छापामारी अभियान चलाया गया। यह कार्रवाई सहायक विद्युत अभियंता अशोक राज के नेतृत्व में की गई। छापामारी के दौरान रमेश विश्वकर्मा को एलटी लाइन में टोका लगाकर बिजली चोरी करते हुए पकड़ा गया। विभाग ने उनके विरुद्ध 7891 रुपये जुर्माना तथा 356 रुपये पूर्व के बकाया के साथ कुल 8247 रुपये जमा कराने का आदेश दिया है। इसी क्रम में अनिल यादव को भी एलटी लाइन में अवैध रूप से टोका फंसाकर विद्युत ऊर्ज़ा की चोरी करते हुए पकड़ा गया। उन पर 25,219 रुपये का जुर्माना तथा 8440 रुपये बकाया राशि सहित कुल 33,623 रुपये की वसूली निर्धारित की गई है। वहीं, अमित यादव को बिना विधिवत कनेक्शन के विद्युत ऊर्ज़ा की चोरी करते हुए पकड़ा गया, जिन पर 10,917 रुपये का जुर्माना लगाया गया है। रफीगंज थाना अध्यक्ष ने शनिवार रात लगभग 10:30 बजे बताया कि आरोपियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# श्रीमद् भागवत कथा सुनने से राजा परीक्षित को मिला था मोक्ष

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** रफीगंज प्रखंड क्षेत्र के फ़ेसरा गांव में 21 अप्रैल से चल रहे सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के छठे दिन श्री श्री 1008 स्वामी राम प्रपन्नाचार्य ने भगवान श्री कृष्णा के लीला पर विस्तार पूर्वक वर्णन किया। उन्होंने कहा कि भगवान श्री कृष्ण के अवतार की भूमिका एवं अवतार लेने के कारणों पर चर्चा करते हुए, कहा कि वे ऐसे समय में आए थे, जब उनके मां-पिता जेलखाने में थे। जहां दुखित और प्रताड़ित दंपत्ति को सुरक्षा का अहसास करवाया। इसके बाद श्रीकृष्ण ने कंस का नाश किया और जेल में कैद उग्रसेन को छुड़ाया। इसके बाद भोजवंशी, विष्णुवंशी एवं यदुवंशी का राजा उग्रसेन को ही बना दिया।भगवान श्री कृष्ण को पद की इच्छा नहीं थी। स्वयं सेवक बनकर अपने नाना उग्रसेन की सेवा में लगे रहे जबकि, वे पूरे विश्व का नियंत्रण करने वाले थे। उन्होंने महाभारत का नेतृत्व किया, पांडवों का सहयोग करते हुए अन्यायी- अत्याचारी दुर्योधन आदि को युद्ध के मैदान में पछाड़ कर हस्तिनापुर का राजा युधिष्ठिर को बनाया। उन्होंने भगवान श्री कृष्ण के बाल लीला से लेकर विशिष्ट लीलाओं की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि लीला में भाग लेने वाले किसी की हानि नहीं होती है। लीला में जितने भी भाग लेते हैं, सबका उद्धार होता है। लीला और खेल में अंतर है। खेल में हार होती है, लीला में भाग लेने वाले लोग विलीन हो जाते हैं। लीला में कटुता नहीं होती है, लीला में तन्मयता होती है। स्वामी ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा एक ऐसी कथा है, जिसके सुनने से राजा परीक्षित को मोक्ष की प्राप्ति हुई थी। यही नहीं धुंधकारी जैसे अत्याचारी पापी को भागवत कथा सुनने मात्र से प्रेत योनि से मुक्ति मिली थी। हम सभी को भागवत कथा का आश्रय लेकर अपनी नैया को भवसागर से पार लगाने के लिए सत्संग, भागवत कथा और राम कथा सुननी चाहिए। इस अवसर पर विजय शर्मा, राम निवाश शर्मा, सतेन्द्र, शर्मा, शत्रुधन शर्मा, नरेन्द्र शर्मा, नारायण शर्मा, सत्या शर्मा, रामानुज शर्मा, कमलेश शर्मा, उमलेश शर्मा, बामदेव शर्मा, उदय शर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।

# बटाने नदी में लगी 25 हॉर्स पावर की मोटर श्रद्धालुओं व किसानों को मिलेगा पानी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** शहर से क़रीब 5 किलोमीटर की दूरी पर स्थित प्रसिद्ध तीर्थ स्थल एवं शक्ति पीठ सत्यचंडी धाम जिले के प्रमुख तीर्थ स्थलों में से एक है। यहां कार्यपालक अभियंता लघु सिंचाई विभाग अवर प्रमंडल औरंगाबाद के प्रयास से बटाने नदी में 25 हॉर्स पावर की मोटर लगाकर किसानों एवं श्रद्धालु भक्तों के लिए पानी उपलब्ध कराई जाएगी।

इस कार्य को मूर्त रूप प्रदान करने में स्थानीय विधायक आनंद शंकर सिंह, सत्यचंडी धाम न्यास समिति के अध्यक्ष अमरेश सिंह, सत्यचंडी धाम महोत्सव आयोजन समिति के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह की सराहनीय भूमिका रही। विधायक आनंद शंकर सिंह ने बताया कि इस कार्य से



किसानों एवं श्रद्धालु भक्तों को काफी सहूलियत होगा। साथ ही किसानों को कृषि कार्यों में भी मदद मिलेगी और नदी में जल संग्रहित रहेगी। विदित हो कि सत्यचंडी धाम बटाने नदी के तट पर अवस्थित है। यह प्राकृतिक से आच्छादित अत्यंत ही पवित्र तीर्थ स्थल है। सुरम्य पहाड़ियों के तराई में मां सत्यचंडी का निवास स्थान है जिनकी महिमा शास्त्रों में भी वर्णित है।

# मजदूरो के अधिकार खत्म कर सरकार निजीकरण को दे रही बढ़ावा: कर्मचारी संघ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आरा।** रमना मैदान आरा के परिसर में बिहार राज्य नगर निगम कर्मचारी संघ भोजपुर के कर्मियों की बैठक रविवार को हुई। अध्यक्षता शत्रुघ्न कुमार व संचालन जिला सचिव उमेश कुमार सुमन ने किया। कर्मचारियों के वक्ताओं ने कहा कि केन्द्र में मोदी शाह की जोड़ी द्वारा निजीकरण को बढ़ावा दिया जा रहा है। सरकार मजदूरों के अधिकार को खत्म कर रहा है। 44 श्रम कानून को 4 कोड बना दिया गया। ठेका प्रथा, संविदा मानदेय पर कार्यरत कर्मियों का रोजगार की गारंटी नहीं है। आज काम मिला तो कल सोचना पड़ेगा, मौसमी कर्मचारी हो या नगर निगम में काम करने वाले लोगों की यही व्यथा है। बैठक में संघ के मजबूती पर चर्चा किया गया। 01 मई 25 को कर्मचारी महासंघ गोप गुट जिला कार्यालय मिल रोड आरा में कार्यक्रम किया जाएगा। जहां सभी निगम कर्मी भी उपस्थित होंगे, उस समय नगर आयुक्त आरा को मांग पत्र दिया जायेगा। अंत में कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा मारे गए शहीद 28 लोगों के प्रति शोकसभा और 2 मिनट का मौन रखा गया। उनकी आत्मा के शांति के लिए प्रार्थना किया गया। बैठक में जानकी प्रसाद, सुशांत, तरुण कपूर, लीलावती, रूचि देवी, राकेश कुमार, सुजीत, अजय राम, कृष्ण कुमार, गुड्डू, मोहन, धीरज कुमार, कृष्ण कुमार समेत अन्य मौजूद थे।

**गोह में अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त, चालक फरार**

**गोह (औरंगाबाद)।** गोह थाना क्षेत्र के देवहरा स्थित पुनपुन नदी से रविवार को अवैध बालू लदा एक ट्रैक्टर पुलिस ने जब्त किया। थानाध्यक्ष मो. इरशाद ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि पुनपुन नदी से अवैध रूप से बालू का उठाव किया जा रहा है। सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ट्रैक्टर को जब्त कर लिया। हालाँकि पुलिस की भनक लगते ही चालक ट्रैक्टर छोड़कर फरार हो गया। मामले में खनन निरीक्षक के बयान के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई है, जिसमें ट्रैक्टर चालक और मालिक को आरोपी बनाया गया है। पुलिस फरार आरोपियों की तलाश में छापेमारी कर रही है।

# एसटीएफ कमांडो अजीत यादव और उनकी मां की श्रद्धापूर्वक मनाया गया चौथा शहादत स्मृति दिवस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज-गोह पथ स्थित मखदुमपुर में रविवार को कोरोना वॉरियर एसटीएफ कमांडो अजीत यादव और उनकी माता अंजना यादव की चौथी स्मृति शहादत दिवस श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम में उपस्थित विधायक मो. नेहालुद्दीन समेत अन्य गणमान्य लोगों ने आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता उपेंद्र यादव ने की, जबकि संचालन राजनंदन प्रसाद यादव ने किया। कार्यक्रम के दौरान शहीद अजीत यादव के छोटे भाई विकास कुमार ने बताया कि कोरोना महामारी के समय अजीत यादव लखीसराय एसटीएफ कैंप में तैनात थे। इस दौरान उनके कई साथी कोरोना संक्रमित हो गए थे, जिनकी सेवा और देखभाल के दौरान वह स्वयं भी संक्रमित हो गए। इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। भाई की मौत की खबर सुनते ही मां अंजना यादव को दिल का दौरा पड़ा और उनकी भी मृत्यु हो गई थी। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि शहीद अजीत यादव देशभक्ति के प्रतीक थे। उनकी सामाजिक चेतना और समर्पण आज भी युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। विधायक मो. नेहालुद्दीन और अन्य उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने शहीद अजीत यादव के परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की और उनके योगदान को नमन किया। इस अवसर पर राजद प्रदेश महासचिव कौलेश्वर यादव, पूर्व जिप अध्यक्ष प्रतिनिधि डॉ. संजय यादव, जदयू प्रखंड अध्यक्ष सुनील वर्मा, पैक्स अध्यक्ष बसंत यादव, पूर्व मुखिया शाहजादा शाही, उप प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश यादव, मंडल यादव, मनोज यादव, मुखिया सेराज अंसारी, व्यापार मंडल अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह, अजित सिंह, राजेश यादव, असूम सिंह, रविंद्र सिंह, अब्दुल्लाह, नरेश यादव, युवा राजद प्रखंड अध्यक्ष संतोष कुमार, मो. असरफ, सत्येंद्र यादव, प्रो. मिथलेश सिंह, जितेंद्र यादव, लालू यादव, देवमोहन यादव, शिक्षक शत्रुघ्न यादव, सुरेंद्र पासवान, अरविंद भगत समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण और जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# बिहार पेंशनर समाज की बैठक में पेंशनरों की समस्याओं पर चर्चा, आतंकवादी हमले के मृतकों को दी श्रद्धांजलि



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा।** हसपुरा शहर के हाईस्कूल मोड़ स्थित लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल पुस्तकालय में रविवार को बिहार पेंशनर समाज की प्रखंड स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड उपाध्यक्ष हृदयानंद सिंह ने की, जबकि संचालन सचिव सुरेश प्रसाद सिंह ने किया। बैठक में पेंशनरों की समस्याओं पर विस्तृत चर्चा हुई। सचिव सुरेश प्रसाद सिंह ने बताया कि बिहार सरकार द्वारा पेंशन की कम्यूटेशन राशि 15 वर्षों तक काटी जाती है। अन्य राज्यों में इस कटौती के खिलाफ पेंशनरों ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर की है। बिहार के पेंशनर भी इस मुद्दे पर न्यायालय का रुख करने की तैयारी में हैं। इसके लिए पेंशनर सदस्यों से आर्थिक सहयोग जुटाने का प्रस्ताव रखा गया। बैठक में अंबिका प्रसाद सिंह, परशुराम शर्मा, रामजीत प्रसाद, किशोरी चौधरी, कपिल देव सिंह, रामबचन राम, सिद्धेश्वर प्रसाद, शिवदयाल चौधरी सहित अन्य पेंशनर उपस्थित रहे। इस दौरान जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले में मारे गए पर्यटकों की स्मृति में दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

## पुलिस ने वारंटी को किया गिरफ्तार कोर्ट में पेश कर भेजा जेल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा।** हसपुरा थाना क्षेत्र के बंधुविगहा गांव निवासी उपेंद्र पासवान को पुलिस ने शनिवार रात गिरफ्तार किया। रविवार को उसे कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया।

थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि उपेंद्र पासवान के खिलाफ कोर्ट से गैर-जमानती वारंट (एनबीडब्ल्यू) जारी था, जिसके आधार पर पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। सूचना मिली कि उपेंद्र अपने घर पर मौजूद है। इसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बंधुविगहा गांव पहुंचकर उसे गिरफ्तार कर लिया। आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसे कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# शिक्षक संघ ने 11 सूत्री मांगों को लेकर विधायक को ज्ञापन सौंपा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जगदीशपुर/भोजपुर।** बिहार राज्य प्रारंभिक शिक्षक संघ जगदीशपुर इकाई ने 11 सूत्री मांगों को लेकर विधायक रामविशुन सिंह लोहिया को ज्ञापन सौंपा। मांगों में 12 वर्ष की सेवा पूरी कर चुके शिक्षकों को प्रोन्नति व वेतन वृद्धि का लाभ, ऐच्छिक स्थानांतरण की प्रक्रिया शीघ्र पूरी करना, योग्यता परीक्षा देकर विशेष शिक्षक बनने वालों को सेवा निरंतरता व प्रोन्नति का लाभ, शनिवार अवकाश तक विद्यालय चलाना, शारीरिक शिक्षकों की भांति स्वास्थ्य अनुदेशकों को वेतन व भत्ता, बीपीएससी से नियुक्त विद्यालय शिक्षकों की सेवा पुस्तिका संधारण व वार्षिक वेतन वृद्धि, मृत शिक्षकों के आश्रितों को अनुकंपा पर नियुक्ति, आंदोलन के दौरान काटे गए वेतन का अविलंब भुगतान, रसोइयों की सेवा नियमित करना व वेतन में वृद्धि आदि शामिल हैं। शिक्षकों ने विधायक से मिलकर उन्हें



सभी मांगों से अवगत कराया। इसे विधानसभा में प्रमुखता से उठाने व समस्याओं का शीघ्र समाधान करने की मांग की गई। संघ के जिला अध्यक्ष पंकज कुमार सिंह मंटू ने कहा कि राज्य सरकार प्रारंभिक, माध्यमिक व उच्च माध्यमिक नियोजित शिक्षकों की योग्यता परीक्षा लेकर एक नए तरह का राज्य कर्मचारी बनाने की प्रक्रिया अपना रही है। इससे शिक्षकों में आक्रोश है। नियोजित शिक्षक सेवा निरंतरता एवं प्रोन्नति को लेकर चिंतित हैं। ज्ञापन सौंपने वालों में जिला अध्यक्ष पंकज कुमार सिंह मंटू, संजय कुमार सिंह, उपेंद्र कुमार सिंह, चंद्रदेव कुमार सिंह, जयप्रकाश ठाकुर समेत दर्जनों शिक्षक शामिल थे।

## हथियार दिखा कर अपराधियों ने छीना ऑटो

**बारुण।** अज्ञात अपराधियों के द्वारा हथियार का भय दिखाकर ऑटो छिनतई का मामला सामने आया है। मामला बारुण थाना क्षेत्र के एनएच - 19 पर खैरा रेलवे ओवरब्रिज की है। जहां अज्ञात चार अपराधियो ने वारदात को अंजाम दिया। मामले में पीड़ित नवीनगर थाना क्षेत्र के बढकी पाड़ी गांव निवासी रवि कुमार ने प्राथमिकी दर्ज कराई हैं जिसमें बताया कि शुक्रवार की रात सवारी लेकर बारुण गया था। केशव मोड़ पर सवारी उतारकर लौटने के दौरान क़रीब 12 बजे रात्रि में खैरा रेलवे ओवरब्रिज के समीप दो बाइक से चार नकाबपोश अपराधियों ने पहले ऑटो रुकवाया और फिर गाली-गलौज करने लगे। इसी क्रम में देसी कट्टा व चाकू का भय दिखाकर ऑटो से नीचे उतारा और डेहरी की ओर भाग गए। घटना की सूचना तुरंत 112 को दी गयी। इधर, थानाध्यक्ष राम इकबाल यादव ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई हैं। जांच-पड़ताल कर आगे की कार्रवाई की जाएंगी।

# बस की तकनीकी गड़बड़ी से पांच लोग जख्मी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर।** झारखंड के जमशेदपुर से लौट रही बरातियों से भरी एक बस की रेडिएटर फटने से पांच लोग जख्मी हो गए। दरअसल, बराती मदनपुर थाना क्षेत्र के झिकटिया से जमशेदपुर गई थी और वहां से वापस लौट रही थी। घटना के बाद सभी घायलों का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मदनपुर में किया गया। यह घटना रविवार की है। घायलों में झिकटिया निवासी देवराज सिंह,




बसंत सिंह की पत्नी चिंता देवी, कासमा थाना क्षेत्र के पाण्डेयपुर निवासी रंजीत कुमार, झारखंड के हरिहरगंज निवासी रानी सिंह, बबन सिंह शामिल हैं। सभी घायलों को प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# किन्नर कलाकारों ने डिजिटल श्री कृष्ण लीला में आरा को वृंदावन बनाया, हुए सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** डिजिटल श्री कृष्ण लीला समिति के किन्नर कलाकारों ने आरा शहर को कलाकारी से वृंदावन बना दिया था। उन कलाकारों से आकर्षित होकर समाजसेवी, कलाकार व चिकित्सकों से रहा नही गया। ये उतर प्रदेश मुरादाबाद से आये डिजिटल श्रीकृष्ण लीला वैष्णवी कला मंच, टीम के कलाकारों को आरा में सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह सह विदाई समारोह मैना सुंदर भवन धर्मशाला आरा में आयोजित हुआ। अध्यक्षता दिपक प्रकाश जैन व मंच संचालन सामाजसेवी सह श्रीकृष्ण लीला समिति के सदस्य अमरदीप कुमार जय ने किया। सम्मान पाने वाले मुख्य कलाकारो में राहुल कुमार (कंस) निदेशक, मोहनी ठाकुर, राहुल कुमार लक्ष्मण, राहुल कुमार व्यवस्थापक एवं लीला सुरक्षा प्रमुख , बुलवुल सखी , ऋतिका कक्कड़ , अनुषंका, गुड्डू सुदामा, प्रियांषु सखी, अर्पिता देवकी, सुहानी यशोदा, पायल, लड्डू कृष्ण, आरु सखी, जतिन काली, अजय सखी, चिकू सखी, काब्या सखी, अनमोल सखी, कृष्णा सखी व अन्य प्रसिद्ध मंगलामूखी कलाकारो का सम्मानित किया।आरा की धरती किन्नर कलाकारों का कला देखकर सभी मंत्रमुग्ध थे। उन्हें सम्मानित करने के लिए डा केएन सिन्हा, डा मदन मोहन द्विवेदी, दिपक प्रकाश जैन, शुभ्राज जैन, निशी जैन, डा जय की देखरेख में आयोजित हुआ। पुरे जोश और उमंग के साथ अगले वर्ष फिर से मिलने की खुशी में विदाई दी गयी।

# टेम्पो पलटने से सात घायल, चार की हालत गंभीर, रेफर

**विद्यालय से लौटते समय शिक्षकों के साथ हुआ हादसा**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज-शिवगंज पथ पर चातर पेट्रोल पंप के समीप शनिवार दोपहर करीब 12 बजे एक अनियंत्रित टैंपो पलट गया, जिसमें चालक सहित सात लोग घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहाँ चार की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया। वहीं चालक समेत अन्य तीन घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना में घायल लोगों की पहचान अनिल कुमार की 45 वर्षीय पत्नी अनीता देवी (निवासी- कासमा थाना क्षेत्र), अब्दुल रहमान की 37 वर्षीय पत्नी नीलूफा नाज़ (निवासी- महाराजगंज, रफीगंज), मुकेश कुमार की 30 वर्षीय पत्नी प्रियंका कुमारी (निवासी- छोटी नवादा, डेल्हा थाना, गया) तथा मनोहर प्रसाद (55 वर्ष, निवासी- जनकपुर, मानपुर, गया) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि ये सभी घायल शिक्षक हैं और रफीगंज प्रखंड के मध्य विद्यालय चित्रसारी में कार्यरत हैं। शनिवार को विद्यालय में छुट्टी के बाद वे टैंपो से रफीगंज लौट रहे थे, तभी चातर पेट्रोल पंप के समीप वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने घायलों को बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया। वहीं, दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी का माहौल रहा।

# ठंडी हवाओं के साथ हुई बारिश से सुहाना हुआ मौसम

## भीषण तपिश से राजधानी पटना समेत पूरे बिहार वासियों को मिली राहत

नवबिहार टाइम्स संवाददात

**फुलवारीशरीफ।** रविवार को दोपहर से शुरू हुई ठंडी हवाओं के तेज झोंका वह बारिश की बूंदाबांदी से पटना समेत पूरे बिहार के लोगों को तपिश व भीषण गर्मी से बड़ी राहत मिली। बिहार की राजधानी पटना समेत कई जिलों में मौसम का मिजाज बदल गया है। रविवार को दोपहर में पटना समेत राज्य के कुछ जगहों पर तेज हवा के साथ कुछ देर तक हुई बूंदाबांदी ने लोगों को गर्मी से राहत दी। वहीं उमस वाली गर्मी के बीच में रविवार को तेज हवा के साथ-साथ आसमान में बादल छाया हुआ है। राजधानी पटना में दोपहर करीब तीन बजे तेज हवाओं के साथ बारिश शुरू हुई। देर शाम तक पटना समेत अधिकांश जिलों में बूंदाबांदी होती रही ठंडी हवाओं के झोंकों से मौसम सुहाना बना रहा। कहीं रुक-रुक कर तो कभी तेज बारिश भी हुई। हल्की से मध्यम बारिश ने तापमान में गिरावट तो लाई




लेकिन कई इलाकों में पेड़ गिरने और बिजली गुल होने जैसी घटनाएं हुईं। कई जगहों पर ओले भी गिरे। दिनभर उमस भरी गर्मी के बाद दोपहर बाद तेज हवाएं चलीं और कई जिलों में बारिश के साथ आंधी-तूफान ने तबाही मचाई। मौसम विभाग ने पहले ही अलर्ट जारी किया था कि बंगाल की खाड़ी में बन रहे सिस्टम के कारण बिहार के कई हिस्सों में तेज हवाओं और बारिश की संभावना है। बिहार मौसम सेवा केंद्र ने मौसम रिपोर्ट जारी कर बताया है कि पूर्वी हवाओं के सक्रिय होने और वायुमंडलीय परिस्थितियों में बदलाव के चलते हवा में नमी बढ़गी। इससे 27 अप्रैल से 30 अप्रैल के बीच पटना सहित बिहार के नौ जिलों में मौसमी हलचल देखने को मिलेगा। बिहार के कई जिलों में बारिश व आंधी तूफान के साथ गरज वह मेघ गर्जन वज्र पात के भी संभावना है।

पटना मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, सोमवार 28 अप्रैल को भी बिहार के उत्तरी और मध्य जिलों में बारिश और आंधी का सिलसिला जारी रहने की संभावना है। तापमान में और गिरावट आ सकती है। किसानों को सलाह दी गई है कि फसलों को सुरक्षित स्थानों पर रखें और मौसम के ताज़ा अपडेट पर ध्यान दें। मौसम विभाग ने अगले 48 घंटे को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है।

लोगों से अपील की गई है कि बिना जरूरत घर से बाहर न निकलें और तेज आंधी-तूफान के समय सुरक्षित स्थानों पर शरण लें। मौसम केंद्र ने अलर्ट जारी करते हुए बताया है कि 27 से 29 अप्रैल 2025 के दौरान राज्य के अधिकांश भागों में मेघगर्जन एवं वज्रपात की संभावना है। वहीं अगले 2 दिनों में राज्य के अधिकांश भागों में आंशिक रूप से बादल छाए रहने के साथ 40 से 50 किमी प्रति घंटा के रफ्तार से हवा चलेगी। मौसम विभाग के अनुसार, अगले 24 घंटे में पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, मुजफ्फरपुर, मधुबनी, सीतामढ़ी, गोपालगंज, सहरसा, खगड़िया, अररिया, सुपौल, किशनगंज, मुंगेर, बांका, नवादा, शेखपुरा और भागलपुर जिलों के भागों में बारिश होने का पूर्वानुमान है। वहीं राज्य के अधिकांश भागों के अधिकतम तापमान में 2-4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट होने के साथ अधिकतम तापमान 32-38 डिग्री के बीच रहने का पूर्वानुमान है। आईएमडी ने 26 अप्रैल की रात से मौसम में परिवर्तन के संकेत दिए थे। राज्य के अधिकांश क्षेत्रों में आंधी-तूफान और वज्रपात के साथ बारिश होगी।आईएमडी वैज्ञानिक आशीष कुमार ने बताया कि प्रश्चिमी विक्षोभ और चक्रवाती तूफान के कारण बिहार के मौसम में बदलाव दिखेगा। प्रदेश में 30 अप्रैल तक बारिश को लेकर ऑरेंज और येलो अलर्ट जारी किया गया है।

## चाय दुकान में आगजनी

नवबिहार टाइम्स संवाददात

**फुलवारीशरीफ।** फुलवारीशरीफ थाना क्षेत्र के चौहरमल नगर इलाके में नोवा नगर फ़ेज वन के मोड़ पर स्थित एक चाय दुकान में देर रात रहस्यमय हालात में आग लग गई. रविवार देर रात करीब 12:30 बजे दुकान से आग की लपटें उठती देख इलाके में हड़कंप मच गया. स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी. हालांकि फायर ब्रिगेड की टीम ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक दुकान का सारा सामान जलकर खाक हो चुका था। पीड़ित दुकानदार विशाल कुमार, जो chai.com के संचालक हैं, ने रोते हुए बताया कि यह सब पहले से साजिश के तहत किया गया( विशाल ने बताया कि चार दिन पहले यानी 24 अप्रैल को जिम चलाने वाले और उसके जिम में आने वाले लड़कों ने उसकी दुकान पर हमला किया था. बेल्ट और डंडों से बेरहमी से पीटा गया था, कपड़े फाड़ दिए गए थे और दुकान तोड़ने व जान से मारने की धमकी भी दी गई थी( विशाल ने फुलवारी शरीफ थाना में इसकी लिखित शिकायत भी दर्ज कराई थी, लेकिन पुलिस ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की। विशाल का आरोप है कि शिकायत के बावजूद आरोपियों के हौसले बुलंद रहे और अब चार दिन बाद उसकी दुकान को रात के अंधेरे में आग के हवाले कर दिया गया। भारी नुकसान से टूटे विशाल ने बताया कि इसी दुकान के सहारे उसका पूरा परिवार चलता था. अब सबकुछ जलकर राख हो गया है. विशाल ने प्रशासन से न्याय और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। इलाके के लोगों में भी इस घटना को लेकर भारी आक्रोश है।

## सीएम नहीं जनता के सेवक बनकर हर क्षेत्र का विकास कर रहे नीतीश कुमार : श्याम रजक

### जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददात

**फुलवारीशरीफ।** फुलवारी(सु) विधानसभा क्षेत्र के जदयू पटना महानगर के कंकड़बाग, रामकृष्णा नगर अंतर्गत रामकृष्णा नगर सेक्टर के घाना कॉलोनी में पूर्व मंत्री श्याम रजक ने क्षेत्र भ्रमण एवं जनता संवाद कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संजय कुमार चन्द्रवंशी ने की और संचालन दुर्गा प्रसाद यादव ने किया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री श्याम रजक का घाना कॉलोनी के मुहल्लेवासियों ने फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। पूर्व



मंत्री ने कहा कि जनसंवाद कार्यक्रम का उद्देश्य स्थानीय मुहल्लेवासियों से संपर्क स्थापित कर रामकृष्णा नगर की समस्याओं का समाधान करना है।

उन्होंने जदयू संगठन और बूथ कमिटी को मजबूत करने का आह्वान किया और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के विकास कार्यों को जन-जन तक पहुँचाने की बात की। श्याम रजक ने सरकार द्वारा चल रही विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया और उनका अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार बिहार में सेवक बनकर जनता की सेवा कर रहे हैं और हर क्षेत्र में विकास कार्य हो रहे हैं। जनता संवाद बैठक में फुलवारीशरीफ विधानसभा जदयू प्रभारी प्रिय रंजन पटेल, उपाध्यक्ष पटना महानगर रामप्रवेश सिंह, रामकृष्णा नगर सेक्टर प्रभारी अध्यक्ष सुरेन्द्र प्रसाद, सेक्टर अध्यक्ष कंकड़बाग संजय चन्द्रवंशी, फुलवारीशरीफ बीस सूत्री सदस्य राजू रजक, जदयू नेता रामजी यादव, घाना कॉलोनी गली न0-5 से 9 तक कमिटी अध्यक्ष उपेन्द्र शर्मा, चंदन बाबू, शिवजी यादव, रणधीर कुमार, राकेश रंजन, दीलीप पासवान सहित जदयू नेता, कार्यकर्ता और सैकड़ों मुहल्लेवासी, बुजुर्ग, महिलाएं, युवक शामिल हुए।

## वाहन चेकिंग के दौरान 67 हजार की वसूली

नवबिहार टाइम्स संवाददात

**मसौढ़ी।** वरीय पुलिस अधिक्षक के निर्देशन में मसौढ़ी अनुमंडल के सभी थानों की पुलिस सड़कों पर एक विशेष समकालीन अभियान के तहत वाहन चेकिंग कर रही है और अलग-अलग थानो में हजारों की राशी जुर्माना के तौर पर वाहनों से वसूली गई है। ऐसे में मसौढ़ी थाना के द्वारा कल से चलाए जा रहे समकालीन विशेष अभियान के तहत अब तक ढाई सौ वाहनों से तकरीबन 67 हजार बतौर जुर्माना वसूला गया है। मसौढ़ी थानाध्यक्ष अनिल कुमार ने बताया की समकालीन अभियान के तहत कल से विभिन्न चौक चौराहे तीन मुहानी पर वाहन चेकिंग की जा रही है। शनिवार की देर रात तक अनुमंडल



पुलिस पदाधिकारी नभ वैभव की उपस्थिति में घंटो वाहन चेकिंग चलाया गया था, रविवार को सुबह से कर्पूरी चौक, रेलवे गुमटी चौराहा, स्टेशन अन्य जगहों पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया है, जहां तकरीबन ढाई सौ से अधिक वाहनों की चेकिंग की गई है, थानाध्यक्ष अनिल कुमार ने बताया कि अभी शादी विवाह का वक्त चल रहा है ऐसे में कई वाहनों में अवैध हथियार लेकर जाने की भी आशंका होती है इसके अलावा अपराधियों की धरपकड़ को लेकर भी यह अभियान चलाया जा रहा है। कई लोगों के पास लाईसेंस, हेलमेट ट्रिपल लोडिंग के अलावा अन्य दस्तावेज नहीं रहे, जिसको लेकर जुर्माना रसीद किया गया है। कुल 67 हजार वसूल की गई है, इसी तरह से धनरूआ मे 21 हजार, केवडा थाने मे 5 हजार, पुनपुन पुलिस ने 10 हजार समेत सभी थानो की ओर से यह कार्रवाई की गई है वाहन चेकिंग के दौरान कई अपराधी दूर से पुलिस को देखकर अपना रास्ता बदलते हुए देखे गए हैं ऐसे में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नभ वैभव ने कहा की समय समय पर इसी तरह का अभियान चलाए जाते हैं ताकि अपराधी में पुलिस का खौफ दिखता रहे।

## बीबीए की छात्रा ने की आत्महत्या, गर्ल्स हॉस्टल में मिला शव

नवबिहार टाइम्स संवाददात

**दानापुर।** राजधानी पटना के दानापुर इलाके से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहाँ बीबीए (बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन) तृतीय वर्ष में पढ़ने वाली छात्रा वर्षा कुमारी ने गर्ल्स हॉस्टल के अपने कमरे में फंसी लगाकर आत्महत्या कर ली। यह घटना रविवार सुबह उस वक्त सामने आई जब छात्रा ने दरवाजा नहीं खोला। हॉस्टल स्टाफ ने काफी देर तक दरवाजा खटखटाया लेकिन कोई जवाब नहीं मिलने पर उन्होंने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जब दरवाजा तोड़ा तो छात्रा का शव पंखे से फंदे के सहारे लटका हुआ मिला। बताया जा रहा है कि छात्रा पिछले कुछ दिनों से मानसिक तनाव में थी। हालांकि, आत्महत्या के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और परिजनों को सूचित कर दिया गया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि कमरे से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। अब मोबाइल फोन और अन्य सामानों की जांच की जा रही है ताकि आत्महत्या के पीछे की वजहों का पता लगाया जा सके। घटना के बाद गर्ल्स हॉस्टल में दहशत का माहौल है। साथी छात्राओं के मुताबिक, वर्षा एक शांत स्वभाव की लड़की थी।

## यूआर कॉलेज के प्रभारी प्रधानाचार्य डॉ घनश्याम राय को किया गया सम्मानित



नवबिहार टाइम्स संवाददात

**समस्तीपुर।** स्थानीय यूआर कॉलेज, रोसड़ा के प्रभारी प्रधानाचार्य डॉ घनश्याम राय के एक वर्ष पूरे होने पर ग्रीन पाठशाला एसएस क्लब, रोसड़ा के संस्थापक व ऑक्सीजन मैन और पर्यावरणविद के नाम से चर्चित राजेश कुमार सुमन, छात्र/छात्राओं और शिक्षकों द्वारा रविवार की सुबह पुष्पगुच्छ, चादर, प्रशस्ति पत्र व तालियों की गड़गड़ाहट के साथ स्वागत व अभिनंदन किया गया।

इस अवसर पर सम्मान समारोह के अध्यक्ष राजेश कुमार सुमन ने डॉ राय के व्यक्तित्व व कृतित्व पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि डॉ राय इससे पूर्व पूर्णिया व नालंदा खुला विश्वविद्यालय के कुलसचिव के रूप में ऐतिहासिक कार्य कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि यूआर कॉलेज में महज एक वर्ष के कार्यकाल में आमूलचूल परिवर्तन किया है। यकीन नहीं होता कि एक वर्ष पहले यही कॉलेज था।

डॉ राय ने अपने संबोधन में कहा कि राजेश कुमार सुमन स्वयं हमारे लिए प्रेरणा के स्त्रोत हैं। उन्होंने कहा कि राजेश जी राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त ऑक्सीजन मैन व पर्यावरणविद् हैं। उन्होंने ग्रीन पाठशाला एसएस क्लब के तत्वावधान में सैकड़ों बच्चों को बेहतर रोजगार व कौशलपूर्ण ज्ञान दिया है। उन्होंने बताया कि वर्तमान सत्र में छात्राओं के लिए यूआर कॉलेज परिसर स्थित महिला छात्रावास में रहने की व्यवस्था की जा रही है। लाइब्रेरी, क्लास रूम, सभागार, प्रशासनिक भवन आदि सभी को हाईटेक किया जा रहा है। एस एस क्लब के छात्र/छात्राओं को बेहतर प्रदर्शन के लिए डॉ राय के हाथों सम्मानित किया गया।

## नदवां में कांग्रेस का हर घर झंडा अभियान

नवबिहार टाइम्स संवाददात

**मसौढ़ी।** धनरूआ प्रखण्ड कांग्रेस कमिटि के अध्यक्ष मृत्युंजय पाण्डेय के नेतृत्व में नदवां पंचायत नदवां में हर घर झण्डा कार्यक्रम चलाया गया, जहां सृजन संगठन मजबूती और सदस्य कांग्रेस परिवार की अधिक सें अधिक घरों में जननायक न्याय योद्धा राहुल गाँधी की संदेश पहुँचाना मुख्य लक्ष्य हैं बैठक में निर्णय करके लोगों के घर घर पहुँच कांग्रेस पार्टी की पट्टी पहनाकर सदस्य बनाया, साथ ही नदवा पंचायत में संगठन को अधिक मजबूत करने के लिए नव गठित नदवा पंचायत कांग्रेस अध्यक्ष सिद्धनाथ शर्मा को महत्वपूर्ण अहम जिम्मेवारी दी गई सशक्त और अनुशासित संगठन बहुत जल्द तैयार करना हैं विधिवत मो काशिम आलम मो जवारुदीन आलम संजीव कुमार गुप्ता मो नौसाद मो सन्नी आलम मो अनवर हुसैन संतोष कुमार उर्मिला देवी मुन्नी देवी रेखा पाण्डेय सभी ने कांग्रेस सदस्य बने साथ में धनरूआ प्रखण्ड कांग्रेस प्रवक्ता अविनाश सिंह उर्फ अमीत कुमार रंजय कुमार उर्फ बुटन सिंह उपस्थित रहें।



## संदेहास्पद स्थिति में घर में लगी आग

नवबिहार टाइम्स संवाददात

**फुलवारीशरीफ।** फुलवारीशरीफ थाना क्षेत्र के ग्वालटोली मोहल्ले में ट्रेक्टर चालक मोहन सिंह के घर में अचानक आग लग गई। देखते-देखते मोहन सिंह के कमरे में रखा सारा सामान रुपए पैसा टीवी फर्नीचर पलंग अलमारी अनाज आदि सब आग में धू धु जलने लगा। घटना की जानकारी मिलने पर बाजार में बैठे मोहन सिंह दौड़े दौड़े घर पहुंचे लेकिन जब तक वह कुछ संभाल पाते सब कुछ आगे के लपटों से गिर चुका था। स्थानीय फुलवारी शरीफ थाना एवं अग्निशमन कर्मी दमकल गाडी वहां पहुंची और किसी तरह आग बुझाया गया लेकिन कुछ भी समान नहीं बचा। ट्रैक्टर चालक मोहन सिंह ने बताया कि उनका करीब 1 लाख का सामान जल गया. उन्होंने बताया कि घटना के वक्त वह भी बाजार में थे और परिवार के अन्य लोग भी कहीं काम से निकल गए थे कमरा खाली देख किसी ने साजिश के साथ आग लगा दिया. उन्होंने प्रशासन से इस मामले में मुआवजा देने की गुहार लगाई है।

## बाढ़ की बेटियों ने रग्बी में रच दिया इतिहास

नवबिहार टाइम्स संवाददात

**बाढ़।** गुवाहाटी में आयोजित 12 वीं सीनियर महिला रग्बी 7 चैंपियनशिप में बाढ़ की चार महिला खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन कर बिहार का नाम रौशन किया है। रग्बी चैंपियनशिप में इनके बेहतर प्रदर्शन से टीम ने ओडिशा को हराकर खिताब अपने नाम कर लिया। आरती, सलोनी, स्वीटी और काजल बेहतर प्रदर्शन किया जिसके बल पर टीम जीत पाई विजेता खिलाड़ियों ने बताया कि बाढ़ में रोज एएनएस कॉलेज मैदान में रग्बी की प्रैक्टिस करती हैं। सभी रग्बी खिलाड़ियों ने पूरे खेल में



बेहतर रणनीति और दमदार खेल का प्रदर्शन किया। आरती कुमारी ने 12 प्रयासों के साथ पूरी प्रतियोगिता में दूसरा सबसे अधिक अंक बनाया। स्वीटी ने चैंपियनशिप में बिहार टीम में फॉरवर्ड पोजीशन पर और सलोनी ने डिफेंस में विपक्षी टीम को एक भी अंक नहीं लेने दिया। सलोनी के पिता गर्व से कहते हैं कि उनकी बेटी विरोधी टीम के आगे चट्टान की तरह खड़ी रही। वहीं स्वीटी अभी इंजरी से उबरने के बाद अपना पहला मैच खेल रही थी। वे अपनी जीत को लेकर काफी उत्साहित थी और बिहार की पूरी महिला टीम ने मैदान में अपने प्रदर्शन से दर्शकों का दिल जीत लिया। सलोनी, स्वीटी, आरती और काजल जैसी सभी रग्बी की खिलाड़ियां बहुत ही साधारण परिवार से आती हैं। लेकिन सभी खिलाड़ियों ने अपनी मेहनत और जज्बे की बदौलत नेशनल स्तर पर अपनी पहचान बनाई और गरीबी को कभी अपने खेल के आड़े आने नहीं दिया। स्वीटी ने मैदान में बेहतर खेल का प्रदर्शन कर सरकारी नौकरी हासिल की है। बाढ़ की महिला रग्बी खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन के बाद पुरुष टीम की प्रतियोगिता में बिहार रग्बी टीम में बाढ़ के 8 खिलाड़ी हैं। पुरुष वर्ग प्रतियोगिता में 27 और 28 अप्रैल को 26 राज्यों की टीम खिताब के लिए आपस में भिड़ेंगी। इसमें भी बाढ़ के रग्बी खिलाड़ियों के बेहतर प्रदर्शन की बदौलत एक रोमांचक मुकाबला देखने को मिलेगा।

## एक नजर

### मसौढ़ी विधायक ने लगाया उपेक्षा का आरोप

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** राजद विधायक रेखा देवी ने अनुमंडल प्रशासन पर उपेक्षा का आरोप लगाते हुए कहा कि आपदा के दौरान सरकारी चेक वितरण की सूचना उन्हें नहीं दी जाती। उन्होंने तारेगना रेलवे स्टेशन के पास झुग्गियों में आग लगने और सड़क हादसे में मजदूरों की मौत के बाद चेक वितरण में पूर्व विधायकों को बुलाने पर नाराजगी जताई। बीडीओ प्रभाकर कुमार और सीओ प्रभात रंजन ने स्पष्ट किया कि चेक वितरण में जानबूझ कर किसी को नजरअंदाज नहीं किया गया था।

### ट्रेन से गिरकर मां-बेटी घायल

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पटना-गया रेलखंड के छोटकी मसौढ़ी हॉल्ट के पास रविवार दोपहर एक पैसेंजर ट्रेन से गिरकर मां-बेटी गंभीर रूप से घायल हो गईं। जख्मी महिला मांती देवी और बेटी ब्यूटी कुमारी गया के धुर्वा बाजार की रहने वाली हैं। पुलिस ने उन्हें अनुमंडल अस्पताल भेजा, फिर पटना के रूबन अस्पताल रेफर कर दिया गया। ब्यूटी कुमारी की तबीयत बिगड़ने पर हादसा हुआ।

### देसी शराब के साथ दो गिरफ्तार

**पुनपुन (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पुनपुन थाना के केवड़ा ओपी क्षेत्र में समकालीन अभियान के तहत वाहन चेकिंग के दौरान दो लोगों को 9 लीटर देसी महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार व्यक्तियों की पहचान दिनेश प्रसाद और अनील रॉय के रूप में हुई है। दोनों पर कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### शादी से पहले युवती की हत्या, जीजा पर मामला दर्ज

**धनरूआ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** धनरूआ थाना क्षेत्र के राधेश्याम नगर में डिंपल कुमारी की हत्या के मामले में उसके जीजा शत्रुघ्न कुमार के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। 30 अप्रैल को डिंपल की शादी होनी थी। एफएसएल जांच में गला दबाकर हत्या की पुष्टि हुई है। आरोपी फरार है, जिसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

### नाबालिग से किया दुष्कर्म

**फुलवारीशरीफ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** फुलवारी शरीफ थाना क्षेत्र के हिन्दुनी गांव में एक दलित नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म की वारदात सामने आई है। पीड़िता के बयान पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बच्ची को मेडिकल जांच के लिए भेज दिया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष एम एस हैदरी ने बताया कि मेडिकल जांच के बाद दुष्कर्म की पुष्टि होगी। फिलहाल आरोपी पुलिस हिरासत में है और मामले की जांच की जा रही है। घटना के संबंध में थानाध्यक्ष ने बताया कि एक गांव निवासी नाबालिग बच्ची बीती रात अपने घर में सो रही थी। इसी दौरान पड़ोसी धंनजय कुमार, जो मनेर का निवासी है और ससुराल में हिन्दुनी आया हुआ था, अचानक घर में घुस आया। आरोप है कि धंनजय ने बच्ची को जबरन उठा लिया और सुनसान जगह ले जाकर दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। किसी तरह बच्ची ने खुद को छुड़ाया और घर पहुंचकर परिजनों को आपबीती बताई। परिजनों ने तुरंत बच्ची को लेकर फुलवारी शरीफ थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने गंभीरता से कार्रवाई करते हुए धंनजय कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। थानाध्यक्ष ने कहा कि मेडिकल जांच के बाद आगे की कानूनी प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

### पुनपुन में किसानों की गिरफ्तारी पर विरोध प्रदर्शन

**पुनपुन (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भारत माला परियोजना से प्रभावित किसानों ने मुआवजा की मांग को लेकर पुनपुन के बेलदारीचक में विरोध मार्च निकाला और मुख्यमंत्री का पुतला दहन कर सड़क जाम किया। किसान महासभा के सचिव मुन्ना चौहान ने कहा कि बिना समुचित मुआवजा के जमीन अधिग्रहण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। धरना खत्म न करने का ऐलान किया गया है।

### भाजपा महिला मोर्चा ने कैंडल मार्च निकालकर दी श्रद्धांजलि

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भाजपा महिला मोर्चा, पटना ग्रामीण की अध्यक्ष आशा किरण सिंह के नेतृत्व में मसौढ़ी में कैंडल मार्च निकालकर पहलगाम हमले के मृतकों को श्रद्धांजलि दी गई। पाकिस्तान विरोधी नारे लगाए गए और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल रहीं।

### लेट्स इंस्पायर बिहार के सौजन्य से खुली पनशाला, राहगीरों को राहत

**फुलवारीशरीफ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भीषण तपिश में प्यासे राहगीरों की प्यास बुझाने के उद्देश्य से फुलवारी शरीफ प्रखंड के चुनौती कुआँ, ग्वाल टोली, माली गली मोड़ पर लेट्स इंस्पायर बिहार फुलवारी टीम एवं स्थानीय दुकानदारों के सहयोग से शुद्ध ठंडा पेयजल व शरबत की व्यवस्था कर पनशाला खोला गया है. लेट्स इंस्पायर बिहार फुलवारी टीम के सदस्य विकास सैनी ने बताया कि बिहार पुलिस के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी विकास वैभव द्वारा संचालित 'लेट्स इंस्पायर बिहार' अभियान से प्रेरित होकर यह सेवा कार्य शुरू किया गया है। विकास सैनी ने बताया कि भीषण गर्मी के इस मौसम में राहगीरों को शीतल जल उपलब्ध कराना सबसे बड़ी मानव सेवा है. चुनौती कुआँ के पास सैकड़ों गांवों के लोग बाजार एवं अन्य कार्यों के लिए प्रतिदिन आते-जाते हैं. पनशाला के खुलने से बाजार में आने वाले हजारों लोगों को राहत मिली है। मानव सेवा का संदेश देते हुए उन्होंने कहा कि समाज में छोटे-छोटे सेवा कार्यों से भी बड़ा परिवर्तन लाया जा सकता है. मानवता की सबसे बड़ी पहचान दूसरों के कष्ट में सहयोग करना है. गर्मी के इस कठिन समय में प्यासों को पानी पिलाना न केवल एक पुण्य कार्य है।

## संक्षिप्त समाचार

### 45 लीटर शराब के साथ दो गिरफ्तार

**साठी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए शनिवार की देर रात 45 लीटर देसी चुलाई शराब के साथ दो धंधेबाज को बसंतपुर के पकड़िया घाट से गिरफ्तार किया है। इस संदर्भ में थानाध्यक्ष धीरज कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली की तीन व्यक्ति एक उजले रंग के बोरे और प्लास्टिक के डिब्बे में चुलाई शराब लेकर सिकरहना नदी पुल के तरफ से गुजरेंगे। इसकी सूचना वरीय पदाधिकारी को अवगत कराते हुए सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए पुअनि राहुल कुमार तथा बीएचजी गए। एक बजे रात में जैसे ही बसंतपुर के पकड़िया घाट के पास पुलिस की गाड़ी को देख तीनों व्यक्ति बोरी तथा डिब्बे को फेंक कर भागने लगे। पुलिस बल के सहयोग से दो व्यक्तियों को खदेड़कर पकड़ लिया गया। जबकि एक व्यक्ति अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा। पुलिस के द्वारा पकड़े गए दोनों व्यक्तियों से नाम पूछने पर साठी थाना क्षेत्र के बसंतपुर निवासी सुरेश राम तथा दूसरा सामा मुखिया के रूप में हुई। दोनों के पास से 45 लीटर देसी चुलाई शराब बरामद हुआ है। जबकि भागने वाला व्यक्ति ब्यास मुखिया बसंतपुर का रहने वाला था। पुलिस ने दोनों धंधेबाज को गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया।

### बगहा थाना व कंट्रोल रूम का औचक निरीक्षण

**बगहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बगहा एसपी सुशांत कुमार सरोज ने शनिवार की रात्री में बगहा थाना व कंट्रोल रूम का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान एसपी ने सर्वप्रथम अपराध नियंत्रण व विधि व्यवस्था के लिए लगे कंट्रोल रूम का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने थानाध्यक्ष समेत पुलिस पदाधिकारी व पुलिस कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इसके अलावा थाना परिसर में लगे सीसीटीवी फुटेज का भी अवलोकन किया। एसपी ने कंट्रोल रूम से ही एनएच 727 समेत चौक चौराहे पर लगे सीसीटीवी फुटेज से पुलिसिंग व्यवस्था का भी जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने 112 पुलिस व पुलिस कर्मियों का भी मॉनिटरिंग किया।वही एसपी ने मौके पर मौजूद पुलिस पदाधिकारी व कर्मियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया।इस दौरान एसपी ने लंबित कांडों की समीक्षा की एवं कांडों के त्वरित निष्पादन को लेकर पुलिस पदाधिकारी को निर्देश दिया। साथ ही साथ थानाध्यक्ष को संचिकाओं के संधारण व थाना परिषद की साफ सफाई को लेकर भी कई आवश्यक निर्देश दिया।मौके पर एसपी के साथ एसडीपीओ कुमार देवेंद्र , इंस्पेक्टर संजय कुमार पाठक, इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष अनिल कुमार समेत पुलिस पदाधिकारी व पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

### पराली जलाने से रोकने के लिए चलाया जागरूकता अभियान

**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रेलवे सुरक्षा बल ने रविवार को सीवान जिले में रेल लाइन के किनारे बसे गांवों में पराली जलाने को रोकने के लिए जागरूकता अभियान चलाया. सीवान-दारौंदा स्टेशन के मध्य रेलवे ट्रैक के किनारे पड़ने वाले गांव



हड़सर, मछौता,गोपालपुर गांव के निवासियों को रेलवे ट्रैक के किनारे झाड़ियां में एवं खेतों में गेहूं काटने के बाद बचे पराली में आग नहीं लगाने, उससे पर्यावरण को होने वाले नुकसान व आग लगाने का दंडनीय होने के संबंध में जानकारी देते हुए जान जागरूक किया गया.अधिकारियों ने ग्रामीणों को पराली जलाने से होने वाले खतरों के बारे में विस्तार से जानकारी दी.आरपीएफ अधिकारियों ने बताया कि पराली जलाने से रेल पटरी के आसपास धुआं फैलता है, जिससे ट्रेनों के संचालन में बाधा आती है और हादसे का खतरा भी बढ़ जाता है. साथ ही, इससे पर्यावरण को भी गंभीर नुकसान पहुंचता है.जागरूकता अभियान के तहत गांवों में पंपलेट बांटे गए, नुक्कड़ सभाएं की गई और किसानों से अपील की गई कि वे पराली के प्रबंधन के लिए वैकल्पिक उपाय अपनाएं.आरपीएफ इंस्पेक्टर ने राजेश कुमार सिन्हा ने कहा कि रेलवे परिसर और रेल मार्ग की सुरक्षा में सभी का सहयोग जरूरी है. इस अभियान का उद्देश्य किसानों को सजा देना नहीं, बल्कि उन्हें जागरूक कर सुरक्षित वातावरण बनाना है.

### बल हित कार्य के लिए ब्रजेश भोपाल में हुए सम्मानित

**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भोपाल में आयोजित चाइल्ड कंजर्वेशन फाउंडेशन इण्डिया के 250वे राष्ट्रीय बेबिनर में जिले के युवा



अधिवक्ता ब्रजेश कुमार गुप्ता को सम्मानित किया गया . फाउंडेशन के तरफ से आयोजित दो दिवसीय इस राष्ट्रीय सम्मलेन में बिहार राज्य से सिर्फ एक प्रतिभागी श्री गुप्ता ने भाग लिया. कार्यक्रम का आयोजन भोपाल स्थित एन सी आर टी के क्षेत्रीय संस्थान के सभागार में 250 बेबिनार पुरे होने के उपलक्ष्य में दिंनाक 19एवं 20 अप्रैल को आयोजित किया गया . इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्त्ता पूर्व बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष श्री गुप्ता को बाल अधिकारों के क्षेत्र में सक्रीय भूमिका के रूप में योगदान के लिए मध्य प्रदेश सरकार कि महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने उन्हें मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया . सम्मेलन में मुझे बच्चो के संरक्षण के क्षेत्र में अर्जित अपने अनुभव को साँझा करने का मौका मिला. मौके पर राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग कि सदस्या डा दिव्या गुप्ता, यु एन ओडीपी के एग्जीक्युटिव डायरेक्टर एक डिक्सन सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता निपुण सक्सेना विभाग के संयुक्त संचालक अमिताभ अवस्थी ने भी संबोधित किया . सम्मेलन में देश के इक्कीस राज्यों के प्रतिनिधि मौजूद थे . इस उपलब्धि के लिए मित्रो एवं परिवार के तरफ श्री गुप्ता को बहुत बधाईयां प्राप्त हुई है।

### चलाया गया वाहन चेकिंग अभियान

**सिसवन/सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रविवार को थानाक्षेत्र सिसवन रघुनाथपुर मार्ग पर वहां चेकिंग अभियान चलाया गया।इस दौरान पुलिस ने विभिन्न गाड़ियों के कागजों की जांच की और कई गाड़ियों के चालान काटे। पुलिस ने विभिन्न गाड़ियों के कागजों की जांच की और कई गाड़ियों में त्रुटियां पाई गई।त्रुटियों के आधार पर पुलिस ने ₹4000 के चालान काटे। सिसवन थाना अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह ने बताया कि वाहन चेकिंग अभियान का उद्देश्य सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देना और यातायात



नियमों का पालन सुनिश्चित करना है। पुलिस द्वारा नियमित रूप से ऐसे अभियान चलाए जाते हैं ताकि सड़क पर चलने वाले वाहनों की जांच की जा सके और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की जा सके। वही चैनपुर थाना पुलिस द्वारा चैनपुर सिवान मुख्य सड़क पर वाहन चेकिंग अभियान चला कर गाड़ियों के कागजों की जांच की गई।

### 24 घंटा में 31 वारंटों का निष्पादन, 16 गिरफ्तार

**बगहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बगहा पुलिस ने 24 घंटा में 31 वारंटों का निष्पादन किया है । जबकि कांड में 16 लोगों को गिरफ्तार किया है।वही दूसरी ओर पुलिस ने अपराध नियंत्रण को लेकर चलाए जा रहे सघन वाहन जांच में 81 हजार पांच सौ रुपए जुमार्ना लगाया है।उक्त जानकारी एसपी सुशांत कुमार सरोज ने दी। उन्होंने बताया कि बगहा थाना द्वारा शराब के काण्ड में 01 अभियुक्त को गिरफ्तार किया है ।वही पुलिस ने 10 लीटर देशी शराब के साथ एक बाइक जप्त किया है। चौतरवा थाना द्वारा शराब के काण्ड में 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। पटखौली थाना द्वारा वारंट में 01 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। वाल्मीकीनगर थाना द्वारा वारंट में 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है।धनहाँ थाना द्वारा शराब के काण्ड में 01 अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।नौरंगिया थाना द्वारा वारंट में 04 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। लौकरिया थाना द्वारा शराब के काण्ड में 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। महिला थाना द्वारा अन्य काण्ड में 01 अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। रामनगर थाना द्वारा शराब के काण्ड में 01 तथा वारंट में 01 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है ।बथवरिया थाना द्वारा बरामदगी-अंग्रेजी शराब-34.560 लीटर तथा एक बाइक को जप्त किया है।इस प्रकार पुलिस ने कुल-31 वारंटो का निष्पादन किया गया हैं। जिसमें जमानतीय 09 एवं अजमानतीय 22 शामिल हैं।वही दूसरी ओर अपराध नियंत्रण हेतु वाहन जॉच किया गया जॉच के क्रम में बगहा थाना द्वारा 5,000 रू, भैरोगंज थाना द्वारा-3,000, रू, नौरंगिया थाना द्वारा-1,000रू, वाल्मीकीनगर थाना द्वारा-16,000रू, नदी थाना द्वारा-1,000रू, धनहां थाना द्वारा-2,000रू, भितहाँ थाना द्वारा-9,500 रामनगर थाना द्वारा-14,000रू, लौकरिया थाना द्वारा-5,000रू, यातायात थाना द्वारा-25,000रू, इस प्रकार कुल 81,500/- रू का जुमार्ना लगाया गया है।

# महिला संवाद कार्यक्रम में महिलाओं ने रखी स्वास्थ्य केंद्र और स्थानीय विकास की मांग

**सिवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रविवार को महिला संवाद कार्यक्रम के अंतर्गत भगवानपुर हाट प्रखंड के निर्मल ग्राम संगठन (श्ड), भीखमपुर पंचायत में एक महत्वपूर्ण आयोजन किया गया।जिसमें कुल 226 से अधिक ग्रामीण महिला सदस्यों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान सतत जीविकोपार्जन योजना (SJ) के जिला नोडल पदाधिकारी आदर्श कुमार (जीविका) ने स्थल पर पहुंचकर महिलाओं के साथ संवाद किया और महिलाओं की आकांक्षाओं के संग्रहण में मार्गदर्शन प्रदान किया।महिलाओं ने बड़ी संख्या में सामने आकर अपने गाँव के विकास से जुड़ी समस्याओं और आवश्यकताओं को रखा। सबसे



प्रमुख मांग गाँव में स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना को लेकर रही, ताकि स्थानीय स्तर पर चिकित्सा सुविधाओं की सुलभता सुनिश्चित की जा सके। इसके अलावा, महिलाओं ने सड़क निर्माण, ग्रामीण सामुदायिक पुस्तकालय की स्थापना, स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन, और युवा एवं कौशल विकास के अवसरों की उपलब्धता से जुड़ी मांगें भी जोरदार ढंग से प्रस्तुत कीं। महिलाओं की यह सक्रिय भागीदारी इस ओर संकेत करती है कि ग्रामीण समुदाय अब जागरूक होकर सामुदायिक विकास की दिशा में सोच रहा है और सरकार के साथ मिलकर ठोस बदलाव की अपेक्षा कर रहा है। जिला नोडल पदाधिकारी ने महिलाओं को आश्वस्त किया कि उनके द्वारा उठाए गए मुद्दे उचित माध्यम से संबंधित विभागों तक पहुँचाए जाएंगे और आगे की कार्यवाही के लिए सरकार प्रतिबद्ध है।यह कार्यक्रम बिहार सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है, जो महिलाओं को नीति संवाद में भागीदार बनाकर उन्हें सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण की मुख्यधारा में लाने का कार्य कर रहा है।

## तिरंगा जीविका महिला ग्राम संगठन द्वारा महिला संवाद कार्यक्रम आयोजित



**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रविवार को चंदौली पंचायत गाजियापूर में बिहार सरकार, ग्रामीण विकास विभाग के द्वारा आयोजित महिला संवाद कार्यक्रम के क्रम में तिरंगा जीविका महिला ग्राम संगठन की ओर से आयोजन किया गया। जिसमें लगभग सैकड़ों महिलाओं सहित ग्रामीणों ने भाग लिया।

इस अवसर पर प्रखंड परियोजना प्रबंधक महोदय संजीव वर्मा, क्षेत्रीय समन्वयक संदीप कुमार ने सभी कार्यक्रम में आई महिलाओं के साथ संवाद किया एवं सर्वप्रथम महिला संवाद के उद्देश्य पर चर्चा कर इसे समझाया, साथ ही सरकार की विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं की जानकारी दी एवं सरकार से उनकी आकांक्षाओं की भी जानकारी ली। बिहार सरकार की योजनाओं से संबंधित लिफलेट का वितरण किया गया। महिलाओं द्वारा दिए गए सुझावों एवं उनकी सरकार से मांगों को भी कलमबद्ध किया गया। अंत में प्रखंड परियोजना प्रबंधक ,क्षेत्रीय समन्वयक के द्वारा सभा के समाप्ति की घोषणा की गई।

## 1.635 किलोग्राम गांजा के साथ एक गिरफ्तार

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगर थाना की पुलिस ने छापेमारी कर एक किलो 635 ग्राम गांजा के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। पूछताछ के बाद पुलिस उसे न्यायिक हिरासत में भेज दी है। पुलिस के मीडिया सेल प्रभारी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि नगर थाना क्षेत्र के नौरंगाबाग वार्ड 18 निवासी सुजीत सोनी को गिरफ्तार किया गया है। उसके पास से एक किलो 635 ग्राम गांजा बरामद किया गया है। गांजा को वह अपने घर में छुपा कर रखा था। जानकारी के अनुसार नगर थाना के दारोगा सैयद हसन शनिवार की दोपहर गश्ती में निकले थे। इसी दौरान उन्हें सूचना मिली कि नौरंगाबाग का सुजीत सोनी चोरी चुपके गांजा बेच रहा है। सूचना पर दंडाधिकारी की मौजूदगी में उसके घर पर छापेमारी की गई। पुलिस को देखकर वह घर में घुसने लगा। उसे रोक उसके घर की तलाशी ली गई तो पॉलिथीन में अलग-अलग जगह छुपा कर रखा गया गांजा बरामद हुआ।

# पहलगाम में पर्यटकों की हत्या है भारतीय संस्कृति पर हमला

**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जनवादी लेखक संघ और ऐप्सो के संयुक्त तत्वावधान में वरिष्ठ उस्ताद शायर कमर सीवानी, वरिष्ठ अधिवक्ता मणीश प्रसाद सिंह, मार्कण्डेय, ख्वाजा एहतेशाम अहमद ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों आतंकवादी हमला को कायराना बताते हुए घोर निन्दा की गई.कहा गया कि यह भारतीय संस्कृति पर हमला है जो कि अक्षम्य है. इस घटना के बाद कश्मीर की जनता ने जो एकजुटता दिखाई है वो आतंकवाद एवं आतंकवादियों के मनसूबे पर करारा तमाचा है. पाकिस्तान के रक्षा मंत्री के बयानों से पाश्चात्य देशों की पोल खुल गई है.पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने बयान दिया है कि अमेरिका, ब्रिटेन व अन्य पश्चिमी यूरोपीय देशों के बहकावे में यह धंधा शुरू किया था. ऐसी स्थिति में हमें इन देशों से सावधान रहने की आवश्यकता है. इसे धर्म के चश्मे से जोड़ कर देखने की जरूरत नहीं है.ये शक्तियां सदैव



हमें कमजोर करने के पक्ष में रहतीं हैं. पहलगाम में मारे गए पर्यटकों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा गया कि जिन मां, बहनों, बच्चों एवं माता -पिता ने अपने परिजनों को खोया है,उनके प्रति हम सहानुभूति व्यक्त करते हैं. आज पूरा देश उनके साथ है. श्रद्धांजलि अर्पित करने वाले, सहानुभूति व्यक्त करने वाले और बयान जारी करने वाले में अन्य प्रमुख लोग थे युगल किशोर दूबे, अरुण कुमार सिंह, प्रोफेसर उपेन्द्र नाथ यादव, कमलेश्वर ओझा, डॉ इलतेफात अमजदी, रविन्द्र सिंह अधिवक्ता,डॉ संदीप कुमार यादव, लाइची हरिराही, विक्रमा पंडित विवेकी, कन्हैया चौधरी, सुशील कुमार, डॉ जगन्नाथ प्रसाद आदि शामिल हैं.

## पहलगाम की कायरतापूर्ण आतंकी हमले में मारे गए लोगों के श्रद्धांजलि सभा आयोजित

**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विगत दिवस कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों ने कायरता पूर्वक 27 पर्यटकों को गोलियों से छलनी कर दिया। इस हैवानियत पर पूरा देश उबल पड़ा। शनिवार को सीवान में कलवार सेवा समिति के महिला प्रकोष्ठ की सदस्यों ने मृत देशवासियों के प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित किया। आतंकियों के खिलाफ कड़ी करवाई की मांग की और कहा कि ये हमला मानवता की हत्या है। सभी ने एक स्वर में आह्वान कर बताया कि



सभी लोग इस कायरतापूर्ण हमले के विरोध में है और इसके खिलाफ सरकार द्वारा जो भी कदम उठाए जा रहे हम सब उसके साथ है।आतंकवाद के खात्मे के लिए प्रहार में अब कोई देरी नहीं हो। मौके पर अमिता जयसवाल,बिंदु जयसवाल,सुमन गुप्ता,पूजा गुप्ता, विजेता जयसवाल,कंचन गुप्ता,अनुज गुप्ता,रेणु गुप्ता,संगीता देवी, तनु कुमारी,सरिता जायसवाल,प्रतिमा कुमारी, श्वेता जयसवाल एवं ट्रिकी कुमारी सहित समिति के दर्जनों सदस्या उपस्थित थी।

# दलितों के कुल देवता है बाबा साहब

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पंचायत स्थित 55 पुल के समीप मलंग बाबा के पावन स्थान परिसर में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर सम्मान समारोह का आयोजन भाजपा द्वारा किया गया।जिसमें मुख्य अतिथि गन्ना मंत्री कृष्णनंद पासवान पशुपालन एवं मत्स्य विभाग की मंत्री रेणु देवी क्षेत्रीय प्रभारी नगर निकाय बेतिया के राहुल कुमार मुखिया ज्योति श्रीवास्तव उपाध्यक्ष रवि सिंह आदि द्वारा संविधान निमार्ता बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए दीप प्रज्वलित किया गया। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि गन्ना मंत्री कृष्णनंदन पासवान ने कहा कि दलितों के कुल देवता है बाबा साहब।बाबा साहब की जीवनी व संघर्ष सबके लिए प्रेरणादायक है।कांग्रेस पार्टी पर प्रहार करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी महा दलित विरोधी है। कांग्रेस पार्टी दलितों के आरक्षण का विरोध करती है।बाबा साहब समता मूलक समाज के जनक थे।पशुपालन एवं मत्स्य विभाग की मंत्री रेणु देवी ने कहा कि

- **समता मूलक समाज के जनक थे डॉक्टर भीमराव अंबेडकर**
- **शिक्षित बने देशभक्त बने बाबा साहब अमर रहे से गूंजा मझौलिया**

भाजपा सरकार ने बाबा साहब को भारत रत्न देकर सम्मानित किया।भाजपा ने महादलित आयोग लाकर दलितों के उत्थान का काम किया है।आज दलित विकास के लिए 22 विकास योजनाएं संचालित है।देश विरोधी ताकतों पर प्रहार करते हुए मंत्री रेणु देवी ने स्पष्ट कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के नेतृत्व में भारत पूरी तरह सुरक्षित है। विदेशों में भी भारत का मान सम्मान बढ़ा है।उन्होंने जोर देकर कहा कि देश के गद्दारों से सावधान रहे।उन्होंने उपस्थित लोगों से अपने बच्चों को शिक्षित करने का परामर्श दिया और कहा की मोदी सरकार और नीतीश सरकार दलितों के विकास और उत्थान के लिए पूरी तरह संकल्पित है।चनपटिया विधायक उमाकांत सिंह ने कहा कि पंचायती राज में भाजपा द्वारा 35% आरक्षण देकर दलितों को समाज में हक और अधिकार देने का काम किया है।कांग्रेस और राजद के महागठबंधन को विधायक उमाकांत सिंह ने ठग बंधन करार देते हुए उनके बहकावे में नहीं आने का सलाह दिया।उन्होंने बताया कि मोदी सरकार की देन है कि आज का दलित राष्ट्रपति मंत्री कलेक्टर एसपी डॉक्टर शिक्षक बनकर देश सेवा कर रहा है और अपने समाज की उत्थान में प्रमुख भूमिका निभा रहा है।क्षेत्रीय प्रभारी नगर निकाय बेतिया के राहुल कुमार ने अपने संबोधन में बाबा साहब को महा मानव करार देते हुए उनके बताए हुए रास्तों पर चलने की सलाह दी। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष रूपक श्रीवास्तव विधायक प्रतिनिधि संदीप कुमार श्रीवास्तव अचल नारायण शर्मा समिति सदस्य विकास कुमार शर्मा पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष दीपेंद्र शराफ भिखारी सिंह मनोज सिंह वार्ड सदस्य दिनेश मुखिया कमल मुखिया विनोद ठाकुर कृष्णा पासवान अरुण भारती शंभू भारती सुनील सिंह मुकेश सहनी अदालत सहनी हीरालाल शाह हीरालाल कुमार पासवान राम अनुप पांडे रिंकू श्रीवास्तव सहित सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।कार्यक्रम का संचालन अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष सह मझौलिया मुखिया सत्य प्रकाश तथा धन्यवाद ज्ञापन बखरिया मुखिया कमल पति देवी पति एकबालि राम ने किया।आगत अतिथियों का स्वागत अंग वस्त्र व बुके देकर तथा फूल माला पहनाकर किया गया।

## ऐतिहासिक होगा डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती पखवाड़ा समारोह

**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** 29 अप्रैल को डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती पखवाड़ा समारोह की तैयारी भारतीय जनता पार्टी द्वारा जोर शोर से किया जा रहा है.रविवार को जिला कार्यालय में दारौंदा विधायक करणजीत सिंह उर्फ व्यास सिंह ने



बताया कि हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने डा भीमराव अम्बेडकर को सही सम्मान दिया है.उनके जन्म शिक्षा एवं महानिर्वाण से जुड़े पांच जगहों का भव्य स्वरूप देकर पंचतीर्थ के रूप विकसित किया है. इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मंगल पाण्डेय अनुसुचित जनजाति कल्याण मंत्री जनक राम पूर्व मंत्री रामचरित पासवान भारतीय जनता पार्टी अनसुचित मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष विधायक लखिन्दर पासवान विशेष रूप से शामिल होंगे. जिला अध्यक्ष राहुल तिवारी ने बताया भारतीय जनता पार्टी डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी जयंती 15 दिन का पखवाड़ा मनाने का निर्णय लिया है जिसके तहत पार्टी जिला से लेकर गांव तक यह कार्यक्रम मना रही है. 29 तारीख होने वाले कार्यक्रम को लेकर पूरे जिला के अनुसूचित वर्ग में काफी उत्साह है और यह कार्यक्रम ऐतिहासिक होने वाला है. समाज में डा भीमराव अंबेडकर के नाम पर भ्रम फैलाने वाले को बेनकाब किया जाएगा.पार्टी द्वारा अंबेडकर की जीवनी चरित्र को एक पत्रक में दशार्या गया है जिसे हमें अपने अनुसूचित भाइयों को पढ़ाना एवं समझना है.

# सुरेश यादव पर जानलेवा हमले में दो गिरफ्तार

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बरवत गोड़वा टोला वृद्धा आश्रम के समीप 18 अप्रैल की सुबह बरवत परसाइन वार्ड 37 निवासी प्रॉपर्टी डीलर सुरेश यादव (45) पर फायरिंग मामले का पुलिस ने पदार्फाश कर दिया है। मामले में पुलिस दो शूटरों को गिरफ्तार की है। इनमें से एक शूटर नौतन थाना क्षेत्र का किशोर है। जबकि दूसरे शूटर की गिरफ्तारी सीतामढ़ी जिले से हुई है। सदर एसडीपीओ विवेक दीप ने बताया कि प्रॉपर्टी डीलिंग के बिजनेस में बकाया पैसे को लेकर प्रॉपर्टी डीलर पर फायरिंग की गई थी। प्रॉपर्टी डॉलर के हत्या के लिए दो लाख रुपये में सुपारी दी गई थी। मामले में एक किशोर समेत सीतामढ़ी जिले के रीगा थाना क्षेत्र अंतर्गत रामपुर गांगोली निवासी जयंत कुमार को गिरफ्तार किया गया है।

घटना में प्रयुक्त बाइक और दो मोबाइल फोन बरामद किया गया। एसडीपीओ ने बताया कि पूछताछ में पता चला है कि इस मामले में दर्ज प्राथमिक के आरोपित बरवत पसराइन के बीरबल कुशवाहा और सुरेश यादव बिजनेस पार्टनर थे। बीरबल कुशवाहा का करीब 10 लाख रुपये सुरेश यादव के यहां बकाया था। वे बकाया पैसा देने में आनाकानी कर रहे थे। तब बीरबल कुशवाहा ने मुफस्सिल थाना क्षेत्र के शंभू पटेल के साथ मिलकर हत्या की साजिश रची। इस साजिश में नौतन थाना क्षेत्र के एक किशोर भी शामिल था। सीतामढ़ी के शूटर जयंत कुमार से संपर्क कर हत्या के लिए दो लाख रुपये में सुपारी दी गई। एक लाख रुपये जयंत और एक लाख रुपये किशोर को मिलना था। हत्या हो जाने के बाद शूटरों को रकम देने की बात तय हुई थी। सब कुछ सेट हो जाने पर जयंत ने घटनास्थल का रेकी किया था। उसे मुफस्सिल थाना क्षेत्र का शंभू पटेल संरक्षण दे रहा था। पुलिस शंभू पटेल व बीरबल कुशवाहा की तलाश कर रही है। फिलहाल दोनों फरार है।

**पुलिस के लिए चुनौती थी अपराधियों तक पहुंचना**

इस मामले में अपराधियों तक पहुंचना पुलिस के लिए काफी चुनौती थी। घटना के बाद पूछताछ में पुलिस को पता चला कि शूटरों में से एक लाल टी शर्ट पहना था। इसके आधार पर पुलिस करीब 100 किलोमीटर दूरी तक रास्ते में लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाली। एसडीपीओ ने बताया कि 120 से ज्यादा सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण किया गया। करीब 25 जगह पर टावर डंप किया गया। इसके बाद पुलिस शूटर को चिन्हित कर ली। फिर सीतामढ़ी पुलिस के सहयोग से उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में उसने पूरे मामले का पदार्फाश करते हुए हत्या के लिए सुपारी लेने की बात कबूल किया। फिर पुलिस घटना में प्रयुक्त बाइक व अपराधियों का सेल फोन जब्त कर ली।

**वारदात में रमेश महतो की अब तक नहीं मिली है संलिप्तता**

प्रॉपर्टी डीलर पर फायरिंग के मामले में उनके बयान पर मुफस्सिल पुलिस दो अज्ञात व योगापट्टी शिवराजपुर के रमेश महतो व बरवत परसाइन के बीरबल कुशवाहा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। घटना के बाद पुलिस रमेश महतो को गिरफ्तार कर जेल भेज दी थी। एसडीपीओ ने बताया कि अब तक की जांच में पुलिस को इस घटना में रमेश महतो की संलिप्तता नहीं मिली है। हालांकि अभी जांच जारी है। बीरबल कुशवाहा व शंभू पटेल की गिरफ्तारी के लिए पुलिस प्रयास कर रहे हैं। बता दे की 18 अप्रैल की सुबह सुरेश यादव को जमीन दिखाने के बहाने घर से बुलाकर गोली मारी गई थी। घटना के बाद उन्हें जीएमसीएच में भर्ती किया गया। गंभीर स्थिति देख उन्हें चिकित्सकों ने रेफर कर दिया था। स्वजन उन्हें मोतिहारी के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराए थे। वहां उनके शरीर से चार गोली निकाली गई थी। दो दिन पहले अस्पताल से उन्हें छुट्टी मिल गई है। वे घर आ गए हैं। उनकी पुत्री की शादी पांच मई को होनी है।

**एसपी ने गठित किया था एसआईटी**

घटना के बाद एसपी डा. शौर्य सुमन जांच के लिए घटनास्थल पर गए थे। एसडीपीओ विवेक दीप के नेतृत्व में उन्होंने एसआईटी गठित किया था। अपराधियों की गिरफ्तारी में एसडीपीओ के अलावा मुफस्सिल थानाध्यक्ष अभिराम सिंह, गोपालपुर थानाध्यक्ष राजन कुमार, तकनीकी शाखा के ज्वाला सिंह, मुफस्सिल के अपर थानाध्यक्ष प्रभाकर पाठक, जितेंद्र कुमार सिंह, अमरजीत पाठक, कमलेश कुमार आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा है

## मारपीट मामले में फरार अभियुक्त गिरफ्तार

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शिकारपुर पुलिस ने मारपीट मामले में करीब चार माह से फरार चल रहे एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान महमदपुर निवासी अनवर मियां के रूप में की गई है। वह महीनों से फरार चल रहा था। थानाध्यक्ष अवनीश कुमार ने बताया कि मुजौना निवासी अफरोज अंसारी से जमीनी विवाद को लेकर मारपीट मामले में अफरोज अंसारी ने मुजौना निवासी मुन्ना अंसारी, महमदपुर निवासी अनवर मियां, अलीईमाम मियां, साहेब मियां एवं जुबैर मियां तथा सतवारिया निवासी फरमान मियां को नामजद किया है।

# खेलो इंडिया यूथ गेम्स के अंतर्गत सिवान पहुंची मशाल यात्रा का भव्य स्वागत

**सिवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रविवार को आंबेडकर भवन सिवान में 11:00 बजे खेलो इंडिया कार्यक्रम के तहत सीवान पहुंची मशाल यात्रा का जिला पदाधिकारी सिवान के नेतृत्व में जिला प्रशासन सिवान के द्वारा भव्य स्वागत किया गया।डॉ अंबेडकर भवन पहुंचे मशाल यात्रा का स्वागत जिला पदाधिकारी के द्वारा किया गया।तत्पश्चात एनसीसी कैडेट्स के द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर के साथ डॉ अंबेडकर भवन के संवाद कक्ष में मशाल को लाया गया। जहां स्वागत समारोह के तहत आयोजित भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन जिला पदाधिकारी एवं जिला स्तरीय पदाधिकारी गणों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। अपने स्वागत भाषण में जिला खेल पदाधिकारी श्री उपेंद्र कुमार यादव ने खेलो इंडिया के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया की राष्ट्रीय स्तर की यह प्रतियोगिता 04 मई से लेकर 15 मई तक राज्य के विभिन्न जिलों(पटना, बेगूसराय, गया, नालंदा, भागलपुर) में आयोजित की जाएगी। राष्ट्रीय स्तर की यह प्रतियोगिता राज्य में पहली बार आयोजित की जा रही है। यह बिहार के लिए सम्मान की बात है।इस अवसर पर मशाल यात्रा के साथ पहुंचे दल का उन्होंने





सिवान जिला में जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी ने अपने उद्बोधन में बताया कि बिहार में खेलने हेतु व्यापक आधारभूत संरचनाओं का निर्माण युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। पंचायत स्तर पर खेल मैदान का निर्माण कार्य प्रगति पर है। जिसमें बास्केटबॉल, वॉलीबॉल, बैडमिंटन एवं रनिंग ट्रैक का निर्माण करवाया जा रहा है। सिवान जिले में प्रखंड स्तर पर स्टेडियम का निर्माण कार्य करवाया जाएगा। तीन प्रखंड में स्टेडियम का निर्माण कार्य पूर्ण भी हो चुका है । शेष प्रखंडों में भी जल्द ही स्टेडियम का निर्माण कार्य पूरा करवा लिया जाएगा। जिला स्तर पर तीन बहुउद्देशीय हॉल का निर्माण करवाया जाएगा। इनमें एक भैंसा खाल, जीरादेई में दूसरा श्रीनगर कॉलोनी में एवं तीसरा जवाहर नवोदय विद्यालय में निर्माण कार्य करवाया जाएगा। भैंसा खाल, जीरादेई में ही 08 करोड़ की लागत से अंतरराष्ट्रीय स्तर का स्विमिंग पूल का निर्माण कार्य करवाया जाएगा। इसके निर्माण कार्य हेतु निविदा के अंतिम प्रक्रिया में रहने की बात बताई गई। वही पंचायत स्तर पर खेल मैदान, प्रखंड स्तर पर स्टेडियम एवं जिला स्तर पर मल्टीपरपस हाल के बन जाने से सिवान जिला के खिलाड़ियों को खेलने हेतु राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर की सुविधा आसानी से उपलब्ध हो सकेगी।आज के समय में खेल के जरिए हजारों लोग प्रतिष्ठा एवं सम्मान के साथ जीवन जी रहे हैं ।बिहार सरकार "मेडल लाओ नौकरी पाओ" योजना चला रही है ।इस योजना से खिलाड़ियों का मनोबल काफी बढ़ा है। खेलो इंडिया के तहत राष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिता में सफल हुए खिलाड़ियों को प्रतिवर्ष सरकार 5 लाख रुपए की राशि प्रोत्साहन राशि देगी।

**शपथ पत्र**

मैं, मुन्ना कुमार,पिता - इंद्रदेव मिस्त्री, निवासी- रोड न.02, शिव मंदिर, खेमनीचक, न्यू जगनपुरा, थाना- रामकृष्णा नगर, जिला - पटना - 800027, शपथ पूर्वक बयान करता हूं कि मैं अपनी पुत्री का नाम Kumari Jolija Bharti से Kumari Priyanshi Sharma बदलना चाहता हूं। आज से वह Kumari Priyanshi Sharma के नाम से जानी एवं पहचानी जाएगी। मेरी पुत्री की सही जन्म तिथि 26.02.2016 है।

**नाम परिवर्तन**

मैं जुली कुमारी, पति - अमन कुमार शर्मा निवासी ग्राम- रनुआ वार्ड नं 20, पोस्ट-सिवान, थाना - हुसैनगंज, जिला- सिवान, बिहार- 841226 शपथपूर्वक बयान करती हूं कि मेरे आधार कार्ड संख्या 649930636295 में मेरा नाम बासमती कुमारी, पिता देवनारायण शर्मा, पोस्ट मिजापुर, ग्राम गंभीरपुर हतवा, सिवान बिहार, दर्ज है। यह कि मैं अपना नाम परिवर्तन कर अब जुली कुमारी पति अमन शर्मा के नाम से जानी और पहचानी जाऊंगी। शपथ पत्र सं 5913 दि. 22.4.25

**नाम परिवर्तन**

मैं रिया प्रियदर्शिनी पिता श्री शंभु शर्मा ग्राम- शंकरडीह, थाना- परवलपुर, जिला नालंदा शपथ पत्र सं 8 दि. 25/04/25 द्वारा घोषणा करती हूं कि आज से मैं आइसी सिंह के नाम से जानी एवं पहचानी जाऊंगी। अब से आइसी सिंह का नाम ही सरकारी एवं गैर सरकारी कार्यों में उपयोग करूंगी।

**Affidavit**

I, Munna Kumar, s/o Indradeo Mistri R/o Road no. 2, Shiv Mandir, Khemanichak, new Jaganpura, PS- Ramkrishna Nagar, Patna- 800027 do hereby solemnly affirm and state that I want to change my daughter's name Kumari Jolija Bharti to Kumari Priyanshi Sharma. From now she will be known as Kumari Priyanshi Sharma, hence this affidavit. My daughter's date of birth is 26/02/2016.

# किसानों ने जमीन कब्जाने पहुंचे अधिकारियों को लौटाया

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** भारत माला परियोजना के तहत वाराणसी से कोलकाता तक ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे निर्माण के लिए किसानों की जमीन पर कब्जा करने पहुंचे प्रशासनिक अधिकारियों को ग्रामीणों ने बैरंग लौटा दिया। किसानों ने आरोप लगाया कि कुटुंबा सीओ चंद्रप्रकाश जबरन भूमि कब्जा कर निर्माण कार्य शुरू कराना चाहते थे। अंबा थाना क्षेत्र के सोनबरसा गांव में सीओ और किसानों के बीच जमकर झड़प हुई। सोनबरसा गांव में जबरन भूमि अधिग्रहण की खबर आग की तरह फैल गई। थोड़ी ही देर में बलिया, महसू, डिहरी, एरका, करमडीह और जौड़ा गांवों के किसान भी मौके पर पहुंच गए। किसानों ने सीओ और एडीएम के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया। किसान मजदूर मशीन के आगे बैठ गए और नारेबाजी की। स्थानीय किसान नरेंद्र राय ने बताया कि गांव में अब तक कुछ ही किसानों को मुआवजा मिला है। फिर भी प्रशासन जबरन जमीन कब्जाने की कोशिश कर रहा है। भारतीय किसान यूनियन के जिला संयोजक वशिष्ठ प्रसाद सिंह ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार बिना मुआवजा दिए भूमि अधिग्रहण नहीं हो सकता, लेकिन यहां प्रशासन पुलिस बल के दम पर जमीन कब्जा कर रहा है। घटना की जानकारी मिलते ही औरंगाबाद के एसडीपीओ संजय कुमार पांडेय और एडीएम संतन कुमार सिंह गांव पहुंचे। अधिकारियों ने किसानों से बातचीत कर सहयोग की अपील की। किसानों ने साफ कहा कि बिना मुआवजा मिले वे किसी भी हाल में निर्माण कार्य नहीं होने देंगे। अधिकारियों ने किसानों से कहा कि सड़क निर्माण कार्य शुरू होने दें। जल्द ही सभी किसानों के अधिग्रहित की गई भूमि का मुआवजा दिलाया जाएगा। किसानों ने बताया कि वे पिछले डेढ़-दो वर्षों से उचित मुआवजे की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। बावजूद इसके जिला प्रशासन बिना मुआवजा दिए जमीन कब्जाने पर अड़ा है। गुरुवार को भी नबीनगर सीओ निकहत प्रवीन पुलिस बल और पीएनसी कंपनी की मशीनों के साथ पचमों गांव पहुंची थीं। वहां भी किसानों के भारी विरोध के चलते उन्हें लौटना पड़ा था। वशिष्ठ प्रसाद सिंह ने सवाल उठाया कि राज्य सरकार की ओर से दर निर्धारण और भूमि वर्गीकरण के लिए बनी समिति पर डीएम अब तक पहल क्यों नहीं कर रहे। सरकार ने हर साल दर में दस प्रतिशत वृद्धि का निर्देश दिया था, लेकिन उसका पालन नहीं हुआ। साया गांव के किसान अवधेश सिंह ने आंदोलन तेज करने की अपील की। उन्होंने कहा कि बिना उचित मुआवजा मिले जमीन नहीं देंगे, चाहे इसके लिए आत्मदाह ही क्यों न करना पड़े।

पूर्व सांसद वीरेन्द्र कुमार सिंह ने नबीनगर विधानसभा क्षेत्र में शुरू की ग्राम संपर्क यात्रा

# बिहार में स्पष्ट दिख रहा चहुमुखी विकास : वीरेन्द्र सिंह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** आज के बिहार में चहुमुखी विकास स्पष्ट देखा जा सकता है। सड़क, बिजली सहित कई बुनियादी चीजें हर जगह पहुंच गई है जबकि 2005 से पहले सप्ताह में 2 घंटे के लिए बिजली आती थी लेकिन अब चारों तरफ रोशनी है। यही हाल सड़कों का भी है। बिहार में सड़कों की जाल बिछा है। जब एनडीए को बिहार मिला था तब 23 हजार करोड़ का बजट होता था। अब यह इन 20 सालों में 3 लाख करोड़ रुपए का बजट हो चुका है। अकेले एक शिक्षा विभाग का ही बजट उस समय के बजट से काफी अधिक है। स्वास्थ्य पर हम 20 हजार करोड़ रुपए खर्च कर रहे हैं। बिहार के सभी धार्मिक एवं पर्यटक स्थलों को बढ़ावा दिया जा रहा है। यह बातें औरंगाबाद के पूर्व सांसद सह नबीनगर के पूर्व विधायक वीरेन्द्र कुमार सिंह ने रविवार को ग्राम संपर्क यात्रा के दौरान कही। उन्होंने कहा कि हमारे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार लगातार बिहार का दौरा करते रहते हैं। इसके तहत जहां भी कोई योजनाएं रह जाती हैं उनको पूरा कराते हैं। मुख्यमंत्री द्वारा वन क्षेत्रों के लिए भी बहुत सारे काम कराए गए हैं ताकि इको टूरिज्म को बढ़ावा दिया जा सके। नबीनगर के प्रखंड अध्यक्ष कमलेश कुमार सिंह ने बताया कि पूर्व सांसद ने नबीनगर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बारून प्रखंड के सोनौरा पंचायत में ग्राम संपर्क यात्रा किया। उन्होंने चिरैयाटाड़, धीरी बिगहा, इगुनाही, चरण, गंगहर, लहियारपुर, गाना बिगहा, महदेवा, बनहारा, बरडीहा, पुनपुन नगर, अजाद बीघा, नावाडीह, खम्भा, नेपाल बिगहा, कोल्ह मंझौली, बिसाई, सोनौरी, सोनौरा, ढेकहा मंझौली एवं रेगनिया गांव में ग्राम संपर्क यात्रा किया। इस दौरान पूर्व सांसद ने वहां के ग्रामीणों से बातचीत की और उनकी समस्याओं को सुना। साथ ही समस्या का समाधान करने का भी आश्वासन दिया। वहीं जगह-जगह ग्रामीणों ने भी पूर्व सांसद का माला पहना कर स्वागत किया। यात्रा में जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार सिंह, पूर्व विधायक प्रतिनिधि रामेश्वर सिंह, जिला उपाध्यक्ष सूर्यवंश सिंह, पूर्व राज्य परिषद सदस्य अनिल कुमार यादव, सरपंच संघ अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह, पंचायत अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह, पैक्स अध्यक्ष केदार यादव, अशोक कुमार यादव, पंचायत समिति बलवंत कुमार सिंह, मुन्ना सिंह, बारुन प्रखंड के किसान प्रकोष्ठ अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह, अंकोरहा पंचायत प्रभारी नागेन्द्र सिंह, अमोद सिंह, प्रमोद कुमार सिंह, विश्वनाथ सिंह, छोटू सिंह, सुजीत कुमार सिंह, सुजीत कुमार चंद्रवंशी, पिंटू यादव, विनोद कुमार सिंह, साधु पाल आदि उपस्थित रहे। पूर्व सांसद के ग्राम संपर्क यात्रा को लेकर ग्रामीणों में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

# योग्य गृहरक्षक अभ्यर्थियों का होगा चयन : डीएम

## डीएम-एसपी ने किया स्थल का निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिहार गृह रक्षा वाहिनी के गृह रक्षकों के स्वच्छ नामांकन की तैयारी को लेकर सिन्हा कॉलेज स्थित खेल मैदान का जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री एवं पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल द्वारा भौतिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा रनिंग ट्रैक, लॉग जंप, हाइ जंप, वेटिंग एरिया एवं अन्य शारीरिक गतिविधियों की तैयारियों की विस्तृत जानकारी ली गयी। इस दौरान उन्होंने ट्रैक का निर्माण शीघ्र करा लेने सहित अन्य तैयारियों को भी जल्द पूर्ण कर लेने का निर्देश दिया। भवन प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता को मैदान के समतलीकरण का कार्य शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान पर अपर समाहर्ता ललित भूषण रंजन, अपर समाहर्ता आपदा उपेंद्र पंडित, बंदोबस्त पदाधिकारी शैलेश कुमार दास, पंचायती राज पदाधिकारी इफ्तेखार अहमद, जिला योजना पदाधिकारी अविनाश प्रकाश, सामान्य शाखा प्रभारी रत्ना प्रियदर्शनी, सदर एसडीपीओ संजय कुमार पांडे, सिविल सर्जन विनोद कुमार सिंह, जिला समादेष्टा बिहार गृह रक्षा वाहिनी, भवन प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता एवं जिला स्तरीय अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# आतंकी हमले के विरोध में निकाला विरोध मार्च

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** जिले में अवैध तरीके से रह रहे बांग्लादेशी नागरिकों को वापस भेजने की मांग और कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के विरोध में रविवार को हिंदू समाज के लोगों ने शहर में विरोध मार्च निकाला। खैरा बिंद पंचायत के मुखिया सुजीत कुमार सिंह के नेतृत्व में गांधी मैदान से मार्च शुरू हुआ। लोग हाथों में बैनर-पोस्टर लेकर पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए शहर के मुख्य भाग से हुए रमेश चौक पहुंचे। उन्होंने कहा कि औरंगाबाद जिले में बांग्लादेशी घुसपैठिए बंगाल के मुर्शिदाबाद का फर्जी आईडी कार्ड बनाकर रह रहे हैं। इसके कारण जिले में अपराध बढ़ा है। स्थानीय मजदूरों को रोजगार नहीं मिल रहा है। अवैध तरीके से कब्जा जमा कर रह रहे बंगाल के मुर्शिदाबाद के मजदूर कम मजदूरी में भी काम करने को तैयार हो जाते हैं जिसके कारण यहां के मजदूरों को रोजगार नहीं मिल पा रहा है। जीविकोपार्जन के लिए स्थानीय मजदूरों को पलायन कर दूसरे शहरों में जाना पड़ता है। उन्होंने सभी लोगों से स्थानीय मजदूरों को ही काम पर लगाने की अपील की। उन्होंने कहा कि रोज सुबह के मस्जिद के पास स्थानीय मजदूरों की भीड़ लगी रहती है, लेकिन उन्हें काम नहीं मिल पाता है। लोग मुर्शिदाबाद के मजदूरों को कम दे देते हैं और यहां से मजदूरी कर मुर्शिदाबाद लौटने के बाद यही मजदूर हमारे हिंदू भाइयों पर अत्याचार करते हैं। कुछ दिन पहले ही मुर्शिदाबाद में हिंदुओं को टारगेट कर उनके घर पर हमला किया गया। तोड़-फोड़ की गई सामान को लूट लिया गया। मुखिया सुजीत कुमार सिंह ने कहा कि पहलगाम में टूरिस्ट की आतंकवादियों द्वारा हत्या की जितनी निंदा की जाए, वह कम है। मुखिया ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हम जैसे युवाओं को हथियार दें ताकि जरूरत पड़ने पर बांग्लादेश और पाकिस्तान के खिलाफ आर-पार की लड़ाई लड़ सकें। इस प्रदर्शन में अविनाश कुमार, कुंदन कुमार सिंह, गुड्डू सिंह, विकास कुमार, पुरुषोत्तम चौबे, प्रकाश कुमार, छोटू चिंगारी सहित सैकड़ों लोग शामिल हुए।

# अनुसंधान में पाई खामियां कार्रवाई की अनुशंसा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** किशोर न्याय परिषद के प्रधान दंडाधिकारी सह एसीजेएम सुशील प्रसाद सिंह ने दाउदनगर थाना में दर्ज एक कांड में सुनवाई करते हुए अनुसंधानकर्ता के अनुसंधान में कई खामियां पाई है। इसको लेकर अनुसंधानकर्ता के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही करने के लिए पुलिस अधीक्षक को अनुशंसा पत्र 25 अप्रैल को प्रेषित किया है। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि इस वाद में अनुसंधानकर्ता पुलिस अवर निरीक्षक कुमकुम कुमारी को वाद में लापरवाही को देखते हुए बोर्ड द्वारा 09 अप्रैल को शॉकोज करते हुए 15 अप्रैल को स्पष्टीकरण के साथ सदेह उपस्थित का आदेश दिया गया था किन्तु 25 अप्रैल तक कोई स्पष्टीकरण न आने पर बोर्ड ने आदेश के अवमानना तथा कर्तव्य में लापरवाही मानते हुए ऐसा पहली बार आदेश किशोर के हित में जारी किया है जिसकी प्रतिलिपि उपमहानिरीक्षक गया, महानिरीक्षक गया एवं पुलिस महानिदेशक पटना को भेजी गई है। साथ ही कहा गया है कि त्वरित कार्रवाई करते हुए बोर्ड को सूचना सुनिश्चित करें। अधिवक्ता ने आगे बताया कि इस वाद के पीड़ित का मेडिकल जांच नहीं हुई थी। बीएनएस की धारा 183 के अंतर्गत बयान नहीं हुआ था। नामजद किशोर को समय-सीमा से अधिक थाना अपने संरक्षण में रखा, किशोरों को निरुद्ध रखने की सूचना संबधित प्रोबेशन अधिकारी को नहीं दी गई थी। इसी को लेकर बोर्ड द्वारा खेदजनक बताते हुए पूर्व में शोकॉज किया गया था। अधिवक्ता ने बताया कि आज से व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद, किशोर न्याय बोर्ड औरंगाबाद, जिला विधिक सेवा प्राधिकार औरंगाबाद एवं अनुमंडलीय न्यायालय दाउदनगर के न्यायिक कार्य समय सुबह 7 बजे से दोपहर 12:30 तक चलेगा।

# नाराज जदयू कार्यकर्ताओं ने बैठक कर जताया विरोध

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** ओबरा प्रखंड मुख्यालय स्थित हनुमान गढ़ी मंदिर परिसर में रविवार को जनता दल यू के उपेक्षित कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। अध्यक्षता पूर्व महासचिव जितेंद्र शर्मा व संचालन राजू सिंह ने किया। कार्यकर्ताओं ने 20 सूत्री सदस्यों के चुनाव में की गयी मनमानी के प्रति विरोध जताया। उपेक्षित कार्यकर्ताओं ने दावा किया कि उनका ख्याल नहीं रखा गया। सम्मान नहीं दिया गया। इस वजह से वे सभी पार्टी से इस्तीफा दे रहे हैं। उपेक्षित कार्यकर्ताओं ने भ्रष्टाचार के विरोध में धरना देने का भी निर्णय लिया। डॉ रामेश्वर कुशवाहा ने बताया कि यह इस्तीफा फैक्स के माध्यम से पटना पार्टी कार्यालय में भेजा गया है। उन्होंने बताया कि जदयू के जिलाध्यक्ष द्वारा कार्यकर्ताओं का फोन भी नहीं उठाया जा रहा है। इस वजह से जगतपति स्मारक से पैदल मार्च करते हुए प्रखंड मुख्यालय पहुंचे और आक्रोश जताया। साथ ही पहलगाम में हुए आतंकी हमले की निंदा की। इधर, जदयू के प्रखंड अध्यक्ष विनोद सिंह ने बताया कि प्रदेश के दिशा-निर्देश के अनुसार प्रखंड 20 सूत्री के सदस्यों का चुनाव हुआ है। मौके पर पूर्व प्रखंड प्रवक्ता डॉ रामेश्वर प्रसाद कुशवाहा, अशोक पांडेय, प्रखंड उपाध्यक्ष जितेंद्र कुमार सिंह, अजय कुमार गुप्ता, सुरीठ सिंह, जितेंद्र शर्मा, राजू सिंह, विंदा यादव, वीरेंद्र मेहता, संजय मेहता, संतोष गुप्ता, लोहा सिंह, सत्येंद्र नारायण, मो नसीम सिंह, सुशील पांडेय, विकास मल्होत्रा, योगेंद्र सिंह, ब्रजकिशोर प्रजापति आदि उपस्थित रहे।

## पांच बाराती झुलसे

**मदनपुर(औरंगाबाद)/ नबिटा संवाददाता।** शादी समारोह से लौट रहे पांच बाराती रेडीवाटर के गर्म पानी की चपेट में आने से झुलस गये। इस घटना में झुलसकर घायल हुए मदनपुर थाना क्षेत्र के झिकटिया गांव निवासी चिंता देवी, देवराज सिंह, कासमा थाना क्षेत्र के पांडेय कर्मा निवासी रंजीत कुमार सिंह, पलामू जिले के हरिहरगंज निवासी रानी कुमारी आदि का इलाज मदनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया गया। घटना रविवार की सुबह की है। सभी को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मदनपुर पहुंचाया गया जहां चिकित्सक डॉ कुमार जय ने सभी लोगों का इलाज किया। हालांकि, झुलसे लोगों को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है। बारातियों के अनुसार चालक की लापरवाही से यह घटना हुई है।

# पानी की तलाश में जंगल से भटक गांव पहुंचा हिरण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले के कुटुंबा प्रखंड अंतर्गत सांड़ा गांव में रविवार को एक हिरण पानी की तलाश में जंगल से भटक कर गांव पहुंच गया। ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग की टीम को दी। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम वहां पहुंची और ग्रामीणों ने हिरण सौंप दिया। ग्रामीणों ने जब देखा तो कुत्तों को भगाया और हिरण को पकड़ लिया। कुत्तों के हमले से हिरण बुरी तरह से जख्मी हो गया था। ग्रामीण गुड्डू कुमार ने बताया कि हमारे गांव से थोड़े ही दूरी पर जंगल है जहां से भटक कर हिरण गांव में आ गया। हिरण को कुत्तों से बचाकर सुरक्षित रखा गया और जानकारी डायल-112 की टीम को दी गई। डायल 112 की टीम उक्त गांव में पहुंची और हिरण को अपने कब्जे में ले लिया। थोड़ी ही देर में ग्रामीणों की सूचना पर वन विभाग की टीम गांव पहुंची और हिरण को पड़कर अपने साथ ले गई। महाराजगंज वन प्रमंडल के आरएफओ अविनाश कुमार ने बताया कि हिरण को कुत्तों ने काट कर पूरी तरह से जख्मी कर दिया था। पशु चिकित्सक से इलाज करवाया जा रहा है। इलाज के बाद उसे सुरक्षित जंगल में छोड़ा जाएगा। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों ने हिरण के पैर बांध दिए थे जिससे वह काफी डरा हुआ था। स्थानीय लोगों की मानों तो वन विभाग के अधिकारियों को चाहिए कि गांव में जहां-तहां चेक डैम बना कर पानी की व्यवस्था किया जाए, ताकि जीव जंतु जंगल में ही अपनी प्यास बुझा सके।

## ऑटो की टक्कर से युवक घायल

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** शहर के रमेश चौक पर शनिवार की रात एक ऑटो ने युवक को टक्कर मार दिया जिसमें वह घायल हो गया। इसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवक का सदर अस्पताल में इलाज कराया गया। युवक की पहचान शहर के न्यू एरिया निवासी सुरेंद्र सिंह के रूप में हुई है। बताया जाता है कि सुरेंद्र एक बस से उतरकर ऑटो पकड़ने जा रहा था तभी अनियंत्रित ऑटो ने उसे टक्कर मार दिया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

## संक्षिप्त समाचार

### ऑटो पलटने से तीन घायल

**मदनपुर(औरंगाबाद)/नबिटा संवाददाता।** मदनपुर थाना क्षेत्र के प्राणपुर एवं निमीडीह के बीच रविवार को एक ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गई जिसमें तीन सवार घायल हो गए। सभी घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मदनपुर में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार ऑटो सदोसराय के तरफ से मदनपुर की ओर जा रही थी, तभी उस जगह अनियंत्रित होकर पलट गई। घायलों में मुफस्सिल थाना क्षेत्र के मंजूराही निवासी सिकंदर भुइयां, सलैया थाना क्षेत्र के सावां बिगहा निवासी मुकेश कुमार राम एवं शिवा बिगहा निवासी गोविन्द भुइयां शामिल हैं। सलैया थानाध्यक्ष कन्हैया शर्मा ने बताया कि ऑटो पलटने से तीन लोग जख्मी हो गए, जिन्हें इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों द्वारा इलाज किया गया।

### बहुजन समाज पार्टी की बैठक

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** बहुजन समाज पार्टी की बैठक शहर के जननायक कर्पूरी ठाकुर स्मारक सभागार में आयोजित की गई। इस बैठक में नवनियुक्त जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र राम का कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। साथ ही कहा कि अब बीरेंद्र राम के नेतृत्व में पार्टी को मजबूती मिलेगी। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिहार प्रदेश प्रभारी ई. सुरेश कुमार जोन मौजूद रहे। ई. सुरेश कुमार ने बताया कि पार्टी की ओर से आगामी 09 मई को बाबा साहब डॉ अम्बेडकर की जयंती बापू सभागार पटना में मनाया जा रहा है। इसमें जिले से सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता पटना पहुंचे। वहीं 12 मई को नबीनगर में विधानसभा स्तरीय संगठन की समीक्षा बैठक बारून प्रखंड कार्यालय के सामने गौतम बुद्ध नगर भवन में रखा गया है। इस दौरान प्रदेश नेतृत्व के तरफ से प्रेमचंद रामजी को जिला प्रभारी बनाया गया है। बैठक में राजकुमार बौद्ध, हृदयानंद भारती, आनंद कुमार आनंदी, खुर्शीद आलम, विजय राम, मंटू पासवान, लखनदेव पासवान, रूपलाल पासवान, अंबिका पासवान, हिजबुल रहमान, शिवनंदन राम, अरविन्द राम, मदन राम लालदेव रामख प्रमोद राम आदि मौजूद रहे।

बिहार सरकार
लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग
हर घर नल का जल
नियमित जलापूर्ति की अवधि




अक्टूबर से मार्च महीने में
* प्रातः 6:00 बजे से 9:00 बजे तक,
* दोपहर में 1:00 बजे से 2:00 बजे तक
* सायंकाल 4:00 बजे से 6:00 बजे तक

अप्रैल से सितम्बर महीने में
* प्रातः 5:00 बजे से 8:00 बजे तक,
* दोपहर में 1:00 बजे से 2:00 बजे तक तथा
* सायंकाल 4:00 बजे से 6:00 बजे तक

PR No.- 002011 (PHED)D. 2025-26
निर्धारित अवधि में जलापूर्ति नहीं होने पर अपने पंप ऑपरेटर से संपर्क करें / पंप हाउस पर रखे शिकायत पंजी में अपनी शिकायत दर्ज करें
टॉल फ्री नम्बर: 18001231121 | 155367 | 18003451121 (6 am to 8 pm)
लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार सरकार द्वारा जनहित में जारी।